



दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 4 अंक: 121 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) सोमवार 09 फरवरी 2026 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


## भारत की दोस्त फिर सत्ता में

टोक्यो/नई दिल्ली. जापान के संसदीय चुनाव में प्रधानमंत्री सनाए तकाची की लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी ने एक बार



फिर अपनी ताकत का लोहा मनवाते हुए ऐतिहासिक जीत दर्ज की है. जिस पार्टी और नेतृत्व को लेकर कुछ समय पहले तक कयास लगाए जा रहे थे कि वे भ्रष्टाचार के आरोपों और स्कैंडल्स के कारण हार सकते हैं, उन्होंने जबरदस्त वापसी की है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस लैंडमार्क विक्ट्री पर सनाए तकाची को बधाई दी है. तकाची की जीत भारत के लिए कई मायनों में खास है. भारत के लिए इसे शिंजो आबे युग का विस्तार बताया जा रहा है क्योंकि कई सारे प्रोजेक्ट पर उन्होंने खुद इंट्रेस्ट दिखाया है. इससे भारत जापान स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप को नए पंख लगेंगे.

सनाए तकाची की जीत पर पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, चुनाव में आपकी इस ऐतिहासिक जीत पर बहुत-बहुत बधाई! हमारी 'विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी' वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है. मुझे विश्वास है कि आपके नेतृत्व में हम भारत-जापान मित्रता को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे. भारत की मित्र कही जा रहीं तकाची की यह वापसी भारत-जापान स्पेशल स्ट्रैटजिक एंड ग्लोबल पार्टनरशिप के लिए एक नए स्वर्ण युग की शुरूआत मानी जा रही है.

# भारत-मलेशिया रिश्तों को नई ऊंचाई, सफल यात्रा के बाद स्वदेश लौटे प्रधानमंत्री मोदी

समाज जागरण

कुआलालंपुर/ नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मलेशिया की दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पूरी कर रविवार को स्वदेश रवाना हो गए। विदेश मंत्रालय ने इस यात्रा को ऐतिहासिक और अत्यंत सफल बताते हुए कहा कि इसके दूरगामी और ठोस परिणाम सामने आए हैं, जिससे भारतझ्रमलेशिया द्विपक्षीय संबंधों को नई मजबूती मिली है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्रा गर्मजोशी, आपसी विश्वास और गहरे स-ांस्कृतिक संबंधों की प्रतीक रही। यात्रा के दौरान राजनीतिक, आर्थिक और रणनीतिक सहयोग को नया आयाम मिला है।

प्रधानमंत्री मोदी ने भारत-मलेशिया सीईओ फोरम में दोनों देशों के उद्योग जगत से संवाद करते हुए व्यापार और निवेश के नए



अवसरों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह मंच दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं को और करीब लाने में अहम भूमिका निभाएगा। प्रधानमंत्री ने मलेशिया में भारतीय मूल के मंत्रियों और सांसदों से भी मुलाकात की और सार्वजनिक जीवन में उनकी उपलब्धियों की सराहना की।

कुआलालंपुर में प्रधानमंत्री मोदी ने आजाद हिंद फौज (आईएनए) के वयोवृद्ध जयराज राजा राव से भेंट कर नेताजी सुभाष चंद्र बोस और आईएनए के ऐतिहासिक योगदान को नमन किया। उन्होंने कहा कि आईएनए का साहस और बलिदान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी और मलेशियाई प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के बीच सेरी पेरडाना में अहम द्विपक्षीय वार्ता हुई। दोनों नेताओं ने इंफ्रास्ट्रक्चर, ऊर्जा, आईटी, बायोटेक्नोलॉजी, रक्षा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और सेमीकंडक्टर जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई। इसके साथ ही सोशल सिक्योरिटी एग्रीमेंट, पर्यटन के लिए मुफ्त ई-वीजा और मलेशिया में यूपीआई सुविधा जैसे फैसलों से लोगों के बीच आपसी संबंधों को मजबूत करने पर भी सहमति बनी।

प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्रा भारत की 'एक्ट ईस्ट नीति' को नई गति देने और दक्षिण-पूर्व एशिया में भारत की भूमिका को और सशक्त करने वाली मानी जा रही है। (इनपुटझ्रआईएएनएस)

## भारत-अमेरिका ट्रेड डील से किसानों को कोई नुकसान नहीं : शिवराज सिंह चौहान

समाज जागरण

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को स्पष्ट किया कि भारत-अमेरिका के बीच हुए व्यापार समझौते का ढांचा भारतीय किसानों के हितों को किसी भी तरह से नुकसान नहीं पहुंचाएगा। उन्होंने कहा कि इस समझौते में अमेरिका ने कई भारतीय कृषि उत्पादों पर शुल्क घटाकर शून्य कर दिया है, जबकि भारत ने अपने किसानों और कृषि क्षेत्र की पूरी सुरक्षा सुनिश्चित की है।

भोपाल में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौते में भारतीय किसानों के हित पूरी तरह सुरक्षित हैं। उन्होंने साफ कहा कि इस डील के तहत किसी भी प्रमुख फसल, फल, डेयरी उत्पाद या मसाले को अमेरिकी आयात के लिए नहीं खोला गया है। यानी भारत के संवेदनशील कृषि क्षेत्रों पर कोई समझौता नहीं किया गया है।

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि इस समझौते के तहत अमेरिका में भारतीय उत्पादों पर औसतन टैरिफ घटकर 18 प्रतिशत रह गया है। वहीं अमेरिका का दावा है कि इस समझौते से उसे भारत में अपने कृषि उत्पादों के निर्यात में मदद मिलेगी, लेकिन शिवराज सिंह चौहान ने दो टूक कहा कि भारत ने अमेरिकी कृषि उत्पादों को कोई विशेष रियायत नहीं दी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान का हवाला देते हुए उन्होंने कहा, "प्रधानमंत्री ने कहा था कि वह देश को झुकने नहीं देंगे और किसानों के हितों को नुकसान नहीं होने देंगे। इस व्यापार समझौते में इन दोनों बातों का पूरा ध्यान रखा गया है। अगर हम कृषि और कृषि उत्पादों को देखें तो ऐसा कोई भी उत्पाद शामिल नहीं किया गया है जिससे भारतीय किसानों को नुकसान हो।"

शिवराज सिंह चौहान ने विस्तार से उन उत्पादों का जिक्र किया, जिन पर किसी तरह की टैरिफ छूट नहीं दी गई है। उन्होंने बताया



कि सोयाबीन, मक्का, चावल, गेहूं, चीनी, अनाज, पोल्ट्री, डेयरी उत्पाद, केला, स्ट्रॉबेरी, चेरी, खट्टे फल, हरी मटर, काबुली चना, मूंग, तिलहन, एथनॉल और तंबाकू जैसे उत्पादों पर कोई रियायत नहीं दी गई है। इसके अलावा दूध, पाउडर, क्रीम, दही, छाछ, मक्खन, घी, बटर ऑयल, पनीर और चीज जैसे किसी भी डेयरी उत्पाद का आयात भारत में नहीं होगा। उन्होंने कहा कि भारतीय मसाले भी पूरी तरह सुरक्षित हैं।

कृषि मंत्री ने बताया कि कई भारतीय कृषि उत्पाद अब अमेरिका में शून्य शुल्क पर निर्यात किए जा रहे हैं, जबकि अमेरिकी कृषि उत्पादों को भारतीय बाजार में ऐसी कोई छूट नहीं दी गई है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने कई कृषि उत्पादों पर टैरिफ 50 प्रतिशत से घटाकर शून्य कर दिया है, जिससे भारत के निर्यात को बड़ा बढ़ावा मिला है।

उन्होंने यह भी बताया कि भारत के मसाला निर्यात में 88 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है और भारतीय मसाले व मसाला उत्पाद दुनिया के करीब 200 देशों में निर्यात किए जा रहे हैं। इससे किसानों को सीधा लाभ मिल रहा है। टेक्सटाइल सेक्टर का ज़िक्र करते हुए उन्होंने कहा कि भारत का टैरिफ प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में काफी कम, यानी 18 प्रतिशत है। इस समझौते से महिला स्वयं सहायता समूहों की आय और जीवन स्तर में भी सुधार होगा।

शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में अब तक अमेरिका सहित कुल नौ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) किए जा चुके हैं और कई अन्य देशों के साथ बातचीत जारी है। उन्होंने कहा कि ये सभी समझौते 2047 तक 'विकसित भारत' और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में मील का पत्थर साबित होंगे।

उन्होंने यह भी बताया कि अंतरिम समझौते के सफल होने पर अमेरिका कई वस्तुओं पर लगाए गए पारस्परिक टैरिफ हटा देगा। इनमें जेनेरिक दवाएं, रत्न और हीरे तथा विमान के पुर्जे जैसे उत्पाद शामिल हैं। इससे भारत के उद्योग और निर्यात को और मजबूती मिलेगी।

## भारत-सेशेल्स संबंधों को नई गति: *राष्ट्रपति पैट्रिक हर्मिनी दिल्ली पहुंचे, शीर्ष नेतृत्व से होगी अहम वार्ता*

समाज जागरण

नई दिल्ली। भारत-सेशेल्स द्विपक्षीय संबंधों को नई मजबूती देने के उद्देश्य से सेशेल्स के राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक हर्मिनी रविवार को दिल्ली पहुंचे। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इससे पहले राष्ट्रपति हर्मिनी मुंबई और चेन्नई में आयोजित महत्वपूर्ण व्यावसायिक कार्यक्रमों में हिस्सा ले चुके हैं।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रपति हर्मिनी ने चेन्नई और मुंबई में शासन, उद्योग, तटीय प्रबंधन और स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े प्रमुख हितधारकों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि सेशेल्स भारत का एक अहम समुद्री पड़ोसी है और 'विजन महासागर' तथा ग्लोबल साउथ के प्रति भारत की प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण साझेदार है।

एमईए के अनुसार, राष्ट्रपति हर्मिनी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर 5 से 10 फरवरी तक भारत की पांच दिवसीय राजकीय यात्रा पर हैं। दिल्ली प्रवास के दौरान उनकी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से शिष्टाचार भेंट होगी, वहीं प्रधानमंत्री मोदी के साथ द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर व्यापक चर्चा प्रस्तावित है।

मुंबई में राष्ट्रपति हर्मिनी ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की। बातचीत में पोर्ट-आधारित विकास, तटीय प्रबंधन और महाराष्ट्र-सेशेल्स के बीच सहयोग बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। मुख्यमंत्री फडणवीस ने इस वर्ष सेशेल्स की स्वतंत्रता के 50 वर्ष और भारत-सेशेल्स राजनयिक संबंधों के 50 वर्ष पूरे होने पर शुभकामनाएं दीं।

## भारत को रिटर्न गिफ्ट देगा रूस ! मॉस्को में होंगे हजारों भारतीय, जमकर करेंगे कमाई



अमेरिका की लाख कोशिशों के बावजूद भारत-रूस की दोस्ती में कोई कमी नहीं आई है. जहां एक तरफ भारत को रूस से सस्ता तेल मिल रहा है, वहीं अब रूस भारत को एक बड़ा 'रिटर्न गिफ्ट' देने की तैयारी में है. मनी कंट्रोल की रिपोर्ट के मुताबिक, दशकों के सबसे भीषण लेबर संकट से जूझ रहा रूस अब मध्य एशिया के देशों के बजाय भारत की ओर देख रहा है. मॉस्को की सड़कों पर बर्फ हटाने से लेकर बड़े निर्माण प्रोजेक्ट्स, रेस्टोरेंट्स और वेल्डिंग केंद्रों तक अब भारतीयों का दबदबा बढ़ने वाला है. दिसंबर में राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा के दौरान हुए समझौतों ने हजारों भारतीयों के लिए रूस में मोटी कमाई के रास्ते खोल दिए हैं.

## मोसाद का एजेंट या रूस का जासूस ? कौन था जेफरी एपस्टीन, जिसने बना रखा था समंदर के बीच 'जिंदा जहन्नुम'

समाज जागरण

अमेरिका का कुख्यात सेक्स ऑफेंडर जेफरी एपस्टीन एक बार फिर से चचाओं में है. उसे लेकर एक और विवाद खड़ा हो गया है. इसी बीच एक एफबीआई दस्तावेज में दावा किया गया है कि वो इजरायल की खुफिया एजेंसी मोसाद का एजेंट था, हालांकि इसका कोई सपोर्टिंग दस्तावेज नहीं था. दस्तावेज कहता है कि पूर्व इजरायल के पीएम एहुद बराक ने उन्हें ट्रेंड किया था, हालांकि इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया.

इस डॉक्यूमेंट को एफबीआई की एक गोपनीय सूत्र रिपोर्ट का हिस्सा बताया जा रहा है. इसमें सूत्र ने हार्वर्ड लॉ प्रोफेसर एलन डर्शोविट्ज और एपस्टीन के बीच फोन कॉल्स की बातें नोट कीं और कहा कि इन बातचीत की जानकारी इजरायल की खुफिया एजेंसी मोसाद तक पहुंचाई जाती थी. इसी के आधार पर ये धारणा बनी कि वो मोसाद का एजेंट हो सकता है, हालांकि ये सिर्फ एक ही सोर्स की बात है, अब तक इसकी कोई स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है. इजरायल की ओर से भी इनकार ही किया गया है.

**कौन था जेफरी एप्सटीन?**

शुरूआत में वह एक साधारण शिक्षक था, लेकिन जल्द ही उसने



न्यूयॉर्क के हाई-प्रोफाइल लोगों से दोस्ती गांठनी शुरू की. यहीं उसकी मुलाकात मशहूर अरबपति लेस्ली वेक्सनर से हुई, जो विक्टोरिया सीक्रेट के मालिक थे. वेक्सनर ने एपस्टीन पर इतना भरोसा किया कि उसे अपनी अरबों डॉलर की संपत्ति संभालने की ताकत दे दी. यहीं से एपस्टीन को पैसा, रुतबा और पहचान मिली. इसके बाद एपस्टीन ने खुद को एक फाइनेंशियल जीनियस के रूप में पेश किया, जबकि उसके बिजनेस मॉडल को लेकर कभी साफ जानकारी नहीं रही. असल ताकत उसकी कनेक्टिविटी थी-राजनेता, अरबपति, उद्योगपति, रॉयल फैमिली के सदस्य, सब उसके संपर्क में थे.

### मंत्री नरेंद्र कश्यप ने स्पेशल ओलंपिक विजेता दिव्यांग खिलाड़ी वासु तिवारी को किया सम्मानित

08 फरवरी 2026 लखनऊ। लखनऊ, स्पेशल ओलंपिक में



अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश और प्रदेश का नाम रोशन करने वाले 32 वर्षीय खिलाड़ी वासु तिवारी को रविवार को पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने अपने लखनऊ स्थित आवास पर मेडल पहनाकर सम्मानित किया। मंत्री कश्यप ने वासु की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया और भविष्य में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

## नोएडा सेक्टर-99 में भव्य हिंदू सम्मेलन संपन्न, राष्ट्रप्रेम और सांस्कृतिक चेतना का संदेश

समाज जागरण नोएडा, 08 फरवरी 2026। सेक्टर-99 स्थित सामुदायिक केंद्र में रविवार को हिंदू सम्मेलन का भव्य, सुव्यवस्थित एवं गरिमामय आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। सम्मेलन का उद्देश्य समाज में सांस्कृतिक चेतना का विस्तार, राष्ट्रप्रेम की भावना को सुदृढ़ करना तथा हिंदू जीवन मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ हवन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इसके पश्चात भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर सम्मेलन की औपचारिक शुरूआत हुई। मंच संचालन श्रीमती विभा मिश्रा एवं अंतर्राष्ट्रीय कथक नृत्यांगना श्रीमती रंजना नेब द्वारा किया गया। श्रीमती रंजना के नृत्य निर्देशन में उनकी टीम द्वारा प्रस्तुत "नृत्यमयी रामायण" की प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केंद्र रही।

सम्मेलन के मुख्य वक्ता श्री सतेंद्र जी ने "संघ के 100 वर्ष की यात्रा" विषय पर विचा-रोत्तेजक उद्बोधन देते हुए संगठन की सामाजिक, सांस्कृतिक एवं राष्ट्रनिर्माण में निभाई गई भूमिका को विस्तार से प्रस्तुत किया।

मुख्य अतिथि महंत श्री अर्जुन गिरी जी महा-राज ने "हिंदुत्व की विशेषताएँ, वर्तमान चुनौतियाँ एवं समाधान" विषय पर संबोधित करते हुए कहा कि हिंदुत्व केवल एक विचारधारा नहीं, बल्कि मानवता, सेवा और समरसता पर आधारित जीवन पद्धति है। उन्होंने भगवान श्रीराम की भक्ति का उल्लेख करते हुए कहा कि माता-पिता की भक्ति



सर्वोच्च धर्म है और समाज को एकजुट रहने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में डॉ. शुचि गुप्ता ने ह्लपंच परिवर्तनह्व विषय पर अपने विचार रखते हुए सामाजिक सुधार, पारिवारिक मूल्यों एवं राष्ट्रहित में सकारात्मक बदलाव की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने हिंदुत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाने और रक्क्ष पर विशेष ध्यान देने की बात कही।

सम्मेलन के दौरान बनवासी रक्षा परिवार फाउंडेशन की समाजसेविका श्रीमती विभा मिश्रा द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ— "भारत माता गीत", "जागो हिंदू जागो" एवं "क्योंकि हम हिंदू हैं"—ने श्रोताओं में ऊर्जा का संचार किया। सानवी दास द्वारा प्रस्तुत भरतनाट्यम नृत्य तथा श्रीमती रंजना की टीम की "नृत्यमयी रामायण" प्रस्तुति ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया।

हास्य एवं काव्य रस की सशक्त प्रस्तुतियाँ वरिष्ठ गीतकार के.डी. बिंदास, कवयित्री पूनम महेश्वरी एवं ओज कवि सतीश दीक्षित ने दीं, जिन्हें खूब सराहा गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री के.एस. शर्मा ने की। अपने अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सांस्कृतिक चेतना, सामाजिक एकता और सकारात्मक सोच को मजबूत करते हैं।

समापन अवसर पर हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति की ओर से श्री के.एस. शर्मा एवं घाघरा बस्ती प्रमुख श्री पार्थ सिंह चौहान ने सभी अतिथियों, वक्ताओं, कलाकारों एवं उपस्थित नागरिकों का आभार व्यक्त किया।

सम्मेलन को सफल बनाने में कार्यवाह श्री सचिन जी, सचिव श्री भगतराम, श्री अविनाश चौहान, अशोक मिश्रा एवं श्री जितेंद्र सिंह राजपूत की सक्रिय भूमिका की विशेष सराहना की गई।

अंत में अतिथियों को सम्मानित किया गया तथा सहभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। सम्मेलन में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी, समाजसेवी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे और आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

# भारत के लिए निर्गुट आर्थिक सामरिक केंद्र होने की क्षमता

स्वतंत्रता के बाद भारत के परंपरागत रूप से रुस से बड़े ही प्रगाढ़ संबंध रहे हैं, जो कालांतर में लगातार सामरिक एवं आर्थिक संबंधों के चलते मजबूत होते गए हैं। वर्तमान में भारत का सबसे विश्वसनीय साथी और ट्रेड पार्टनर रूस और रूस के राष्ट्रपति पुतिन ही है। करोना काल से लेकर अब तक भारत ने रूस के साथ अरबो रुपए के व्यापार तथा सामरिक समझौते किए हैं, 2014 के बाद जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सत्ता में आए हैं तब से भारत के विश्व के अनेक देशों से संबंध अत्यंत शक्तिशाली हुए और सामयिक व्यापारिक रिश्ते भी बने हैं। ताजा ताजा स्थिति में अमेरिका ने जो भारत पर अनावश्यक भारी टैरिफ लगाया था उसके विरोध में भारत ने चौतरफा कूटनीति नीति अपनाकर अमेरिका को मजबूर कर दिया है कि वह बराबरी का व्यापारिक रिश्ता बनाकर रखें अन्यथा अमेरिका भारत को खो सकता है। इसी श्रृंखला में भारत ने यूरोपीय यूनियन के साथ जो बड़ा मदर ऑफ ऑल डील्स किया है वह मील का पत्थर साबित हुआ, इसके बाद ही डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के साथ समतुल्य टैरिफ पर व्यापारिक समझौते पर हस्ताक्षर किए है। भारत और अमेरिका का यह बराबरी का संबंध आने वाले वर्षों में अत्यंत महत्वपूर्ण व्यापारिक समझौता माना जाएगा। यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि पिछले एक दशक में भारत ने अपनी अंतरराष्ट्रीय इमेज को बहुत ही बहुआयामी निर्मित कर लिया है। भारत क्योंकि खनिज संपदा, हाइडल प्रोजेक्ट और वित्तीय संस्थानों के कारण एक मजबूत राष्ट्र बन कर उभरा है। भारत एशिया की आर्थिक तथा सामरिक शक्ति बन चुका है। इसके अलावा भारत एक शक्तिशाली युवा देश भी है जिसके श्रमबल की गुणवत्ता के सुधार की बड़ी संभावना है ।भारतीय बैंकों में बचत की दर काफी ऊंची है और इसके अलावा मध्यमवर्गीय बचत से भारत में समृद्धि और विकास की अपार संभावनाएं मौजूद है। विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा जो कि इन दिनों तीसरी जी-20 वित्त मंत्रियों तथा केंद्रीय बैंक के गवर्नर ओं की बैठक में भाग लेने के लिए गांधीनगर गुजरात आए हुए हैं उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा है कि भारत में क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को मजबूत करने क्षेत्रीय समृद्धि को बढ़ावा देने और विकास के कार्यों को आगे बढ़ाने में सराहनीय कार्य किए हैं ।अजय बंगा ने कहा कि विश्व बैंक भारत के आर्थिक रूप से वृद्धि को लेकर वे काफी आशावादी हैं और भारत को इन प्रयासों में तेजी लानी होगी। उन्होंने कहा कि भारत करोना महामारी के समय पैदा हुई चुनौतियों से मजबूत बनकर उभरा है और भारत वैश्विक स्तर पर कायम आर्थिक सुस्ती के बीच बहुत अच्छे कार्य कर रहा है जिसे उसे आगे रखने में काफी मदद मिलेगी। भारतीय अर्थव्यवस्था वैश्विक स्तर पर काफी सुस्ती होने के बावजूद अपने घरेलू उत्पाद की वजह से सुरक्षित है। भारत को चीन प्लस 1 रणनीति का फायदा उठाना चाहिए 3 प्लस 1 रणनीति का मतलब है कि अब दुनिया के विकसित देशों की कंपनियां अपने निर्माण केंद्र के तौर पर चीन के साथ किसी अन्य देश को भी जोड़ना चाहती है और वर्तमान समय में भारत देश ही एक संभावित विकल्प बनकर उभरा है भारत को इस रणनीति का अवसर 10 वर्षों तक नहीं खुला रहेगा यह अवसर केवल 3 से 5 वर्ष तक ही खुला रह सकता है जिसका भारत को पूरा फायदा उठाना चाहिए।

प्रसिद्ध अर्थशास्त्री मार्टिन वुल्फ ने तो स्पष्ट रूप से कहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था निश्चित रूप से दुनिया में तेजी से बढ़ती हुई एक ताकत बनकर उभर रहा है और यही संभावनाएं पश्चिमी देशों को भारत पर दांव लगाने के लिए आकर्षित कर रही है उन्होंने कहा कि भारत की बढ़ती जनसंख्या और उसकी बचत करने क्षमता को देखते हुए भारत आगामी एक या दो दशक में विश्व की तीसरी आर्थिक शक्ति बन सकता है ।अर्थशास्त्री तथा टिप्पणी कार मार्टिन वुल्फ ने कहा की आगामी दशकों में भारत की अर्थव्यवस्था और आबादी दोनों तेजी से बढ़ेगी और इसी के दम पर भारत चीन को बराबरी की टक्कर दे सकेगा इसके अलावा भारत के पश्चिमी देशों जैसे अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया ,फ्रांस ,कनाडा, इंग्लैंड, इजराइल और खाड़ी के देशों से आर्थिक संबंध काफी मजबूत हैं। पश्चिमी देश आने वाले समय में भारत को चीन की टक्कर देने वाला देश मान रहे हैं और अपना निवेश तथा समर्थन देने की पूरी संभावना तलाश रहे हैं। भारत पश्चिमी देशों के लिए आर्थिक निवेश के लिए एक प्रमुख गंतव्य की तरह दिखाई दे रहा है जो भारत के लिए और उसके भविष्य के लिए बड़ा सकारात्मक पक्ष होगा। इंटरनेशनल मॉनिटरी फंड, विश्व बैंक और तमाम अर्थशास्त्रियों का मानना है कि भारत देश के बैंकों का बहीखाता बेहतर हो गया है और बैंकों की जमा पूंजी भी अच्छी खासी है इसके अलावा सकल वृद्धि भी एक बार फिर से बेहतर आकार ले रही है। भारत के रणनीति कूटनीतिक तथा आर्थिक व्यवसायिक संबंध विश्व के प्रमुख देशों से बहुत ही मुकम्मल हो गए हैं जिससे भारत को पश्चिमी देशों के इन्वेस्टमेंट का बड़ा केंद्र माना जा रहा है यदि पश्चिमी देश चीन के अलावा भारत को एक इन्वेस्टमेंट का बड़ा विकल्प मानती है तो भारत को विश्व की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने से कोई नहीं रोक सकता है।



**संजीव ठाकुर, वरिष्ठ पत्रकार, स्तंभकार, चिंतक, लेखक,**

# फूल के प्रति

डाल पर के मुरझाए फूल!
हृदय में मत कर वृथा गुमान।
नहीं है सुमन कुंज में अभी
इसी से है तेरा सम्मान।

मधुप जो करते अनुनय विनय
बने तेरे चरणों के दास।
नई कलियों को खिलती देख
नहीं आवेंगे तेरे पास।

सहेगा कैसे वह अपमान?
उठेगी वृथा हृदय में शूल।
भुलावा है, मत करना गर्व
डाल पर के मुरझाए फूल।

# घूसखोर पंडत - चलचित्र, समाज और संवेदनशीलता का द्वंद्व

हाल ही में अभिनेता मनोज बाजपेयी की आने वाली चलचित्र कृति “घूसखोर पंडत” को लेकर देश में व्यापक विवाद खड़ा हो गया है। यह विवाद उस समय प्रारम्भ हुआ जब चार फरवरी दो हजार छब्बीस को इस चलचित्र की प्रारम्भिक झलक जारी की गई। इस झलक में मनोज बाजपेयी एक भ्रष्ट पुलिस अधिकारी अजय दीक्षित की भूमिका में दिखाई दिए, जिसे “पंडत” के नाम से भी पुकारा जाता है। चलचित्र के नाम में प्रयुक्त “घूसखोर पंडत” शब्द ने कुछ ब्राह्मण संगठनों और धार्मिक समूहों को आहत किया, जिसके बाद यह विषय केवल मनोरंजन जगत तक सीमित नहीं रहा बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक चर्चा का प्रमुख केंद्र बन गया। विरोध करने वालों का आरोप है कि इस नाम के माध्यम से ब्राह्मण समाज को भ्रष्टाचार से जोड़ने का प्रयास किया गया है, जिससे सामाजिक सौहार्द प्रभावित हो सकता है।

विवाद ने उस समय गंभीर रूप धारण कर लिया जब लखनऊ के हजरतगंज थाने में इस विषय में प्राथमिकी दर्ज की गई। यह प्राथमिकी भारतीय दंड संहिता की धारा एक सौ तिरपन क के अंतर्गत दर्ज की गई, जिसमें विभिन्न समुदायों के बीच वैमनस्य फैलाने का आरोप लगाया गया है। इसके बाद उत्तर प्रदेश के कई क्षेत्रों सहित अन्य राज्यों में भी विरोध प्रदर्शन प्रारम्भ हो गए। धार्मिक संतों और सामाजिक संगठनों ने इसे सांस्कृतिक अपमान बताते हुए चलचित्र पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की। कई राजनीतिक दलों ने भी इस मुद्दे को उठाया और इसे जातीय भावनाओं से जुड़ा विषय बताया। संसद में भी इस विषय पर चर्चा हुई, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि यह विवाद केवल एक चलचित्र तक सीमित नहीं रह गया बल्कि व्यापक सामाजिक विमर्श का विषय बन गया है।

इस विवाद का केंद्र चलचित्र का शीर्षक रहा है। “पंडत” या “पंडित” शब्द हिंदू धार्मिक परंपरा में विद्वान और कर्मकांडी पुजारियों के लिए सम्मानसूचक माना जाता है। कई लोग इसे ब्राह्मण समुदाय की पहचान से भी जोड़ते हैं। ऐसे में इस शब्द को “घूसखोर” जैसे नकारात्मक शब्द के साथ जोड़ना अनेक लोगों को अनुचित लगा। विरोध करने वालों का कहना है कि चलचित्रों में कई बार विशेष समुदायों को रूढ़ छवियों के माध्यम से प्रस्तुत किया जाता है, जिससे समाज में पूर्वाग्रह बढ़ते हैं। उनका तर्क है कि रचनाकारों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार है, लेकिन साथ ही उन्हें सामाजिक जिम्मेदारी का भी ध्यान रखना चाहिए। कुछ लोगों ने पूर्व में हुए धार्मिक विवादों का उदाहरण देते हुए कहा कि मनोरंजन जगत को संवेदनशील विषयों पर सावधानी बरतनी चाहिए।

दूसरी ओर चलचित्र के निमार्ता नीरज पांडे ने स्पष्ट किया कि यह कथा पूर्णतः काल्पनिक है और इसका उद्देश्य किसी समुदाय को लक्ष्य बनाना नहीं है। उनका कहना है कि “पंडत” शब्द का प्रयोग केवल एक पात्र के उपनाम के रूप में किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि चलचित्र एक भ्रष्ट अधिकारी के आत्मबोध और परिवर्तन की कहानी प्रस्तुत करता है। उनके अनुसार किसी वर्ग या धर्म को अपमानित करना उनकी मंशा नहीं रही है। मनोज बाजपेयी ने भी सामाजिक माध्यमों के जरिए लोगों की भावनाओं का सम्मान करने की बात कही और यह स्पष्ट किया कि यह कहानी केवल एक व्यक्ति की यात्रा को दशार्ती है। विवाद बढ़ते देख निमार्ताओं ने चलचित्र से जुड़े प्रचार कार्य अस्थायी रूप से रोक दिए और प्रचार सामग्री को सार्वजनिक मंचों से हटा लिया।

विवाद ने कानूनी स्वरूप भी ग्रहण कर लिया है। दिल्ली उच्च न्यायालय में भी एक याचिका दायर की गई है, जिसमें चलचित्र के प्रदर्शन पर रोक लगाने की मांग की गई है। इसके अतिरिक्त चलचित्र निमार्ता संघ के एक घटक संगठन ने भी निमार्ताओं और प्रदर्शन मंच को सूचना पत्र भेजा है। उनका दावा है कि “घूसखोर पंडत” शीर्षक का विधिवत पंजीकरण नहीं कराया गया। संगठन के नियमों के अनुसार किसी भी चलचित्र का शीर्षक उपयोग करने से पहले अनुमोदन प्राप्त करना आवश्यक होता है। इस आधार पर संगठन ने चेतावनी दी है कि बिना अनुमति शीर्षक का उपयोग करने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है। इस विवाद ने मनोरंजन उद्योग में शीर्षक चयन और पंजीकरण प्रक्रिया को लेकर भी नई चर्चा प्रारम्भ कर दी है।

यह विवाद मनोरंजन मंचों की बढ़ती लोकप्रियता और उनके सामाजिक प्रभाव को भी उजागर करता है। पारंपरिक चलचित्रों के विपरीत इन मंचों पर प्रस्तुत सामग्री पर पूर्व सेंसर व्यवस्था लागू नहीं होती, जिससे रचनाकारों को अधिक स्वतंत्रता प्राप्त होती है। लेकिन इसी स्वतंत्रता के साथ सामाजिक दबाव भी बढ़ गया है। कई बार दर्शकों और सामाजिक समूहों की प्रतिक्रिया के कारण निमार्ताओं को अपने निर्णय बदलने पड़ते हैं। इस प्रकरण ने यह प्रश्न भी उठाया है कि क्या कला को पूर्ण स्वतंत्रता मिलनी चाहिए या उसे सामाजिक संवेदनशीलताओं का पालन करना आवश्यक है। कुछ लोगों का मानना है कि यदि रचनात्मक स्वतंत्रता पर अत्यधिक नियंत्रण लगाया गया तो कला का विकास बाधित होगा, जबकि अन्य लोग कहते हैं कि समाज की विविधता और भावनाओं का सम्मान करना भी उतना ही आवश्यक है।

राजनीतिक दृष्टि से भी यह विवाद महत्वपूर्ण बन गया है। विभिन्न दलों ने अपने-अपने दृष्टिकोण से प्रतिक्रिया दी है। कुछ नेताओं ने इसे जातीय अपमान बताया, जबकि अन्य ने इसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का मामला बताया। इस विवाद ने यह भी दिखाया कि मनोरंजन जगत और राजनीति के बीच संबंध किस प्रकार सामाजिक मुद्दों को प्रभावित करते हैं। जब कोई चलचित्र या कलाकृति व्यापक चर्चा का विषय बनती है, तब वह केवल मनोरंजन नहीं रहती बल्कि सामाजिक और राजनीतिक विमर्श का माध्यम भी बन जाती है।

सामाजिक माध्यमों पर भी इस विषय को लेकर तीखी बहस देखने को मिली। कुछ लोग चलचित्र का विरोध कर रहे हैं और प्रतिबंध की मांग कर रहे हैं, जबकि अन्य लोग इसे रचनात्मक स्वतंत्रता पर हमला बता रहे हैं। इस प्रकार की बहसें यह दशार्ती हैं कि आधुनिक समाज में मनोरंजन सामग्री केवल मनोरंजन का साधन नहीं रह गई है बल्कि वह सामाजिक पहचान और सांस्कृतिक सम्मान से भी जुड़ गई है। दर्शकों की प्रतिक्रिया अब तत्काल और व्यापक होती है, जिससे निमार्ताओं पर त्वरित निर्णय लेने का दबाव बनता है।

वर्तमान स्थिति में चलचित्र का प्रदर्शन अनिश्चित बना हुआ है। यदि निमार्ता शीर्षक बदलते हैं तो संभव है कि विवाद कुछ हद तक शांत हो जाए, लेकिन कानूनी प्रक्रिया और सामाजिक प्रतिक्रियाओं के कारण स्थिति स्पष्ट होने में समय लग सकता है। यदि न्यायालय हस्तक्षेप करता है तो यह मामला भविष्य के लिए एक उदाहरण बन सकता है, जिससे यह तय होगा कि रचनात्मक स्वतंत्रता और सामाजिक संवेदनशीलता के बीच संतुलन किस प्रकार स्थापित किया जाए। कई विशेषज्ञों का मानना है कि इस प्रकार के विवाद मनोरंजन उद्योग को यह संदेश देते हैं कि विषय और शीर्षक का चयन करते समय सांस्कृतिक विविधता और सामाजिक भावनाओं का गहराई से अध्ययन आवश्यक है।

यह विवाद भारतीय मनोरंजन जगत के बदलते स्वरूप को भी दशार्ता है। दर्शकों की जागरूकता बढ़ रही है और वे किसी भी सामग्री को केवल मनोरंजन के रूप में स्वीकार नहीं करते बल्कि उसमें निहित सामाजिक संदेशों का भी मूल्यांकन करते हैं। रचनाकारों के सामने चुनौती यह है कि वे रोचक और प्रभावशाली कथाएँ प्रस्तुत करें, साथ ही सामाजिक संवेदनशीलताओं का भी सम्मान बनाए रखें। यह संतुलन ही भविष्य में मनोरंजन जगत की दिशा तय करेगा। “घूसखोर पंडत” विवाद ने यह स्पष्ट कर दिया है कि आधुनिक समय में कला, समाज और राजनीति एक दूसरे से गहराई से जुड़े हुए हैं और किसी भी रचनात्मक कार्य का प्रभाव केवल पर्दे तक सीमित नहीं रहता, बल्कि वह समाज की सोच और संवाद को भी प्रभावित करता है।



**महेन्द्र तिवारी**

# व्यापार समझौते के बाद भारत-अमेरिका रिश्तों में नई गर्माहट

भारत और अमेरिका के बीच संबंधों को सुधारने के उद्देश्य से एक अंतरिम व्यापार समझौते की रूपरेखा तैयार की गई है भारत और अमेरिका द्वारा जारी किया गया संयुक्त बयान जिसमें एक अंतरिम व्यापार समझौते की रूपरेखा पेश की गई है, वह दोनों देशों के बीच संबंधों में महत्त्वपूर्ण नरमी का संकेत हो सकता है। हालांकि अभी यह तय नहीं है कि इसे कितनी तेजी से लागू किया जाएगा, लेकिन उम्मीद है कि उन निर्यातकों को कुछ राहत मिलेगी जो अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप द्वारा कुछ महीने पहले लागू किए गए 50 फीसदी के शुल्क से प्रभावित हो रहे थे।



भारत-अमेरिका व्यापार समझौता

रूस से तेल खरीदने के कारण भारत पर लगाए गए 25 फीसदी के अतिरिक्त शुल्क के बारे में बयान में स्पष्ट जिक्र नहीं किया गया है लेकिन माना यही जा रहा है कि इसे समाप्त कर दिया जाएगा। ट्रंप ने अपनी एक पोस्ट में दावा किया था कि भारत ने “रूस से तेल खरीदना बंद करने तथा अमेरिका और संभावित तौर पर वेनेजुएला से अधिक तेल खरीदने पर सहमति जताई है।”

शेष 25 फीसदी शुल्क को अब घटाकर 18 फीसदी कर दिया जाएगा। यह दर एशिया की कई अन्य अर्थव्यवस्थाओं के साथ प्रतिस्पर्धी है। इसके अलावा भारत ने यह सुनिश्चित किया है कृषि उत्पादों का एक खास हिस्सा सुरक्षित रहे। अमेरिका की कुछ कृषि जिंस मसलन फल, सोयाबीन तेल, नट्स आदि को भारतीय बाजारों में भेजने की इजाजत होगी। परंतु अहम घरेलू उत्पाद जिनमें चावल, गेहूं, पोल्ट्री और डेरी आदि शामिल हैं, वे सुरक्षित रहेंगे।

अहम औद्योगिक वस्तुओं पर लगने वाले शुल्कों में भारी कमी की जा रही है हालांकि यह देखना होगा कि किन चीजों पर शून्य शुल्क लगेगा और दूसरी वस्तुओं के लिए क्या रास्ता होगा। चाहे जो भी हो, यह भारतीय उपभोक्ताओं के लिए एक जीत है क्योंकि हाल ही में कई महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों को यूरोपीय संघ और अमेरिका दोनों से व्यापार के लिए मुक्त कर दिया गया है। भारत ने अमेरिका से 500 अरब डॉलर मूल्य के सामान खरीदने का वादा भी किया है। बोइंग से विमान खरीदने की बड़ी प्रतिबद्धताएं इसका एक उचित हिस्सा होंगी।

यदि जीवाश्म ईंधनों की बढ़ी हुई खरीद वास्तव में होती है, तो वह भी मददगार होगी। ऑस्ट्रेलिया से कोकिंग कोयले के आयात की जगह लंबे समय से विविध स्रोतों से हासिल करने की कोशिश रही है, और अमेरिका एक संभावित विकल्प है। यदि हाल ही में केंद्रीय बजट में घोषित कर राहत से कुछ हद तक प्रोत्साहित होकर डेटा केंद्रों में बड़े निवेश साकार होते हैं तो ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट्स (जीपीयू) की खेपें, जो ऐसी स्थापनाओं की रीढ़ हैं, इस 500 अरब डॉलर की प्रतिबद्धता का एक बड़ा हिस्सा बन सकती हैं।

पिछले कुछ सप्ताह भारत के लिए एक बड़े बदलाव का संकेत लेकर आए हैं। भारत 2014 से ही नए व्यापार समझौते को लेकर संकोच करता रहा है। पहले के मुक्त व्यापार समझौते राजनीतिक नाराजगी का शिकार हो गए क्योंकि भारत में कुछ लोगों का मानना था कि निर्यातकों को उनसे पर्याप्त लाभ नहीं मिला। यह सुनिश्चित करने के लिए कि इस बार स्थिति अलग हो, सरकार को आंतरिक सुधारों की गति तेज करनी होगी। इसका कुछ हिस्सा संयुक्त बयान के नियामक समन्वय वाले खंड में निहित है। लेकिन इससे अतिरिक्त कुछ करने की आवश्यकता होगी। विशेषकर बुनियादी कारक बाजार सुधारों के क्षेत्र में कुछ करने की आवश्यकता होगी।

सरकार को इस मानसिकता से भी बाहर निकलना होगा कि केवल बाजार तक पहुंच ही निर्यात वृद्धि का कारण बनेगी। यह अत्यंत आवश्यक है कि नए तंत्र बनाए जाएं जो छोटे और मध्यम उद्यमों को नई संभावनाओं को सही ढंग से समझने और उनका लाभ उठाने में सक्षम बनाएं, साथ ही इन निर्यात बाजारों में अपरिचित नियमों को भी समझने में मदद करें। लॉजिस्टिक्स लागत को कम करना होगा और बिजली क्षेत्र में सुधारों को गहराई तक ले जाना होगा।

सबसे महत्त्वपूर्ण बात यह है कि आधुनिक आपूर्ति श्रृंखलाएं केवल एक दिशा में काम नहीं करतीं। एशिया के अन्य हिस्सों से कच्चे माल को सस्ते और भरोसेमंद तरीके से उपलब्ध कराना होगा ताकि पश्चिम के लिए निर्यात बढ़ सके। व्यापक और प्रगतिशील प्रशांत पार समझौते जैसे व्यापार समझौतों में प्रवेश पर नए सिरे से विचार करना होगा।

# विश्व विवाह दिवस

विश्व विवाह दिवस प्रत्येक वर्ष फरवरी माह के दूसरे रविवार को मनाया जाता है। यह दिवस विवाह संस्कार के संक्षिप्त संस्करण के रूप में मनाया जाता है। विवाह दो महिला-पुरुष के कानूनी, सामाजिक और धार्मिक रूप से एक साथ रहने को मान्यता प्रदान करता है। विवाह मानव-समाज की अत्यंत महत्वपूर्ण प्रथा एवं समाजशास्त्रीय संस्था है। यह समाज का निर्माण करने वाली सबसे छोटी इकाई, परिवार का मूल है। देश और दुनिया में विवाह का प्रचलन सर्वत्र विभिन्न शक्लों में देखने को मिलता है, इसकी परम्परा अति प्राचीन है, हमारी जीवन शैली का अभिन्न अंग है। यही कारण है कि सम्पूर्ण विश्व में फरवरी के दूसरे रविवार को 'विश्व विवाह दिवस' के रूप में मनाया जाता है और पति-पत्नी के आपसी संबंधों को नयी ताजगी एवं सुदृढ़ता देने का प्रयास किया जाता है।



**संस्कार और संस्कृति का संवाहक**

पति-पत्नी के रिश्तों में रस भरा रहे, इसके लिये फरवरी माह के दूसरे रविवार को विश्व विवाह दिवस मनाया जाता है और उसमें प्यार, प्रणय एवं सौहार्द भरने का प्राणवान संकल्प लिया जाता है। पति-पत्नी की जिन्दगी जब सारी खुशियां स्वयं में समेटकर प्रस्तुति का बहाना मांगती है, तब विवाह दिवस जैसा अवसर उपस्थित होता है। यह दिवस संस्कार और संस्कृति का संवाहक है। वैवाहिक रिश्तों का संबोध पर्व है। मानवीय मन का व्याख्या-सूत्र है। बाहरी और भीतरी चेतना का संवाद है। यह दिवस दिशा और दर्शन लेने का अवसर है। संकल्प से भाग्य और पुरुषार्थ का रचने का अवसर है। विवाह परिवाररूपी संस्था का आधार है। प्राचीन एवं मध्य काल के धर्मशास्त्री तथा वर्तमान युग के समाजशास्त्री, समाज द्वारा अनुमोदित, परिवार की स्थापना करने वाली किसी भी पद्धति को विवाह मानते हैं।

**'विवाह' शब्द का प्रयोग मुख्य रूप से दो अर्थो में होता है-**

पहला अर्थ वह क्रिया, संस्कार, विधि या पद्धति है, जिससे पति-पत्नी के स्थायी-संबंध का निर्माण होता है। रघुनंदन के मतानुसार उस विधि को विवाह कहते हैं, जिससे कोई स्त्री किसी की पत्नी बनती है। वैस्टरमार्क ने इसे एक या अधिक पुरुषों का एक या अधिक स्त्रियों के साथ ऐसा संबंध बताया है, जो इस संबंध को करने वाले दोनों पक्षों को तथा उनकी संतान को कुछ अधिकार एवं कर्तव्य प्रदान करता है। मनुस्मृति के अनुसार विवाह एक निश्चित पद्धति से किया जाने वाला, अनेक विधियों से संपन्न होने वाला तथा कन्या को पत्नी बनाने वाला संस्कार है। विवाह का दूसरा अर्थ समाज में प्रचलित एवं स्वीकृत विधियों द्वारा स्थापित किया जाने वाला दांपत्य संबंध और पारिवारिक जीवन भी होता है। इस संबंध से पति-पत्नी को अनेक प्रकार के अधिकार और कर्तव्य प्राप्त होते हैं। इससे जहाँ एक ओर समाज पति-पत्नी को कामसुख के उपभोग का अधिकार देता है, वहाँ दूसरी ओर पति को पत्नी तथा संतान के पालन एवं भरण-पोषण के लिए बाध्य करता है। भारत की संस्कृति में विवाह को 'पाणिग्रहण' की संज्ञा दी गई है।

**विवाह संस्कार की मानसिकता**

विवाह संस्कार के पीछे मानसिकता यह थी कि जिसका हाथ एक बार पकड़ लिया, उसका साथ आजीवन नहीं छोड़ना। दुनिया के लिये भारत का विवाह आदर्श इसलिये माना गया है, क्योंकि यहां विवाह प्रकाश का दूसरा नाम है। समस्याओं से मुक्ति एवं अंधेरों में उजालों के लिये विवाह के बंधन में बंधकर जीवन को रोशन किया जाता है। यही विवाह की सार्थक यात्रा का सारांश है। हमारे यहां दाम्पत्य का सुख मिलकर भोगा जाता है तो उसमें आने वाली परेशानियों को भी मिलकर ही निपटाया जाता है। साथी से प्यार करते हैं, तो उसके काम से भी प्यार किया जाता है। मानव-समाज में विवाह की संस्था के प्रादुर्भाव के बारे में अनेक तरह की बातें प्रचलित हैं। मानव समाज की आदिम अवस्था में विवाह का कोई बंधन नहीं था, सब नर-नारियों को यथेच्छित कामसुख का अधिकार था। महाभारत में पांडु ने अपनी पत्नी कुंती को नियोग के लिए प्रेरित करते हुए कहा था कि पुराने जमाने में विवाह की कोई प्रथा न थी, स्त्री पुरुषों को यौन संबंध करने की पूरी स्वतंत्रता थी। कहा जाता है, भारत में श्वेतकेतु ने सर्वप्रथम विवाह की मयार्दा स्थापित की। चीन, मिस्र और यूनान के प्राचीन साहित्य में भी कुछ ऐसे उल्लेख मिलते हैं।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# राष्ट्रीय गणित दिवस पर पंचशील बालक इंटर कॉलेज में जिला स्तरीय गणित मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन

**समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर, 08 फरवरी 2026। राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर सेक्टर-91 स्थित पंचशील बालक इंटर कॉलेज, नोएडा में जिला स्तरीय गणित मॉडल प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मुख्य विकास अधिकारी डॉ. शिवाकांत द्विवेदी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार सिंह के निर्देशन तथा जिला विज्ञान क्लब की जिला समन्वयक अर्चना शिरोमणि के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

विद्यालय की ओर से कार्यक्रम समन्वयक कविता सक्सेना ने बताया कि प्रदर्शनी में नोएडा के चार विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और गणित की विभिन्न अवधारणाओं पर आधारित आकर्षक एवं उपयोगी मॉडल प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अंतर्राष्ट्रीय जूडो खिलाड़ी एवं पूर्व भारतीय जूडो टीम के कोच रविंद्र दहिया तथा विशिष्ट अतिथि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जूडो एवं एथलेटिक्स में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले मनीष मान सहित अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं फीता काटकर किया गया। इसके पश्चात अतिथियों एवं




निर्णायक मंडल ने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत गणितीय मॉडलों का अवलोकन किया।

निर्णायक समिति में जी.एन.आई.ओ.टी. के प्रोफेसर डॉ. अरुण कुमार सिंह एवं गणित शिक्षिका वंदना कौशिक शामिल रहीं।

विद्यार्थियों ने अपने मॉडलों के माध्यम से दैनिक जीवन में गणित के व्यावहारिक उपयोग को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। इस अवसर पर "गणित क्यों आवश्यक है" विषय पर विद्यार्थियों के साथ संवाद भी किया गया, जिससे उनमें तार्किक सोच एवं गणित के प्रति रुचि और अधिक विकसित हुई।

कार्यक्रम के अंत में परिणाम घोषित किए गए। मंथन स्कूल की छात्रा दिव्या सिंह द्वारा प्रस्तुत मैथ क्वेस्ट मॉडल को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। द्वितीय स्थान पंचशील बालक इंटर कॉलेज के छात्र अर्णव गुप्ता को मिला, जिन्होंने गणित के इतिहास पर आधारित रचनात्मक मॉडल प्रस्तुत किया। तृतीय स्थान जे.पी. स्कूल के छात्र विशाल सिंह को मिला, जिनका मॉडल कोणों के प्रकार एवं समानांतर रेखाओं पर आधारित था। वहीं डायमंड पब्लिक स्कूल के छात्र हिमांशु एवं आदित्य को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया।

विजेता विद्यार्थियों को ट्रॉफी, नकद पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए तथा सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर रमेश कुमार (वर्ल्ड एसोसिएशन ऑफ स्मॉल एंड मीडियम इंटरप्राइजेज झ हअरटए) एवं मनीषा श्रीवास्तव (ए.आर.पी., शिक्षा विभाग) की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों ने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की शैक्षणिक गतिविधियाँ नवाचार, विश्लेषण क्षमता एवं आत्मविश्वास को बढ़ावा देती हैं और गणित के क्षेत्र में नई संभावनाओं के द्वार खोलती हैं।

विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. नीरज टंडन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के सफल संचालन में शिक्षिकाएं नीलम रानी, सोनी सिंह, ऋचा एवं शकीला की सक्रिय एवं सराहनीय भूमिका रही। सौजन्यः

# नोएडाः बीटा-2 थाना क्षेत्र में धर्म परिवर्तन कराने के आरोप में दो गिरफ्तार

नोएडा, गौतमबुद्ध नगरः आज दिनांक 08.02.2026 को थाना बीटा-2 क्षेत्रांतर्गत ऐच्छर क्षेत्र में



धर्म परिवर्तन कराए जाने संबंधी सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस ने मौके पर त्वरित कार्रवाई करते हुए जांच की।

जांच में पता चला कि टैक्सी चालक सुरेश, उसकी पत्नी, साली और ऐच्छर निवासी चंद्रकरण कुछ महिलाओं को एकत्र कर उन्हें ईसाई धर्म के बारे में जानकारी दे रहे थे।

थाना बीटा-2 पुलिस ने मामले में अभियोग पंजीकृत किया और आरोपितों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपितों में शामिल हैंः

सुरेश पुत्र शंकर लाल, निवासी बांसवाड़ा, राजस्थान, वर्तमान पताः C-28, सिग्मा-2, गौतमबुद्धनगर

चंद्रकरण पुत्र गजेसिंह प्रजापति, निवासी ऐच्छर, गौतमबुद्धनगर

दोनों आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है और अग्रिम विधिक कार्यवाही जारी है।

पुलिस ने जनता से अपील की है कि इस तरह की गतिविधियों की सूचना तुरंत स्थानीय थाने या पुलिस कंट्रोल रूम को दें।

# आम बजट 2026-27 विकसित भारत के संकल्प को करेगा सशक्तः डॉ. महेश शर्मा

**समाज जागरण**

नोएडा, गौतमबुद्ध नगरः नोएडाः भाजपा नोएडा महानगर द्वारा आज सेक्टर-52 स्थित बारात घर में आम बजट 2026-27 को लेकर बजट चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री और गौतमबुद्ध नगर सांसद डॉ. महेश शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नोएडा महानगर जिला अध्यक्ष महेश चौहान ने की।

बजट चौपाल को संबोधित करते हुए डॉ. महेश शर्मा ने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत आम बजट 2026-27 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत-2047 के विजन को साकार करने वाला है। उन्होंने बताया कि यह बजट युवाओं, महिलाओं, किसानों, गरीबों, मध्यम वर्ग और उद्यमियों की आकांक्षाओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

डॉ. शर्मा ने कहा कि बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर, एमएसएमई, स्टार्ट-अप, सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग, डेटा सेंटर, पर्यटन, आयुष, मेडिकल टूरिज्म और खेल



क्षेत्र को विशेष प्राथमिकता दी गई है। इससे उत्तर प्रदेश और विशेष रूप से नोएडा क्षेत्र में निवेश और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

भाजपा नोएडा महानगर जिला अध्यक्ष महेश चौहान ने कहा कि यह बजट देश और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने वाला है। डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में नोएडा और गौतमबुद्ध नगर क्षेत्र औद्योगिक विकास, तकनीकी नवाचार और स्टार्ट-अप हब के रूप में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने यह भी कहा कि बजट चौपाल जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन को बजट की योजनाओं और उनके प्रत्यक्ष लाभों की जानकारी दी जा रही है, जिससे जनता सरकार की नीतियों से सीधे जुड़ सके।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कार्यकताओं और स्थानीय नागरिकों ने बजट पर अपने विचार साझा किए और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के प्रति भरोसा व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन विकसित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने के आह्वान के साथ किया गया।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल, राकेश शर्मा, विनोद त्यागी, चंदगीराम यादव, उमेश त्यागी, डिंपल आनंद, गणेश जाटव, महेश अवाना, विधानसभा संयोजक चमन अवाना, सह संयोजक अमरीश त्यागी सहित कई सामाजिक संगठनों के लोग उपस्थित रहे।

# सेक्टर-50 में भव्य हिंदू सम्मेलन संपन्न, एकता और संस्कृति संरक्षण का दिया गया संदेश

नोएडा। रविवार को सामुदायिक केंद्र, सेक्टर-50 में भव्य हिंदू सम्मेलन का सफल आयोजन किया गया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में बुद्धिजीवियों, समाजसेवियों एवं आम जनमानस की सहभागिता रही। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण, हवन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

सम्मेलन में वक्ताओं ने हिंदू धर्म, संस्कृति, सामाजिक एकता, परस्पर प्रेम और आपसी सहयोग पर अपने विचार रखे तथा युवाओं से धर्म, संस्कृति और राष्ट्र के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया।

हिंदू सम्मेलन के अध्यक्ष अजीत बाल्यान एवं अशोक नौरियल रहे, जबकि कार्यक्रम प्रमुख की भूमिका श्री धर्मेंद्र नंदा और श्री उदय टंडन ने निभाई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री कृपा शंकर जी (क्षेत्र प्रचारक प्रमुख, उत्तराखंड एवं उत्तर प्रदेश) रहे। मुख्य अतिथि के रूप में यति मां चेतनानंद सरस्वती जी (महंत, शिव शक्ति धाम डासना) तथा विशिष्ट वक्ता डॉ. प्रियंका जी (संगठन



प्रोफेसर, शंभू दयाल पीजी कॉलेज, गाजियाबाद) की गरिमामयी उपस्थिति रही।

मंच संचालन श्री करतार सिंह चौहान द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान भजन मंडली ने मधुर संगीत की प्रस्तुति दी, वहीं सेक्टर के बाल कलाकारों द्वारा राष्ट्रप्रेम से ओत-प्रोत गीतों की प्रस्तुति को उपस्थित जनसमूह ने खूब सराहा।

मुख्य वक्ता श्री कृपा शंकर जी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 100 वर्ष की यात्रा पर विस्तार से प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि यति मां चेतनानंद सरस्वती जी ने हिंदू समाज की समस्याओं और उनके समाधान पर संबोधित करते हुए जाति-भेद से ऊपर उठकर एकजुट होने और सनातन से जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने युवतियों को लव जिहाद के प्रति जागरूक रहने की भी अपील की।

डॉ. प्रियंका जी ने ह्लपांच परिवर्तनह्न– सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, स्व-आधारित जीवन एवं नागरिक कर्तव्यबोध–विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर श्री रोशन सिंह जी ने कल्याण मंत्र के साथ सभी अतिथियों, वक्ताओं एवं उपस्थित हिंदू समाज का आभार व्यक्त किया और संगठित होकर सकारात्मक सोच के साथ एक सशक्त राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की अपील की।

सम्मेलन के दौरान "शास्त्र एवं शस्त्र" विषय पर आधारित एक विशेष प्रदर्शनी भी लगाई गई। प्रवेश द्वार पर सभी अतिथियों का तिलक, पुष्पवर्षा एवं अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया गया। इस व्यवस्था में कुमारी हिताक्षी नंदा, कुमारी गीतांशी नंदा, डॉ. योगिनी पाठक, श्रीमती मधु चौधरी एवं श्रीमती रजनी जी ने प्रमुख भूमिका निभाई।

कार्यक्रम की सफल व्यवस्थाओं के लिए आयोजन समिति के सदस्यों– हरप्रीत कुंद्रा, अरुण जैन, राजेंद्र अवाना, बलदेव महाजन, नवीन राणा, बृजेंद्र गुप्ता, रविंद्र प्रधान, राम प्रकाश शर्मा, ए.एस. राणा, रेनू सिंह, अनु शर्मा, वेद प्रकाश अग्रवाल, मनीष नारायण, कुमार सावंत, श्याम नारायण शर्मा, प्रतीक चौधरी, के.आई. वर्मा, जे.पी. गुप्ता, गौरव गुप्ता, आर.ए. वार्ष्णेय, तानी कपूर, सुभाष जादू, वी.के. कपूर, सोमलता शर्मा, नीलम श्रीवास्तव, सुरभि सिंह, सत्येंद्र सिंह, संजय गुप्ता, अनिल भार्गव, रोहित लोहिया एवं राजेश झा सहित सभी सहयोगियों की सराहना की गई।

# आईएमएस नोएडा में तीन दिवसीय गोल्डन गोल कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

**समाज जागरण**

नोएडाः युवाओं में खेल भावना, फिटनेस और प्रतिस्पर्धात्मक कौशल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आईएमएस नोएडा में तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस गोल्डन गोल कप ओपन फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 10, 11 और 12 फरवरी 2026 को किया जाएगा। यह पुरुष वर्ग के लिए 7-ए-साइड प्रारूप में खेला जाएगा।

आईएमएस नोएडा की स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर रीना मैसी ने बताया कि इस टूनामेंट में स्कूल, कॉलेज,




स्पोर्ट्स एकेडमी, स्पोर्ट्स क्लब और कॉरपोरेट वर्ग की कुल 26 टीमें हिस्सा लेंगी। प्रतियोगिता के सभी मुकाबले प्रतिदिन सुबह 9 बजे से शुरू होंगे और सेक्टर-62 स्थित आईएमएस नोएडा परिसर में खेले जाएंगे।

तीन दिवसीय प्रतियोगिता के प्रथम दिन मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता (आर्थिक मामले) गोपाल कृष्ण अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।

आईएमएस नोएडा के वाइस प्रेसीडेंट चिराग गुप्ता ने कहा कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य खेल संस्कृति को बढ़ावा देना और युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली के प्रति प्रेरित करना है। यह मंच युवाओं को अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का अवसर प्रदान करेगा। साथ ही, यह टूनामेंट उभरती खेल प्रतिभाओं को अपनी क्षमता दिखाने का सशक्त माध्यम बनेगा।

# सम्राट मिहिर भोज समाज पार्टी ने जेवर विधानसभा में पंडित सोनू शर्मा के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया

**समाज जागरण**

गौतमबुद्ध नगरः सम्राट मिहिर भोज समाज पार्टी के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी हरेंद्र गुर्जर गुरु जी ने आज जेवर विधानसभा 63 प्रभारी पंडित सोनू शर्मा के चुनाव कार्यालय, गांव पीपलका में फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने जेवर विधानसभा क्षेत्र की जनता से पंडित सोनू शर्मा के साथ सहयोग और समर्थन की अपील की।

इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। इनमें शामिल थेः

मास्टर जगपाल सिंह भाटी, राष्ट्रीय सचिव




संजय नवादा, राष्ट्रीय अध्यक्ष, पर्यावरण संरक्षण समिति

चौधरी देवेंद्र भाटी, मंडल अध्यक्ष मेरठ

चंद्रपाल भाटी, सूबेदार उपाध्यक्ष मेरठ मंडल

चौधरी देवीराम भाटी, गढ़ी आजमपुर जिला अध्यक्ष गौतमबुद्ध नगर

साथ ही जिला उपाध्यक्षों में श्याम सुंदर नागर (बरसात), मनोज गुर्जर (मोमनाथल), जिला महासचिव एवं मीडिया प्रभारी बलराज भाटी (जोनीपुरा), जिला महासचिव धर्मेंद्र नागर, पंडित सोनू शर्मा हतेवा वाले, जिला महासचिव एवं प्रभारी जेवर विधानसभा 63, कपिल प्रधान (पीपलका) सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और क्षेत्र के प्रतिष्ठित लोग उपस्थित रहे। पार्टी नेतृत्व ने इस अवसर पर जनता से अपील की कि वे पंडित सोनू शर्मा को पूर्ण सहयोग और समर्थन दें, ताकि क्षेत्र के विकास और जनकल्याण के प्रयासों को मजबूत किया जा सके।

दैनिक समाज जागरण
नेशनल अखबार मे
विज्ञापन देने के लिए
संपर्क करें।

# नोएडाः सेक्टर 45 में विशाल हिंदू सम्मेलन आयोजित, "हिंदू जागेगा तो देश जगेगा" का संदेश

**समाज जागरण**

नोएडा, गौतमबुद्ध नगरः आज 8 फरवरी 2026 को सेक्टर 45, आरके पब्लिक स्कूल, सदरपुर-खजूर कॉलोनी में विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 800 से अधिक सनातनी हिंदू नागरिकों ने भाग लिया।

सम्मेलन के वक्ताओं में श्रीमती माही जी, श्री महेंद्र भूदेव जी, श्री नारायण जी और महानगर शारीरिक शिक्षा प्रमुख, आरएसएस के कार्यक्रम अध्यक्ष श्री सत्य प्रकाश जी शामिल रहे।

श्रीमती माही जी ने हिंदू धर्म की पद्धति और समाज में आवश्यक



बदलावों पर अपने विचार रखे। श्री महेंद्र भूदेव जी ने हिंदू धर्म में आने वाली कठिनाइयों, लव जिहाद और उससे निपटने के तरीकों पर चर्चा की। श्री नारायण जी ने पांच प्रमुख परिवर्तन और लोगों के कर्तव्यों के बारे में बताया और संघ के 100 साल के इतिहास पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष श्री सत्य प्रकाश जी ने युवाओं को हिंदू धर्म के प्रति जागरूक रहने, माथे पर तिलक लगाने और हनुमान चालीसा का पाठ करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिससे स्कूल प्रांगण "जय श्री राम" के नारों से गूंज उठा।

सम्मेलन का संदेश थाः "हिंदू जागेगा तो देश जगेगा", और इसका उद्देश्य समाज में धार्मिक जागरूकता, संस्कृति और अनुशासन को बढ़ावा देना है।

# नोएडाः संत शिरोमणि रविदास जयंती पर विश्व हिन्दू महासंघ ने आयोजित की सामाजिक समरसता संगोष्ठी

**समाज जागरण**

नोएडा, गौतमबुद्ध नगरः विश्व हिन्दू महासंघ, जिला गौतमबुद्ध नगर के तत्वावधान में संत शिरोमणि रविदास जयंती के पावन अवसर पर "सामाजिक समरसता" विषयक संगोष्ठी 07 फरवरी 2026 को सेक्टर-36, श्री राम मंदिर, नोएडा में सफलतापूर्वक आयोजित की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूज्य जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी सतीशाचार्य जी महाराज, माननीय भिखारी प्रजापति जी (प्रदेश अध्यक्ष) और डॉ. इंद्रदेव सिंह (वरिष्ठ उपाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश) रहे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता वरिष्ठ शरद प्रजापति (संभाग प्रभारी ब्रिज), भाजपा नोएडा महानगर के महेश चौहान (जिला अध्यक्ष), राजेंद्र शर्मा (मंडल प्रभारी), अमित त्यागी (भाजपा), चौधरी चरण सिंह (अध्यक्ष मंदिर समिति), एच. पी. सिंह परिहार (संयोजक प्रीत मंच) और योगेंद्र पांडे (मंदिर प्रकोष्ठ) सहित अनेक वरिष्ठ अतिथि उपस्थित रहे।

संगोष्ठी में अतिथियों ने संत रविदास जी के जीवन और उनके संदेश "मन



चंगा तो कठौती में गंगा" को सामाजिक समानता, भाईचारे और मानव गरिमा के मार्गदर्शक के रूप में प्रस्तुत किया। उन्होंने सामाजिक भेदभाव समाप्त कर समरस समाज के निर्माण के लिए संतों के विचारों को अपनाने पर बल दिया।

विश्व हिन्दू महासंघ, जिला गौतमबुद्ध नगर के जिलाध्यक्ष विपिन चौधरी ने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि संत रविदास जी ने श्रम की प्रतिष्ठा स्थापित कर समाज के प्रत्येक वर्ग को सम्मानपूर्वक जीवन जीने की प्रेरणा दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि जाति-पाति का भेदभाव समाप्त करना संगठन का प्रथम उद्देश्य है और सामाजिक समरसता केवल विचार नहीं, बल्कि समान व्यवहार और आपसी सहयोग से ही साकार होती है।

इस अवसर पर जिला पदाधिकारियों की नियुक्ति भी की गई। जिलाध्यक्ष प्रभारी चौधरी तेज सिंह, जिला संयोजक देवेंद्र सिरोहा, जिला संरक्षक जेपी शर्मा ने जिला सचिव पद पर अमित पोरवाल और रविंद्र सिंह कसाना को नियुक्त किया। संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का आह्वान किया गया।

कार्यक्रम का कुशल संचालन जिला उपाध्यक्ष नंदकिशोर सोलंकी, जिला महामंत्री सरजीत खारी, जिला अध्यक्ष मातृशक्ति नीलम राणा, जिला अध्यक्ष महानगर रवि भाटी, मातृशक्ति महानगर अध्यक्ष किरण त्यागी सहित अन्य पदाधिकारियों ने किया। मातृशक्ति द्वारा प्रस्तुत हनुमान चालीसा, सुरमधुर भजन एवं गीत कार्यक्रम में भक्तिमय वातावरण बनाने में योगदान दिए।

कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष संजय शुक्ला, आनंद सिंह रावत, केसुरम चौहान, अशोक राय, खेमचंद बैरागी, संगठन मंत्री अनिल तिवारी, एस. पी. यादव, जिला मंत्री नितिन गौड़, बलवंत सिंह शर्मा, सुधांशु तिवारी, राजीव रंजन द्विवेदी सहित कार्यालय प्रभारी अजीत सिंह, दादरी ब्लॉक अध्यक्ष राहुल शर्मा और तहसील/ब्लॉक स्तर के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

अंत में जिलाध्यक्ष विपिन चौधरी ने सभी पदाधिकारियों, सदस्यों और कार्यकताओं का आभार व्यक्त करते हुए ह्लसनातन धर्म की जयह्न और ह्लजय श्री रामह्न के उद्घोष के साथ कार्यक्रम का समापन किया।

# गाजियाबाद नगर निगम के सामने मनचले की पिटाई, महिला का पीछा करने पर भड़की पब्लिक

**समाज जागरण**

गाजियाबादः शहर में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस की कार्यप्रणाली पर फिर से सवाल खड़े हो गए हैं। कल शाम करीब 6 बजे नवयुवक मार्किट के सामने एक मनचले युवक को महिला की शिकायत पर आसपास की जनता ने घेरकर जमकर पीट दिया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आरोपी युवक लगातार पीड़ित महिला का पीछा कर रहा था और उसे अपमानजनक इशारे कर परेशान कर रहा था। जब महिला ने नगर निगम कार्यालय के सामने इसका विरोध किया और शोर मचाया, तो आसपास मौजूद लोगों ने आरोपी को पकड़ने की कोशिश की। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि खुद को घिरता देख आरोपी भागने लगा, लेकिन भीड़ ने उसका पीछा कर उसे पकड़ लिया और जमकर पिटाई की। पीड़िता की ओर से 112 पर पुलिस को कॉल की गई, लेकिन आरोप है कि चौकी के करीब होने के बावजूद 20 मिनट तक पुलिस मौके पर नहीं



पहुंची। इस दौरान भीड़ द्वारा आरोपी की पिटाई जारी रही। बाद में केवल एक पुलिस कांस्टेबल मौके पर पहुंचा और भीड़ से आरोपी को बचाने का प्रयास किया। करीब 30 मिनट तक चली घटना में आरोपी को जनता ने जमकर पीटा।

बाद में 112 की बाइक मौके पर आई और आरोपी को भीड़ से बचाकर सिहानी गेट चौकी ले जाया गया, जहां से उसे आगे घंटाघर थाना ले जाया गया।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि पुलिस समय पर पहुंचती, तो हालात इतने बिगड़ते नहीं। इस घटना ने पुलिस की सुस्त प्रतिक्रिया और महिलाओं की सुरक्षा पर उठ रहे सवालों को फिर से हवा दे दी है।

# उत्तर प्रदेश में 7500 गोशालाओं को बनाया जाएगा कैटल फूड सिक्योरिटी हब

**समाज जागरण**

लखनऊ, 08 फरवरी 2026ः प्रदेश की गोशालाओं को अब केवल गोवंश संरक्षण तक सीमित नहीं रखा जाएगा। योगी सरकार ने प्रदेश की 7500 गोशालाओं को कैटल फूड सिक्योरिटी हब के रूप में विकसित करने का बड़ा कदम उठाया है। इस पहल के तहत गोशालाओं और उनके आसपास के क्षेत्र को हरा चारा उत्पादन का सशक्त केंद्र बनाया जाएगा, जिससे गोवंश संरक्षण के साथ-साथ किसानों की आमदनी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

## संरक्षण से उत्पादन की ओर

उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने बताया कि "मिशन फॉडर" के तहत गोशालाओं को आत्मनिर्भर इकाइयों में बदलने का लक्ष्य है। हर गोशाला को 50 से 100 किसानों के नेटवर्क से जोड़ा जाएगा, जिससे चारा उत्पादन, विपणन और उचित मूल्य की व्यवस्थित श्रृंखला तैयार की जा सके। इससे किसान आत्मनिर्भर बनेंगे और गोशालाओं को सतत रूप से पौष्टिक हरा चारा उपलब्ध होगा।

## मोरिंगा और नेपियर घास से होगा सतत चारा उत्पादन

मिशन फॉडर के तहत गोशालाओं की उपलब्ध भूमि पर मोरिंगा (सहजन) और नेपियर घास बड़े पैमाने पर रोपित की जाएगी। इसके अलावा गन्ना घास, सुबबूल, ढैंचा और मौसमी चारे जैसे लोबिया, मक्का, ज्वार, बाजरा, बरसीम आदि का उत्पादन भी किया जाएगा। प्रदेश की जलवायु में लगभग 50 प्रकार के पशु चारे आसानी से उगाए जा सकते हैं। मोरिंगा पौधे 12-15 वर्षों तक और नेपियर घास 7-8 वर्षों तक लगातार हरा चारा उपलब्ध कराएंगे। मोरिंगा उच्च प्रोटीन और खनिज तत्वों से भरपूर है और गोशालाओं में प्राकृतिक छाया और जैविक फेंसिंग का भी काम करेगा। नेपियर घास अपनी उच्च उत्पादन क्षमता और नियमित कटिंग के कारण सतत चारा स्रोत के रूप में महत्वपूर्ण है।

## हर गोवंश को पर्याप्त पोषण

योजना के अनुसार गोशालाओं में संरक्षित प्रत्येक गोवंश को पर्याप्त हरा चारा प्रतिदिन उपलब्ध कराया जाएगा। हरा चारा पोषण की दृष्टि से सूखे चारे से अधिक लाभकारी है, जिससे गोवंश का स्वास्थ्य और दुग्ध उत्पादन बढ़ेगा। आत्मनिर्भर चारा उत्पादन से बाहरी निर्भरता कम होगी और गोशालाओं की संचालन लागत में भी कमी आएगी।

## हरित आवरण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती

श्याम बिहारी गुप्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में यह योजना गोवंश संरक्षण, पोषण सुरक्षा, प्राकृतिक खेती, पर्यावरण संतुलन और ग्रामीण-शहरी सहभागिता पर केंद्रित है।

# चंदौसी में एम्स निर्माण की मांग को लेकर हिन्दू पर्सनल लॉ बोर्ड की बैठक

**समाज जागरण**

चनदौसी/संभल। अखिल भारतीय हिन्दू पर्सनल लॉ बोर्ड की एक महत्वपूर्ण सभा घंटाघर स्थित सनातन धर्म पुस्तकालय में सम्पन्न हुई, जिसमें केंद्र एवं राज्य सरकार से चंदौसी में एम्स बनाए जाने की पुरजोर मांग की गई।




सभा को संबोधित करते हुए बोर्ड के जिलाध्यक्ष चौधरी विवेक कुमार ने कहा कि इस वर्ष के बजट में पश्चिमी उत्तर प्रदेश में एम्स बनाए जाने की घोषणा की गई है, और भौगोलिक दृष्टि से चंदौसी एम्स के लिए सबसे उपयुक्त स्थान है। उन्होंने कहा कि चंदौसी से गंगा एक्सप्रेस-वे गुजरता है और यहां रेलवे जंक्शन भी है, ऐसे में बदायूं, बरेली, मुरादाबाद, संभल, अलीगढ़, मेरठ, हाथरस सहित कई जिलों की जनता को बेहतर और सुलभ चिकित्सा सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा।

उन्होंने कहा कि राज्यमंत्री बहन गुलाब देवी द्वारा तहसील चंदौसी में एम्स निर्माण की मांग का हिन्दू पर्सनल लॉ बोर्ड तहेदिल से स्वागत करता है और इस मुहिम में बोर्ड पूरी मजबूती से उनके साथ है। राज्यमंत्री द्वारा एम्स के लिए चंदौसी का नाम प्रस्तावित किए जाने से क्षेत्र की जनता में उत्साह का माहौल है।

सभा में योगेन्द्र मोहन शास्त्री ने कहा कि यदि एम्स चंदौसी में बनता है तो यह चंदौसीवासियों के लिए गर्व की बात होगी और क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं में ऐतिहासिक सुधार आएगा। इससे गरीब और असहाय जनता को विशेष लाभ मिलेगा।

विनय अग्रवाल ने कहा कि चंदौसी में एम्स का निर्माण क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि होगी, जिससे आसपास की जनता को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिलेंगी।

अशोक कुमार गुप्ता ने कहा कि चंदौसी क्षेत्र की जनता को उम्मीद है कि सरकार जनभावनाओं का सम्मान करते हुए एम्स का निर्माण चंदौसी में करेगी, जिससे चिकित्सा के क्षेत्र में चंदौसी का नाम पूरे देश में गौरव के साथ लिया जाएगा।

सभा के अंत में बोर्ड के सभी सदस्यों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से चंदौसी में एम्स निर्माण कराए जाने की एक स्वर में मांग की।

सभा में ऐडवोकेट संजय गुप्ता, योगेन्द्र कुमार वार्ष्णेय, ऐडवोकेट मुकेश अग्रवाल, दिनेश चंद्र गुप्ता, योगेन्द्र कुमार शर्मा, कृष्ण गोपाल गुप्ता, आरिफ बेग, ब्रजेश चौहान, राजीव वार्ष्णेय, दिलीप कुमार, प्रदीप खत्री सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# शिक्षक विधायक ढिल्लों ने शिक्षा के महत्व पर जोर दिया पबांसा कॉलेज में शिक्षकों- छात्रों को बताया धन से बड़ी शिक्षा

**समाज जागरण**
**संवाददाता प्रवेश कुमार**

पवांसा /असमोली क्षेत्र के कस्बा पवांसा स्थित श्रीमती मनोरमा राघव आदर्श इंटर कॉलेज में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के शिक्षक विधायक हरि सिंह ढिल्लो,संभल भाजपा जिला अध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह ,जिला पंचायत सदस्य अवधेश प्रताप सिंह हैप्पी ने सरस्वती मां के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित और पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पबांसा ब्लाक क्षेत्र से आए अलग-अलग इंटर कॉलेज के प्रबंधकों ने वित्तविहीन शिक्षकों और उनके परिवार का सरकार द्वारा आयुष्मान कार्ड से पांच लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज की घोषणा भाजपा शिक्षक विधायक हरि सिंह ढिल्लों करने पर आभार व्यक्त किया।

पवांसा में श्रीमती मनोरमा राघव आदर्श इंटर कॉलेज और एसएमआर पब्लिक स्कूल में रविवार को वार्षिकोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया।जहां कार्यक्रम में सरस्वती वंदना के साथ शुरू किए गए कार्यक्रम में छात्राओं ने मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।देशभक्ति गीतों के साथ स्वागत गान,झांसी की रानी,नारी शक्ति, ऑपरेशन सिंदूर, बिजली बचाओ कार्यक्रम,,सोशल मीडिया से बच्चों में होने वाले दुष्प्र भाव से बचाव,कर चले हम फिदा जानो तन साथियों आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया।कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों को उपहार से देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में आए मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी शिक्षक विधायक हरि सिंह ढिल्लो ने सभी छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन करते हुए कड़ी मेहनत कर परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त कर स्कूल,शिक्षक और अपने माता-पिता का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।वहीं उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को मोबाइल और सोशल मीडिया इंस्टाग्राम दूर रहने की सलाह दी।कार्यक्रम में आए जादूगर शशांक दिवाकर ने तरह-तरह के मैजिक शो दिखाकर समा बांध दिया।इस दौरान कालेज प्रबंधक रामवीर सिंह राघव,रजत विक्रांत सिंह, देवांशु राघव,तरुष प्रताप सिंह,जय विक्रांत,डाक्टर नागेंद्र सिंह,डाक्टर संतोष यादव,अभय पाल राघव, संजीव यादव, जीतपाल यादव, सुभाष राघव,अमरपाल, रंजनेश यादव, सिंह,आकाश,संजय राघव, अखलाक हुसैन,सोनू चाहल, मुनाजिर हुसैन,भूरे खान, रणधीर सिंह,गंगाराम सैनी,राम बहादुर, सुलेराम सिंह,हिर्देश यादव एडवोकेट सत्य प्रकाश यादव, राहुल यादवआदि मौजूद रहे।



# उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन की एक सभा बावाद, पक्की

**समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद हरिद्वार रोड के व्यापारियों की मैशर्स विशाल फर्नीचर के प्रतिष्ठान पर हुई सभा में मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष श्री कपिल सर्राफ रहे श्री सर्राफ ने हाजी विशाल कुरैशी को हरिद्वार रोड शाखा का अध्यक्ष अबरार अहमद को महामंत्री नरेंद्र पोपली, उपाध्यक्ष मोहम्मद मुनव्वर, उपाध्यक्ष मोहम्मद वसीम, उपाध्यक्ष हैं, मोहम्मद सनम, वर, उपाध्यक्ष विवेक महेश्वरी, सचिव अनुज अग्रवाल, संगठन मंत्री मनोनीत किए विशिष्ट अतिथि



प्रदेश मंत्री श्रीमती बिंदु सर्राफ श्रीमती सुमन वर्मा प्रदेश संगठन मंत्री डॉ राजीव अरोड़ा, जिला उपाध्यक्ष मुकीम कुरैशी जिला महामंत्री रईस कुरैशी नगर अध्यक्ष शाहिदसिद्दीकी नगर अध्यक्ष युवा शेर अली शाखा अध्यक्ष मोनू टाटा पंकज वर्मा मोहम्मद रिजवान, मोहम्मद असलम सिताब खान अनिल गर्ग, विवेक महेश्वरी नरेंद्र पोपली फईम घोसी मोहम्मद आसिफ, जावेद कुरैशी अनुज अग्रवाल, सचिन अग्रवाल मेहताब पहलवान महबूब अहमद सहित सैकड़ों व्यापारी बड़ी संख्या में मौजूद थे प्रदेश मंत्री बिंदू सर्राफ एवं प्रदेश संगठन मंत्री डॉक्टर राजीव अरोड़ा ने अपने संबोधन में व्यापारी नेताओं द्वारा व्यापार मंडल के नाम पर चंदा वसूली को घोर अपराध बताया तथा कहा की उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन व्यापारियों का नंबर 1 संगठन बन गया है व्यापारी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन में जुड़कर अपने आपको सुरक्षित महसूस कर रहा है व्यापारी का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाता है।

श्री शाहिद सिद्दकी ने अपने संबोधन में कहा कि कोई भी व्यापारी नेता यदि पद देने के नाम पर या प्रमाणपत्र देने के नाम पर सदस्यता के नाम पर चंदा वसूली करता है, तो उसे आप डांटकर लताड़कर अपनी दुकान से उतार दें क्योंकि जो व्यापार नहीं कर रहा है वह अपने पेट भरने के चक्कर में व्यापारी नेता बन गया है

# केंद्रीय सरकार का बजट जनता के लिए बहुत लाभदायक-- जयवीर सिंह

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद! केबिनेट मंत्री पर्यटक एवं संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश सरकार . जयवीर सिंह ने केंद्रीय बजट 2026-27 को प्रमुखता के साथ अपनी प्रेस वार्ता में उत्तर प्रदेश के अंदर मुख्य बिंदु रखें।




विकसित भारत के संकल्प को गति देता बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026-27 उत्तर प्रदेश के विकास,रोजगार और आत्मनिर्भरता को नई ऊंचाइयां देने वाला बजट है । यह बजट राज्य को इन्फ्रास्ट्रक्चर,उद्योग,कृषि और युवाओं का ग्रोथ इंजन बनाने की दिशा में निर्णायक कदम है।

**केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा ऐतिहासिक उनके कार्यकाल का नौवां बजट 2026-27 की प्रमुख घोषणाएं की गई।**

* हाई स्पीड रेल और रेलवे विस्तारः देश में घोषित साथ हाई स्पीड रेल कॉरिडोर और रेलवे आधुनिकरण का सबसे बड़ा लाभ उत्तर प्रदेश को मिलेगा क्योंकि राज्य पूर्व-पश्चिम और
उत्तर-दक्षिण रेल नेटवर्क का केंद्र है इससे लखनऊ कानपुर वाराणसी प्रयागराज आगरा जैसे शहरों की कनेक्टिविटी और व्यापार दोनों तेज होंगे।

* राष्ट्रीय राजमार्ग और एक्सप्रेसवे-यूपी को लॉजिस्टिक हबः बजट में राष्ट्रीय राजमार्ग,मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स और फ्रेट कॉरिडोर पर विशेष जोर दिया गया है। पूर्वांचल,बुंदेलखंड और पश्चिमी यूपी को जोड़ने वाले कॉरिडोर से उद्योगों की लागत घटेगी और निवेश बढ़ेगा।

* टरटए ग्रोथ फंडः छोटे और मध्यम उद्योगों के लिए ड्ट10,000 करोड़ का टरटए ग्रोथ फंड बनाया गया है, जिससे उत्तर प्रदेश के कुटीर उद्योग,हस्तशिल्प,हैंडलूम,चमड़ा ऑफ फूड प्रोसेसिंग सेक्टर को मजबूती मिलेगी और स्थानीय स्तर पर रोजगार बढ़ेगा।

* Biopharma SHAKTI योजनाः 10.000 करोड़ का Biopharma Shakti योजना से उत्तर प्रदेश में फार्मा और मेडिकल डिवाइस मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा मिलेगा, जिससे राज्य हेल्थ-केयर और मेडिकल इनोवेशन का बड़ा केंद्र बन सकेगा

* पूर्वांचल-बुंदेलखंड को विकास की मुख्यधारा में लाने वाला बजटः केंद्रीय बजट 2026-27 में पिछड़े और आकांक्षी जिलों पर जी विशेष फोकस रखा गया है जिससे पूर्वांचल और बुंदेलखंड में बुनियादी ढांचा,निवेश और रोजगार के लिए नए अवसर पैदा होंगे।

* कृषि में अक और तकनीकः Bharat-VISTAAR AI प्लेटफॉर्म के माध्यम से किसानों को फसल, मौसम और बाजार की जानकारी मिलेगी, जिससे उत्तर प्रदेश के किसानों की उत्पादकता और आय दोनों बढ़ेगी।

* नेशनल वॉटर-वे (गंगा-नदी) पर जहाजों के रखरखाव और परिचालन क्षमता को बढ़ाने के लिए वाराणसी में समर्पित इनलैंड वॉटरवे शिप रिपेयर इकोसिस्टम स्थापित होगी जिससे प्रदेश में रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

* 36 जीवनरक्षक दवाओं पर शुल्क छूटः कैंसर और गंभीर बीमारियों में उपयोग होने वाली 36 जीवनरक्षक दवाओं को सीमा शुल्क से छूट दी गई है जिससे उत्तर प्रदेश के लाखों परिवारों के इलाज का खर्च कम होगा।

* हर जिले में गर्ल्स हॉस्टलः बालिकाओं की उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए हर जिले में गर्ल्स हॉस्टल की घोषणा की गई है जिससे उत्तर प्रदेश की बेटियों को सुरक्षित आवास और बेहतर शैक्षणिक अवसर मिलेंगे।

* युवा और नई टेक्नोलॉजी : 15,000 स्कूलों और 500 कॉलेजों में एनीमेशन,गेमिंग और श्क्ष लैब स्थापित होगी जिससे उत्तर प्रदेश के युवा भविष्य की तकनीकी नौकरियों के लिए तैयार होंगे।

* पर्यटन और रोजगारः 10,000 टूर गाइड को प्रशिक्षण देने की योजना से काशी,अयोध्या,मथुरा और प्रयागराज जैसे धार्मिक-पर्यटन केंद्रों में राज्य रोजगार ऑपरेटर दोनों को बढ़ावा मिलेगा।

* औद्योगिक क्लस्टरों का आधुनिकीकरणः देश भर में 200 पुराने औद्योगिक क्लस्टरों के आधुनिकीकरणः की घोषणा से उत्तर प्रदेश के परंपरागत उद्योगों को नई तकनीक, बेहतर उत्पादन और वैश्विक बाजारों से जुड़ने का अवसर मिलेगा।

* शहरी अर्थव्यवस्था को मजबूतीः सिटी इकोनामिक रीजन के विकास से लखनऊ, कानपुर, नोएडा,
गाजियाबाद,आगरा और वाराणसी जैसे शहर रोजगार और स्टार्टअप हब के रूप में उभरेंगे।

**ऐसे प्रमुख बिन्दुओं पर मंत्री ने प्रेस वार्ता सकुशल संपन्न की।**

इस प्रेस वार्ता में भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह , रामगोपाल पप्पू लोधी पूर्व विधायक , जिला प्रवक्ता/ मीडिया प्रभारी डॉ. अमित गुप्ता , आकाश शर्मा जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा , राजीव गुप्ता, शिवम दीक्षित , ठा. राघवेंद्र सिंह पूर्व चेयरमैन आदि उपस्थित रहे।

# नजीबाबाद में साइबर क्राइम जागरूकता रैली का आयोजन

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद नजीबुद्दौला गर्ल्स इंटर कॉलेज, नजीबाबाद में राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के समापन दिवस पर साइबर क्राइम के प्रति जागरूकता विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयंसेविकाओं द्वारा जागरूकता प्रस्तुतियां दी गईं।

इसके उपरांत भारत बैंक्विट हॉल से नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए



स्वयंसेविकाओं ने एक जागरूकता रैली निकाली। रैली के माध्यम से आम नागरिकों को साइबर अपराध से सावधान रहने का संदेश दिया गया। रैली नजीबाबाद थाना परिसर पहुंची, जहां थाना प्रभारी राहुल सर जी साइबर क्राइम शाखा के इंस्पेक्टर योगेंद्र सिंह जी विशेष पुलिस अधिकारियों द्वारा स्वयंसेविकाओं एवं अन्य सहभागियों को साइबर अपराध से बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई।

उन्होंने ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, ओटीपी साझा न करने, सुरक्षित पासवर्ड और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग पर विशेष रूप से प्रकाश डाला।

कार्यक्रम अधिकारी गजाला मुमताज ने कार्यक्रम के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और स्वयंसेविकाओं के साथ मिलकर लोगों को साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिकाएं मेहरीन एवं शगुफ्ता नाज का विशेष सहयोग रहा।

कार्यक्रम के अंत में सभी स्वयंसेविकाओं ने साइबर सुरक्षा के प्रति समाज को जागरूक करने का संकल्प लिया।

# आईवी इंटरनेशनल स्कूल का 15वां वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न।

**समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद! आईवी इंटरनेशनल स्कूल का 15वां वार्षिक उत्सव बड़े ही उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ भव्य रूप में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों डॉ. मनोज यादव, डॉ. सुनैना यादव एवं मनोज त्यागी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान गणेश की वंदना से हुई, जिसने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

कार्यक्रम के प्रमुख आकर्षण नन्हे-मुन्ने बच्चे रहे, जिन्होंने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी का दिल जीत लिया। बच्चों ने आनंदी बाई के जीवन पर





आधारित प्रेरणादायक प्रस्तुति दी। वहीं कृष्ण-रास की सुंदर झांकी प्रस्तुत की गई तथा दिवंगत अभिनेता धर्मेंद्र जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए विशेष एक्ट भी प्रस्तुत किया गया। उत्साह से भरपूर पिरामिड प्रदर्शन ने दर्शकों की खूब सराहना बटोरी। छोटे-छोटे बच्चों द्वारा प्रस्तुत राजस्थानी कठपुतली नृत्य ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। नाटक के माध्यम से वृद्धावस्था में माता-पिता के सम्मान का संदेश दिया गया। छात्राओं द्वारा महिला एवं पुरुष क्रिकेट के अंतर को दशार्ते हुए प्रभावशाली प्रस्तुति दी गई । शिव तांडव के द्वारा शिव शक्ति का प्रदर्शन किया गया । लखनऊ घराने की कथक नृत्यांगना कृतिका सिंह की मनमोहक प्रस्तुति कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रही।

समारोह में बतौर विशिष्ट अतिथि मेयर कामिनी राठौर, बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष पांडे, डॉ. रजनी यादव, गीता यादव, विधायक मुकेश वर्मा, डॉ. दिलीप यादव, हरिओम यादव, श्री रामअवतार गुर्जर, ठाकुर विश्वदीप सिंह, कांग्रेस जिला अध्यक्ष रामनिवास यादव, डॉ. इंद्रपाल गुर्जर, एडवोकेट अनूप चंद्र जैन, एस.सी. गांधी, राधेश्याम यादव, आशीष अग्रवाल, अखिलेश शर्मा, उमाशंकर गुप्ता, विक्रम पहलवान, श्रीमती कल्पना राजोरिया, सुरेश कन्हैयानी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। साथ ही प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं सदस्य भी मौजूद रहे।

सभी सभी अतिथियों का सम्मान अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक नवनीत सिकेरा, विद्यालय की अध्यक्षा श्रीमती श्रीदेवी , मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ.पूजा सिकेरा, इंजीनियर गजेंद्र यादव, मोहिनी यादव,विद्यालय की प्रिंसिपल डॉ.नंदिनी यादव के द्वारा स्मृति चिन्ह एवं शॉल ओढ़ाकर किया गया।

इस अवसर पर मेयर कामिनी राठौर ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ प्रकृति की रक्षा करना भी हम सभी का कर्तव्य है। वहीं मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. पूजा सिकेरा ने बताया कि विद्यालय के दर्जनों विद्यार्थी आईआईटी में चयनित हो चुके हैं, कई छात्र मेडिकल की पढ़ाई कर रहे हैं तथा अनेक विद्यार्थियों ने विदेशों में शिक्षा प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य निरंतर उत्कृष्टता की ओर अग्रसर रहना है।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रिंसिपल डॉ. नंदिनी यादव ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर तालियों की गूंज और उत्साह से सराबोर रहा।

# हिंदू सम्मेलन में जमकर गरजे कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर

**- सनातन को नीचा दिखाने के लिए ब्राह्मण, साधु संतों का कर रहे अपमान**

**- घूंस खोर पंडित फिल्म बनाने वाले को ब्राह्मण समाज करे निष्कासित- देवकी नंदन**






**समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। विशाल हिंदू सम्मेलन नगर के नारायण इंटर कालेज शिकोहाबाद के ग्राउंड में रविवार को आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि व वक्ता प्रसिद्ध कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर ने हिंदूओ को एकजुट होने, सनातन को बचाने, देश को बचाने और आने वाली पीढ़ी को बचाने के लिए आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आजकल सोची समझी रणनीति के तहत ब्राह्मण, साधु संतों को गाली दी जा रही है। उन्हें अपमानित किया जा रहा है। जिससे सनातन कमजोर हो और फिर वह लोग अपने मकसद में कामयाब हो जाएं। लोग इसी की आढ़ में धर्मांतरण का खेल खेल रहे हैं। इसके बाद उन्होंने गाउंड में जुटी भीड़ से मथुरा में भगवान श्रीकृष्ण की जन्मभूमि एवं मंदिर को बनवाने का समर्थन मांगा।

रविवा को दोपहर एक 1.40 बजे देवकीनंदन ठाकुर नारायण इंटर कालेज के मैदान में आयोजित विशाल हिंदू सम्मेलन कार्यक्रम में पहुंचे। यहां सर्वप्रथम उन्होंने भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण किया और फिर मंच पर पहुंचे। महाराज श्री का कई संगठन के लोगों ने प्रतीक चिंह और पटका पहना कर स्वागत किया। महाराज श्री ने मंच को थामते ही अपनी बात की शुरूआत जयश्रीराम के उदघोष के साथ की। उन्होंने कहा कि आपकी आवाज पाकिस्तान तक नहीं पहुंचे लेकिन बंगलादेश तक पहुंच जानी चाहिए। कहा कि सांप से ज्यादा खतरनाक सपोला हो जाता है। उन्होंने मैदान में बैठी जनता से कहा कि अगर आप लोग भारत को विश्व गुरु बनाना चाहते हैं तो खुद और अपने बच्चों को गीता और रामायण का पाठ करना होगा। माथे पर तिलक लगाना होगा। अपने बच्चों को एसे स्कूलों में ना भेजें, जहां हमारे बच्चों को तिलक लगाने और कलावा बांधने से रोका जाता हो। महाराज ने कहा कि सनातन धर्म को कमजोर करने के लिए षणयंत्र रजा जा रहा है। इसके लिए ब्राह्मण, साधु संतो को गालियां देने में लगे हैं, जिससे यह लोग आपस में बंट जाए और कमजोर हो जाए। जब हम कमजोर होंगे और जातियों में बंटेंगे तो यह लोग आसानी से धर्मांतरण कर सकेंगे।

महाराज श्री ने एक फिल्म का नाम लेकर कहा कि इस फिल्म में छोटी बच्चियों के साथ अमेरिका के धनवान बिल गेट्स का नाम लेते हुए कहा कि एसे लोग कितने गिरे हुए हैं। उस फिल्म में इंगलैंड के राजकुमार का भी नाम है। उन्होंने कहा कि हमें बच्चों को धनवान बनाने की शिक्षा ना दें। उन्हें संस्कार और चरित्रवान बनाएं। हमारा देश चरित्र की पूजा करता है धनवान की नहीं। उन्होंने कहा कि रावण का चरित्र खराब था इस लिए उसे नहीं पूजा जाता है, जबकि भगवान राम का चरित्र अच्छा था, इस लिए हम उन्हें पूजते हैं। पश्चिमी सभ्यता के लोग रावण की पूजा करते हैं। इसके बाद महाराज ने कहा कि एक ब्राह्मण ने एक फिल्म बनाई है। जिसका शीर्षक है घूंस खोर पंडित। उन्होंने कहा कि मुझे एसे व्यक्ति को ब्राह्मण कहते हुए शर्म आती है। उन्होंने ब्राह्मण समाज से आग्रह किया कि एसे व्यक्ति का समाज से बहिष्कार करना चाहिए।

महाराज श्री ने कहा कि मुसलमान सच्चा है जो 99 प्रतिशत लोगों को कुरान पढ़ाता है। ईसाई सच्चा है जो बाइबल पढ़ता है लेकिन सनातन में लोग ना तो रामायण पढ़ते हैं और ना गीता पढ़ते हैं। उन्होंने कहा कि अगर सनातन को बचाए रखना है तो अपने बच्चों को रामायाण और गीता पढ़ाना सिखाओ। उन्होंने कहा कि आज अंग्रेजी मीडियम स्कूलों में हमारी बच्चियों को फिल्मी गानों पर नचाया जाता है। हमारी संस्कृति से उन्हें दूर किया जा रहा है। एसे स्कूलों में अपने बच्चों को ना भेंजे, जहां उन्हें तिलक लगा कर आने से रोका जा रहा हो, कलावा पहनने से रोका जा रहा हो। अपने भाषण के अंत में उन्होंने जयश्रीराम का उदघोष किया और अपनी बात को विराम दिया। इससे पूर्व डा. रजनी यादव ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुमार डेयरी के स्वामी अश्वनी कुमार ने की। उन्होंने धन्यवाद ज्ञापित कर कार्यक्रम का समापन किया।

# पुलिस ने अभियान चला 115 अभियुक्त पकड़े

**समाज जागरण**

फि रोजाबाद। जनपद पुलिस ने शनिवार की रात अभियान चलाकर 09 दर्जन से अधिक अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। जिसमें 09 दर्जन एनबीडब्ल्यू व आधा दर्जन से अधिक एस आर वांछित अभियुक्त शामिल है।

पुलिस ने जनपद में रात 12 से प्रातः05 बजे तक धर पकड़ो अभियान चलाया। पुलिस के अभियान से पूरी रात कई क्षेत्रों में हड़कंप मचा रहा।

पुलिस की चहलकदमी से अभियुक्तों में दहशत व्याप्त रही। वह इधर से उधर दौड़ते नजर आए। पुलिस ने विभिन्न स्थानों से उन्हें पकड़ा।

अभियान चला पुलिस ने पांच घंटे में कुल 115 अभियुक्तों को पकड़ा। जिसमें 108 एनबीडब्ल्यू 07 एस आर अभियुक्त शामिल है।

अभियान के दौरान थाना उत्तर ने 12/01, दक्षिण ने 05, रसूलपुर ने 04, रामगढ़ ने 08/04, टूण्डला ने10, पचोखरा ने 02, नारखी 05/01, नगला सिंघी ने 02, रजावली ने 05, सिरसागंज ने 10, नगला खंगर ने 02, नसीरपुर ने 01, शिकोहाबाद ने 12, मक्खनपुर 07/01, खैरगढ न े 01, जसराना ने 07, फरिहा ने 01, एका ने 01, मटसेना ने 07, लाइनपार ने 03, बसई मौहम्मदपुर ने 03 अभियुक्त पकड़े।

# माँ के आशीर्वाद से पुत्र के जीवनकार्य का गौरव

## इंजीनियरिंग का दीपस्तंभ का लातूर में भावनात्मक विमोचन

**समाज जागरण**

मुंबई लातूर 8 फरवरी / कुछ क्षण केवल कार्यक्रम नहीं होते, वे इतिहास बन जाते हैं। ऐसा ही एक अत्यंत भावनात्मक और प्रेरणादायी क्षण लातूर में तब देखने को मिला, जब एक माँ ने अपने ही पुत्र के जीवनकार्य पर आधारित ग्रंथ का विमोचन अपने करकमलों से किया। महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास महामंडल (एमएसआरडीसी), मुंबई के उपाध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, तथा प्रख्यात अभियंता डॉ. अनिलकुमार बळीराम गायकवाड के जीवन और कार्य पर आधारित ह्यइंजीनियरिंग का दीपस्तंभ : डॉ. अनिलकुमार बळीराम गायकवाडह्न (हिंदी/अंग्रेजी संस्करण) का विमोचन पूज्यनीय मातोश्री वत्सला बळीराम गायकवाड के शुभहस्ते, उनके 86वें जन्मदिवस के पावन अवसर पर गरिमामय एवं भावनात्मक वातावरण में संपन्न हुआ।

यह ग्रंथ लातूर लोकसभा के पूर्व सांसद डॉ. सुनील बळीराम गायकवाड द्वारा लिखित है तथा वत्सला बळीराम प्रकाशन केंद्र, लातूर द्वारा प्रकाशित किया गया है। माँ के जन्मदिवस पर, उन्हीं के संस्कारों से गढ़े गए पुत्र के जीवनकार्य का सम्मान—इस संयोग ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक बना दिया।

**महाराष्ट्र के विकास की यात्रा का दस्तावेज**

लातूर के सुपुत्र डॉ. अनिलकुमार बळीराम गायकवाड ने एक अभियंता, प्रशासक और जनसेवक के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। उन्होंने महाराष्ट्र शासन में सचिव (निर्माण विभाग) के रूप में तथा वर्तमान में एमएसआरडीसी के उपाध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के रूप में कार्य करते हुए राज्य के सड़क, पुल और बुनियादी ढांचे के विकास में उल्लेखनीय योगदान दिया है।

यह ग्रंथ उनके प्रशासनिक निर्णयों, दूरदर्शी नेतृत्व, तकनीकी दक्षता और ईमानदार सेवा भावना को विस्तार से प्रस्तुत करता है। साथ ही उनके जीवन के संघर्ष, अनुशासन, नैतिक मूल्यों और सामाजिक दायित्वों का सजीव चित्रण करता है।

# पुलिस में दो लुटेरे पकड़े, साथी भागा, लूटी कार व सामान बरामद

**समाज जागरण**

फि रोजाबाद। थाना अरांव पुलिस ने दो लुटेरों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से लूटे गये रुपए, कार व अन्य लूट का सामान बरामद किया है।

प्रभारी निरीक्षक ऋषि कुमार थाना अरांव ने पुलिस बल के साथ चैकिंग के दौरान दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। उनका एक साथी भागने में कामयाब हो गया। पुलिस को उनके बारे में मुखबिर से पता चला था।

पुलिस ने उनको थाना क्षेत्र से पकड़ा। पुलिस ने पकड़े अभियुक्तों के नाम आलोक कुमार पुत्र श्यामपाल निवासी सूरतपुर थाना अमापुर जिला कासगंज तथा जितेन्द्र पुत्र त्रिमल सिंह निवासी अलीपुर थाना अमापुर जिला कासगंज बताए है।



भागे अभियुक्त का नाम उमेश पुत्र छोटेलाल निवासी सफीपुर थाना एका बताया गया है। पुलिस ने उनके पास से लूटी गयी स्विफ्ट कार रंग सफेद, लूटे गये रुपयों में से 12,830 - रुपये, 01 वोटर कार्ड, 01 चैक बुक, कार की आर,सी बरामद की है।

थाना प्रभारी ने बताया 05 फरवरी 2026 को हरेन्द्र कुमार पुत्र सत्यपाल सिंह निवासी रोहटा रोड थाना कंकर खेडा जनपद मेरठ व अपने साथियों संजीत पुत्र धर्मसिंह निवासी पीरपुर थाना दौराला जनपद मेरठ तथा गौतम सिंह पुत्र कमल सिंह निवासी कासगंज को अभियुक्तों ने निन्हूराम कोल्ड स्टोर शिकोहाबाद रोड़, थाना अराँव में बंधक बनाकर जान से मारने की नीयत से मारपीट करते हुए वादी व वादी के साथियों से 35,600/- रुपये, 01 घडी (कैसियो), अन्य महत्वपूर्ण कागजात लूट लिए थे।

लूट के मामले में तहरीर के आधार पर धारा 127(2), 109(1), 309 (4), 317(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज था। पुलिस फरार अभियुक्त की तलाश में जुट गई है।

# उधार के रुपये मांगने पर दुकानदार से मारपीट, थाने पर शिकायत

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

कस्बे के नई बस्ती मोहल्ला निवासी फुरकान पुत्र मांगा ने रविवार को थाने पर तहरीर देकर पड़ोसी पर उधार के रुपये मांगने पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने पुलिस से मामले में कार्रवाई की मांग की है। तहरीर में फुरकान ने बताया कि वह कस्बे में कपड़े की दुकान करता है। आरोप है कि उसके पड़ोसी सलीम पुत्र जानू ने कुछ समय पूर्व उससे 72 हजार 250 रुपये का कपड़ा उधार लिया था। कई बार रुपये मांगने के बावजूद आरोपी टालमटोल करता रहा। रविवार को जब पीड़ित अपने रुपये मांगने आरोपी के घर पहुंचा तो



इस बात को लेकर कहासुनी हो गई। आरोप है कि इसी दौरान सलीम ने अपने परिवार के कई लोगों के साथ मिलकर फुरकान के साथ मारपीट कर दी। शोर शराबा होने पर आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर बीच-बचाव किया और मामला शांत कराया। घटना के बाद पीड़ित थाने पहुंचा और पूरे घटनाक्रम से अवगत कराते हुए तहरीर सौंपी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में कार्यवाहक थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार का कहना है कि पीड़ित की तहरीर प्राप्त हुई है। मामले की निष्पक्ष जांच कराई जा रही है और जांच के आधार पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# घर में घुसकर महिला से मारपीट का आरोप

**समाज जागरण कांधला।** कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी एक महिला ने अपने ही देवर पर घर में घुसकर मारपीट करने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने थाने पर तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

मोहल्ला खेल निवासी राबिया पत्नी नसीम ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसका देवर खालिक उससे पूर्व से ही रंजिश रखता है। आरोप है कि इसी रंजिश के चलते रविवार को करीब 11 बजे खालिक अचानक उसके घर में घुस आया और बिना किसी कारण के गाली-गलौज करने लगा। पीड़िता ने जब इसका विरोध किया और उसे ऐसा करने से रोका तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। पीड़िता का आरोप है कि मारपीट के दौरान उसे गंभीर चोटें आईं। शोर शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। घटना के बाद परिजनों ने घायल महिला को संभाला और उसे थाने ले जाकर पूरे घटनाक्रम से पुलिस को अवगत कराया। पीड़िता ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति न हो सके। मामले में कार्यवाहक थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि पीड़िता की तहरीर प्राप्त हो गई है। तहरीर के आधार पर मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# मामूली विवाद में पड़ोसियों ने मां-बेटे को पीटा, दोनों घायल

**समाज जागरण कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव जसाला में रविवार को मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। आरोप है कि पड़ोस के कई लोगों ने मिलकर एक महिला और उसके बेटे पर लाठी-डंडों से हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया।गांव जसाला निवासी महिला बालेश पत्नी मुकेश ने बताया कि पड़ोसियों से उनकी पुरानी रंजिश चली आ रही है। इसी रंजिश के चलते आरोपी आए दिन उनके साथ छींटाकशी करते रहते हैं। रविवार को जब वह अपने घर के बाहर सफाई कर रही थी, तभी आरोपियों ने गाली-गलौज



शुरू कर दी।महिला के पुत्र विपिन द्वारा विरोध करने पर आरोपी और उग्र हो गए और उन्होंने लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे मां-बेटा दोनों घायल हो गए। आसपास के लोगों ने किसी तरह बीच-बचाव कर मामला शांत कराया।घायलों ने उपचार के बाद थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने मामले की जांच की जा रही है और जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# शिव शक्ति वाटिका में हिंदू सम्मेलन का आयोजन

**समाज जागरण**
शामली।(फुरकान जंग) शहर के टंकी रोड स्थित शिव शक्ति वाटिका में रविवार को हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में हिन्दू समाज के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती के चित्र के समक्ष सामूहिक पुष्पार्चन के साथ हुआ।



सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में योगी गौतम नाथ महाराज, मुख्य अतिथि रंजना राष्ट्रवादी, अरविन्द दृष्टा, कौशलेश राय तथा विश्व हिन्दू परिषद परिषद मेरठ प्रांपत के प्रांत सेवा प्रमुख प्रेमजी मौजूद रहे। मुख्य अतिथि योगी गौतम नाथ महाराज ने कहा कि प्रत्येक भारतीय को अपनी सनातन परंपराओं पर गर्व करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सत्य की विजय के लिए संघर्ष आवश्यक है और समाज को आत्मबल से सशक्त होना होगा। रंजना राष्ट्रवादी ने कहा कि संकट के समय में सामाजिक संगठनों ने सेवा कार्य किए हैं और वर्तमान समय में भी समाज को सजग रहने की आवश्यकता है। उन्होंने जातिगत भेदभाव समाप्त कर एकजुट होकर संस्कृति संरक्षण की बात कही। विशिष्ट अतिथि अरविन्द दृष्टा ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना समाज में व्याप्त विभाजन को समाप्त कर समरसता बढ़ाने के उद्देश्य से की गई थी। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में विद्या भारती के योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय संस्कारों से युक्त शिक्षा के माध्यम से समाज को सशक्त किया जा रहा है। रजनीश नामदेव ने कहा कि संगठन द्वारा देशभर में हिन्दू सम्मेलनों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है, उसी क्रम में शामली में यह सम्मेलन संपन्न हुआ। इस अवसर पर जयदेव संगल, राहुल गिरी, अमित कुमार, निशू आदि मौजूद रहे।

# निशुल्क नेत्र जांच एवं लुब्रिकेंट ड्रॉप्स वितरण शिविर का आयोजन

**समाज जागरण**
शामली। लायन्स क्लब शामली सिनर्जी द्वारा रविवार को शहर के शान्तिनगर में निशुल्क नेत्र जांच एवं आई लुब्रिकेट ड्रॉप्स वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक संचालित हुआ, जिसमें क्षेत्र के करीब 105 लोगों ने नेत्र परीक्षण कराकर लाभ उठाया। शिविर में नेत्र विशेषज्ञ डॉ. श्रेय माहेश्वरी ने मरीजों की आंखों की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श दिया। इस दौरान आंखों की नियमित देखभाल, समय-समय पर जांच कराने तथा बढ़ते स्क्रीन उपयोग के कारण होने वाली समस्याओं से बचाव के उपायों के बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान लंबे समय तक मोबाइल, कंप्यूटर और लैपटॉप के उपयोग से होने वाली आंखों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए निशुल्क आई लुब्रिकेट ड्रॉप्स का वितरण भी किया



गया। उपस्थित लोगों को बताया गया कि ये ड्रॉप्स आंखों में सूखापन, जलन, चुभन और थकान जैसी समस्याओं में राहत प्रदान करती हैं, विशेषकर एसी वातावरण में कार्य करने वाले लोगों के लिए यह उपयोगी होती हैं। मौके पर अध्यक्ष डॉ. अजय वर्मा, निशांत गर्ग, मोहित काम्बोज, तुषार धवन, भारत संगल, अनंत गुप्ता, अमन शर्मा, विश्वास तेहरी, भुवनेश, सिद्धार्थ गर्ग आदि मौजूद रहे।

# कक्षा बारह के विद्यार्थियों के लिए आशीर्वाद एवं विदाई समारोह का आयोजन

**समाज जागरण झिंझाना।**
एसडीएस कान्वेंट स्कूल में रविवार को कक्षा बारह के विद्यार्थियों के लिए एक विशेष आशीर्वाद एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ विद्यालय के अध्यक्ष लोकेश तोमर, प्रबंधक श्रीपाल आर्य एवं प्रधानाचार्य सतीश भटनागर द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम में जूनियर छात्र-छात्राओं ने सीनियर विद्यार्थियों का रोली व तिलक लगाकर तथा रक्षासूत्र बांधकर स्वागत किया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसमें नृत्य, गायन एवं खेल प्रदर्शन शामिल थे। इन प्रस्तुतियों ने उपस्थित अभिभावकों एवं शिक्षकों का मन मोह लिया। प्रबंधक श्रीपाल आर्य ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को तकनीक का सकारात्मक उपयोग करने की सलाह देते हुए कहा कि मोबाइल और लैपटॉप जैसे उपकरणों का प्रयोग ज्ञान प्राप्ति एवं व्यक्तित्व विकास के लिए करना चाहिए। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य सतीश भटनागर ने विद्यार्थियों को आगामी बोर्ड परीक्षाओं के



लिए शुभकामनाएं दीं और अनुशासन, परिश्रम तथा सम्मान के महत्व पर प्रकाश डाला। समारोह के अंत में विद्यार्थियों ने अपने गुरुजनों का आशीर्वाद लिया तथा उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किए। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सुमित कुमार, ऋतिक कुमार, प्रदीप शर्मा, आकाश तोमर, रवि, आदित्य शर्मा, सिया, हरप्रीत, अमनदीप, श्रुति बंसल, खुशी बंसल, हिमांशी मालिक, राधिका शर्मा, ओम सिंह, पंकज गर्ग, अलका सैनी, मोहित गर्ग, चेतना, रुचि, संस्कार सिंघानिया सहित समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों का सहयोग रहा।

# एलम में दो ट्रांसफार्मरों से कीमती सामान और तेल चोरी

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**
थाना क्षेत्र में विद्युत चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। चोर बेखौफ होकर लगातार बिजली विभाग को निशाना बना रहे हैं, जिससे विभाग को भारी आर्थिक नुकसान के साथ-साथ विद्युत आपूर्ति भी प्रभावित हो रही है। चोरों ने एक सप्ताह पूर्व हाईटेंशन लाइन से लंबी दूरी का तार चोरी किए जाने के साथ ही ट्रांसफार्मरों को क्षतिग्रस्त कर उनमें से कीमती सामान व तेल चोरी कर लिया गया था, अब चोरों ने दो ट्रांसफार्मरों से कीमती सामान और तेल चोरी कर फरार हो गए।

कस्बा एलम स्थित बिजली घर पर तैनात अवर अभियंता सुरेंद्र कुमार ने थाने पर दी गई तहरीर में बताया कि कुछ दिन पूर्व अज्ञात चोरों ने कनियान मार्ग पर स्थित हाईटेंशन लाइन से करीब 1770 मीटर तार



चोरी कर लिया था। तार चोरी की इस घटना के कारण क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई और बिजली विभाग को भारी आर्थिक क्षति उठानी पड़ी। अभी इस घटना को एक सप्ताह भी नहीं बीता था कि चोरों ने दूसरी वारदात को अंजाम दे दिया। रेलवे लाइन के किनारे स्थित खेत में लगे दो ट्रांसफार्मरों को क्षतिग्रस्त कर उनमें से कीमती सामान व तेल चोरी कर लिया गया। घटना की जानकारी मिलने पर बिजली विभाग में हड़कंप मच गया।मामले को लेकर अवर अभियंता सुरेंद्र कुमार ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने पर तहरीर देकर सख्त कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार चोरों की तलाश शुरू कर दी है। कार्यवाहक थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार का कहना है कि विद्युत विभाग के अवर अभियंता की तहरीर मिली है। शीघ्र ही चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

# वीडियो वायरल कर युवक ने की आत्महत्या, परिजनों में कोहराम

## -उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए दो सगी बहनों सहित उनके माता-पिता के खिलाफ दी तहरीर, मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**
थाना क्षेत्र के गांव मलकपुर में एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने की घटना से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। युवक ने आत्म हत्या से पहले एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया था, जिसमें उसने कैराना निवासी दो सगी बहनों और उनके माता-पिता पर लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित करने और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया है और गांव में शोक की लहर व्याप्त है।

गांव मलकपुर निवासी 32 वर्षीय जुनैद पुत्र शराफत ने शनिवार को एक वीडियो वायरल करते हुए अपनी पीड़ा बयां की थी। वीडियो में युवक ने बताया कि कैराना निवासी दो सगी बहनें और उनके माता-पिता उसे लंबे समय से परेशान कर रहे थे। आरोप है कि दोनों बहनें और उनके माता-पिता बार-बार पुलिस कार्रवाई कराने की धमकी देते थे, जिससे वह मानसिक तनाव और भय के साये में जी रहा था। युवक ने वीडियो में यह भी कहा कि वह लगातार दबाव में था और इससे उबर



नहीं पा रहा था। बताया गया कि इसी मानसिक प्रताड़ना से आहत होकर जुनैद ने शनिवार को फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना की सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद जब मृतक का शव गांव पहुंचा तो परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। गमगीन माहौल में मृतक को सुपुर्द-ए-खाक किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण, रिश्तेदार और परिचित मौजूद रहे। हर आंख नम थी और हर जुबान पर यही सवाल था कि आखिर एक युवक को इतना मजबूर क्यों होना पड़ा। पीड़ित परिजनों का कहना है कि जुनैद बेहद सीधा-सादा और मेहनती युवक था, लेकिन लगातार मिल रही धमकियों और मानसिक दबाव के कारण वह अंदर ही अंदर टूट चुका था। पीड़ित परिवार ने दोनों सगी बहनों और उनके माता-पिता के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।मामले में कार्यवाहक थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि पीड़ित परिजनों की ओर से तहरीर प्राप्त हो गई है। मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। शीघ्र ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

# कार अनियंत्रित होकर बैंकट हॉल में घुसी चालक सहित दो घायल

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) शहर के माजरा रोड पर एक अनियंत्रित तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर बैंकट हॉल में घुस हुई। हादसा इतना भीषण था कि कार दीवार तोडते हुए अंदर घुस गई और पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के दौरान कार सवार नशे में धुत थे, जिनको गंभीर चोटे आई है। पीडित बैंकट हॉल संचालक ने पुलिस से मामले में जांच कर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। गत देर करीब दो बजे शहर के माजरा रोड चौधरी चरण सिंह कालोनी से एक तेज रफ्तार थार पहुंची, जो अनियंत्रित होकर देर गार्डर मैरिज होम की बैरिकेटिंग तोडते हुए दीवार में घुस गई। हादसा इतना भीषण था कि तेज आवाज सुनकर आसपास मौजूद लोगों में



जाग हो गई और लोग मौके पर पहुंचे। लोगों ने जाकर देखा तो कार में एक व्यक्ति व एक युवक सवार थे। जिन्होने शराब को सेवन किया हुआ था और गंभीर रूप से घायल हो चुके थे। मौजूद लोगों ने घायलों को पुलिस की मदद से जिला अस्प ताल में भर्ती कराया, जहां घायलों की पहचान 18 वर्षीय सिद्धार्थ पुत्र श्रीकांत निवासी चौधरी चरण सिंह कालोनी, 45 वर्षीय नीटू पुत्र प्रेमपाल निवासी गोहरनी के रूप में हुई। घायलों में सिद्धार्थ की हालत नाजुक होने के कारण हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया, जबकि नीटू उपचार के बाद घर चला गया। बैंकट हॉल मालिक विकास ने बताया कि कार सवार दोनों शराब का सेवन किए हुए थे। गरीमत रही कि हादसे के समय बारातघर के गेट पर कोई नही था अन्यथा बडा हादसा हो सकता था। थार कार में हूटर भी लगा हुआ है, जो आये दिन हादसे करती रहती है। पीडित ने पुलिस ने मामले में जांच कर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

# छात्र छात्राओं के सम्मान में फेयरवेल समारोह का आयोजन

**समाज जागरण**
शामली। सर्वोदय सीनियर सेकेंट्री स्कूल कसेरवा कलां में रविवार को इंटर के छात्र-छात्राओं के सम्मान में फेयरवेल समारोह का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य सतेन्द्र सिंह ने किया। कार्यक्रम में सुरूचि देशवाल को मिस फेयरवेल और उवेश मलिक को मिस्टर फेयरवेल घोषित किया गया। दोनों विजेताओं को चेयरमैन रामपाल सिंह, शिवानी, कमलकांत वत्स ने आशीर्वाद देते हुए सम्मानित किया। सभी छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रसतुत किए। इस दौरान स्कूल की ओर से सभी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र भी दिए गए। मोके पर शालू, स्वाति, विकास कुमार, सोनी, निखिल कुमार, पूजा, भावना, अंजलि, हिमांशी, आलका, निकिता आदि मौजूद रहे।

# अंडरग्राउंड केबल डालने के दौरान पेयजल पेयजल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) शहर में बीएसएनएल के ठेकेदार द्वारा अंडर ग्राउंड केबल डालने के कार्य के दौरान दिल्ली रोड स्थित होंडा शोरूम के सामने नगर पालिका परिषद की मुख्य पेयजल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे जलापूर्ति व्यवस्था प्रभावित हो गई है। पाइप लाइन में लीकेज होने के कारण नगर पालिका प्रशासन ने सोमवार को निर्धारित समय तक पानी की आपूर्ति बाधित रहने की सूचना जारी की है।

शहर में पिछले कई दिनों से बीएसएनएल द्वारा ंडरग्राउंड केबल डालने के कार्य किया जा रहा है। रविवार सवेरे ठेकेदार द्वारा शहर के दिल्ली रोड स्थित होंडा शौरूम के सामने कार्य किया जा रहा था। इसी दौरान जमीन में किए गए गडढे के कारण नगर पालिका की पानी की



पाईपलाईन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। जिसके बाद पानी सडकों पर बहने लगा। आसपास मौजूद लोगों ने मामले की सूचना नगर पालिका को दी। नगर पालिका परिषद के अनुसार क्षतिग्रस्त पाइपलाइन की मरम्मत का कार्य 9 फरवरी (आज) को कराया जाएगा। मरम्मत कार्य के चलते सोमवार सुबह 9 बजे से रात 8 बजे तक नगर क्षेत्र में पानी की सप्लाई बंद रहेगी। इस दौरान शहर के कई मोहल्लों में पेयजल संकट की स्थिति बन सकती है। नगर पालिका प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे पूर्व में ही आवश्यकतानुसार पानी का संग्रह कर लें, ताकि असुविधा से बचा जा सके। अधिकारियों का कहना है कि मरम्मत कार्य पूरा होते ही जलापूर्ति सामान्य कर दी जाएगी।

स्थानीय लोगों का कहना है कि अंडरग्राउंड कार्यों के दौरान सावधानी न बरतने के कारण इस प्रकार की समस्याएं बार-बार सामने आती हैं, जिससे आम जनता को परेशानी उठानी पड़ती है।

# ऋषि बोध उत्सव श्रृंखला के प्रथम यज्ञ का समापन

**समाज जागरण**
शामली। शहर के आर्यसमाज मंदिर शामली के तत्वावधान में आयोजित ऋषि बोध उत्सव श्रृंखला का प्रथम यज्ञ रविवार को करनाल रोड स्थित शामली रायफल्स क्लब में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम मुकेश चौधरी के निवास स्थान पर आयोजित किया गया।यज्ञ का संचालन सुदेशपाल आर्य पुरोहित के सानिध्य में संपन्न हुआ। इस अवसर



पर आर्य जगत के भजन गायक कुलदीप आर्य ने भजन एवं प्रवचनों के माध्यम से उपस्थित श्रद्धालुओं को वैदिक विचारों से अवगत कराया। इस अवसर पर यजमान मुकेश चौधरी को सत्यार्थ प्रकाश ग्रंथ भेंट किया गया। कार्यक्रम में आर्यसमाज के संरक्षक रघुवीर सिंह आर्य, प्रधान सुभाष गोयल आर्य, मंत्री नितिन वर्मा आर्य, कोषाध्यक्ष देवेन्द्र आर्य, मीरा वर्मा, रामकुमार गुप्ता, गिरधारी लाल गोयल, यशपाल पवार, कमला आर्या, संतोष आर्या, सुनीता पाल, पूनम आर्या, सुषमा आर्या, कौशल्या आर्य उपस्थित रहे।

# हरे-भरे पेड़ों पर काल बनकर टूट रहा शामली वन विभाग

## -अनुमति की आड़ में प्रतिबंधित पेड़ों व आम के बागों का हो रहा धड़ल्ले से कटान

**समाज जागरण**
**शामली। (फुरकान जंग)**
जनपद शामली में वन विभाग की कथित मिलीभगत से पर्यावरण संरक्षण की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। प्रतिबंधित प्रजाति के पेड़ों के साथ-साथ हरे-भरे आम के बागों का कटान अब आम बात हो चुका है। जबकि एक ओर देश भर में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए सरकारें पर्यावरण संरक्षण के लिए हर वर्ष करोड़ों पौधे लगाने का लक्ष्य तय कर रही हैं, वहीं दूसरी ओर शामली जनपद में वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी सिक्कों की खनक के आगे सभी नियम-कायदों को ताक पर रखकर लगातार हरियाली पर



कुल्हाड़ी चलवा रहे हैं। वन विभाग की छत्रछाया में लकड़ी माफिया सक्रिय है, सूत्रों की मानें तो गढ़ीपुख्ता क्षेत्र में हालात और भी चिंताजनक हैं। यहां वन विभाग में तैनात एक पुलिसकर्मी खुलेआम लकड़ी माफियाओं के लिए सुरक्षाकर्मी की भूमिका निभाता नजर आता है। आरोप है कि वह लकड़ी माफियाओं को इस बात की पूर्व सूचना देता है कि कहीं कोई मीडिया कर्मी वीडियो न बना ले और मामला जनपद के वरिष्ठ अधिकारियों तक न पहुंच जाए। इसी संरक्षण के चलते थानाभवन-ऊन मार्ग स्थित गढ़ी अब्दुल्ला, गांव बूंटा सहित राजबहा के किनारे खड़े आम के दो हरे-भरे बागों को पूरी तरह नष्ट कर दिया गया। बताया जा रहा है कि जनपद में इस तरह सैकड़ों फलदार बाग पहले ही समाप्त किए जा चुके हैं।

### -कैसे चलता है लकड़ी माफियाओं का पूरा खेल

लकड़ी माफिया पहले वन विभाग के अधिकारियों से मिलीभगत कर 20 से 30 पेड़ों के कटान की अनुमति प्राप्त कर लेते हैं। इसके बाद कुछ पेड़ों को काटकर खेत की रोपाई कर दी जाती है और उसी अनुमति को दोबारा नवीनीकरण करा लिया जाता है। इस प्रक्रिया की आड़ में 20-30 पेड़ों की अनुमति पर 200 से 300 तक पेड़ों को काट दिया जाता है। कटे हुए पेड़ों की लकड़ी को गढ़ी अब्दुल्ला व जलालाबाद क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित आरा मशीनों और लकड़ी मंडियों में खपाया जाता है।

### -जिम्मेदारों की चुप्पी पर उठे सवाल

बताया जा रहा है कि पूरे इस अवैध खेल में संबंधित विभागीय अधिकारी स्वयं शामिल रहते हैं, जिसके चलते किसी भी स्तर पर कोई रोक-टोक नहीं होती। यही कारण है कि लकड़ी माफियाओं के हौसले बुलंद हैं और हर दिन जनपद की हरियाली पर संकट गहराता जा रहा है। पर्यावरण प्रेमियों और सामाजिक संगठनों ने इस पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# ऊंचागांव में विराट हिंदू सम्मेलन, एकजुटता का आह्वान

**समाज जागरण**
**कैराना। (फुरकान जंग)**

ऊंचागांव में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान हिंदू समाज से एकजुटता का आह्वान किया गया। रविवार को ऊंचागांव में एक मैरिज होम में आयोजित सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे महंत पीर बाबा बालकनाथ योगी डॉ. गौतम नाथ जी महाराज ने कहा कि जात-पात को भूलकर हिंदू समाज को एकजुट होना चाहिए। तभी हिंदू धर्म का परचम लहराएगा। अगर जाति में बंटोगे तो कटोगे। उन्होंने कहा कि गौ माता की रक्षा करने वाला ही सच्चा हिंदू है। मातृभूमि पर किसी भी संकट में सभी सनातनी एक साथ खड़े होंगे। वृंदावन से पधारे प्रेमानंद जी महाराज के शिष्य लाडली जी



महाराज ने कहा कि पहले व्यक्ति को स्वयं में सुधार लाना चाहिए। अपना सुधार करोगे तभी विश्व का कल्याण होगा। उन्होंने सनातन धर्म की प्राचीनता और अमरता पर प्रकाश डाला तथा राधे माता का भजन गाकर उपस्थित श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक लाभ प्रदान किया। डॉ. अंजलि सैनी ने हिंदुत्व के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार रखे। वहीं, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचारक महेंद्र ने संघ की 100 वर्षीय यात्रा का संक्षिप्त इतिहास सुनाया और समाज में पंच परिवर्तन लाने की आवश यकता पर बल दिया।कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुति के माध्यम से प्रदूषण मुक्त भारत का संदेश दिया। इस अवसर पर बिल्लू, करतार सिंह एडवोकेट, बल्लम शर्मा, रणपाल चौहान, गौरव चौहान आदि मौजूद रहे।

# फैमिली आईडी में लापरवाही पर सीडीओ सख्त 92 पंचायतें शून्य

शून्य प्रगति पर कार्रवाई तय छह फरवरी को विशेष कैंप आदेश

लक्ष्य पूरा नहीं करने पर जवाबदेही तय सचिवों से मांगा स्पष्टीकरण

प्रशासन सख्त हर पंचायत में फैमिली आईडी बनाने का अल्टीमेटम



**समाज जागरण बागपत।** फैमिली आईडी पंजीकरण में लगातार लापरवाही पर सीडीओ बृजेंद्र शुक्ल ने सख्त रुख अपनाते हुए 92 ग्राम पंचायतों में विशेष अभियान चलाने और जिम्मेदार कर्मियों से स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिए है। सीडीओ बृजेंद्र शुक्ल के अनुसार जनपद की सभी 244 ग्राम पंचायतों में 30 जनवरी को कैम्प आयोजित कर फैमिली आईडी बनाने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद 119 ग्राम पंचायतों में प्रगति शून्य पाई गई। इसके बाद 31 जनवरी को दोबारा कैम्प लगाने के आदेश दिए गए, लेकिन फिर भी 92 ग्राम पंचायतों में एक भी फैमिली आईडी नहीं बनाई गई। सीडीओ ने इस स्थिति को गंभीर लापरवाही मानते हुए संबंधित ग्राम पंचायत सचिवों से जवाब तलब करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा है कि शासन की महत्वपूर्ण योजना में समयबद्ध कार्य न करना किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। निर्देश दिए गए है कि 6 फरवरी को सभी 92 ग्राम पंचायतों में विशेष कैम्प लगाए जाएं। जिन ग्राम पंचायतों की आबादी 5 हजार से अधिक है वहां कम से कम 50 फैमिली आईडी तथा 5 हजार से कम आबादी वाले गांवों में न्यूनतम 25 फैमिली आईडी बनाना अनिवार्य होगा। अभियान को सफल बनाने के लिए ग्राम पंचायत सचिव, पंचायत सहायक, सफाई कर्मी, आंगनबाड़ी कार्यकत्री और सहायिका का सहयोग सुनिश्चित करने को कहा गया है। साथ ही गांवों में व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक लोगों को कैम्प तक लाने के निर्देश भी दिए गए है। प्रगति शून्य या अत्यंत कम रहने वाली ग्राम पंचायतें सभी बागपत, बड़ौत,
बिनौली, छपरौली, पिलाना और खेकड़ा विकास खंड में चिन्हित की गई हैं। आदेश की प्रति संबंधित विभागों को भी आवश्यक कार्रवाई और समन्वय के लिए भेजी गई है। सीडीओ ने स्पष्ट कर दिया है कि अब लापरवाही पर जवाबदेही तय होगी और लक्ष्य हर हाल में पूरा कराया जाएगा।

# गॉडविन संस्थान समारोह में राज्यपाल का संदेश शिक्षा और प्राकृतिक खेती

## रजत जयंती पर राज्यपाल ने दिया संस्कार अनुशासन खेती सुधार संदेश



**समाज जागरण छपरौली।** गुजरात एवं महाराष्ट्र के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने गॉडविन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के रजत जयंती वर्ष के अंतर्गत आयोजित नवोन्मेष समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर शिक्षा, संस्कार और प्राकृतिक खेती पर जोर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ तथा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। विद्या थिर्यों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम को आकर्षक बनाया। राज्यपाल ने संस्थान को 25 वर्ष पूरे होने पर बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा जीवन का सबसे बड़ा धन है, जो व्यक्ति और समाज के भविष्य को दिशा देता है। उन्होंने अभिभावकों से बेटा-बेटी में भेदभाव न करने, बच्चों की गतिविधियों पर निगरानी रखने और उन्हें अच्छे संस्कार देने की अपील की। साथ ही युवाओं को नशे और सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों से बचाने पर बल दिया। उन्होंने दोआब क्षेत्र की उर्वर भूमि का उल्लेख करते हुए किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने की सलाह दी। कहा कि रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक प्रयोग से मिट्टी की उर्वरता और पर्यावरण दोनों प्रभावित हो रहे हैं। गन्ने जैसी एक ही फसल की लगातार खेती से भी भूमि में पोषक तत्वों की कमी हो रही है। राज्यपाल ने जीवामृत तैयार करने की विधि बताते हुए किसानों से अपनी जमीन के एक हिस्से पर प्राकृतिक खेती का प्रयोग शुरू करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया गया तथा संस्थान की शैक्षिक यात्रा का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, संस्थान प्रबंधन और जिलाधिकारी अस्मिता लाल सहित प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# बाबा शाहमल की 229 वी जन्म जयंती धूमधाम से मनाई



**समाज जागरण**
बड़ौत। बिजरौल गांव के शाहमल स्मारक इंटर कॉलेज के मैदान में रविवार को 1857 की क्रांतिकारी के वीर सपूत अमर शहीद बाबा शाहमल वंशज पूर्व रमेश फौजी के नेतृत्व में बड़े उत्साह के साथ उनकी जन्मस्थली पर 229 वा जन्म जयंती समारोह मनाया गया। क्षेत्र के सम्मानित लोगों ने शाहमल के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए उनकी जन्मस्थली पर यज्ञ हवन किया गया। इसके उपरांत उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए एक जनसभा का आयोजन भी क्रांतिकारी स्थल पर किया गया। जिसमें दूर दराज से आए लोगों ने संबोधित करते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डाला। जनपद बागपत की धरती पर जन्मे किसान परिवार से जुड़े बाबा शाहमल के इतिहास को भुलाया नहीं जा सकता नहीं जा सकता। राज्य मंत्री केपी मलिक के पुत्र साहिल मलिक ने कहा कि अपने प्राणों को न्यौछावर करने वाले बाबा शाहमल का नाम आज देश-विदेश में भी जाना जाता है। कार्यक्रम को मुख्य रूप से संबोधित करने वालों में बाबा शाहमल के वंशज पूर्व रमेश फौजी अंतरराष्ट्रीय पहलवान सुभाष मलक पुर, सुमित फौजी रालोद नेता, पूर्व प्रधान राजू तोमर सिरसली, कर्नल ब्रह्मपाल सिंह तोमर विनोद खेड़ा हटाना, सुभाष शर्मा बावली, दीपक कुमार सिंह के अलावा काफी संख्या में लोगों को बाबा शाहमल की प्रतिमा देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर भारी संख्या में दूर दराज से आए लोगों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

# मुहम्मद दीपक को मिला खिदमत फाउंडेशन बड़ौत टीम का पूर्ण समर्थन

**समाज जागरण बड़ौत।**
खिदमत फाउंडेशन बड़ौत के अध्यक्ष मुहम्मद आजाद चौधरी ने दीपक कश्यप को रविवार को बजरंगी भाईजान बताते हुए कहा कि भाई दीपक ने कोटद्वार के अंदर बूढ़े बुजुर्ग बाबा का साथ देकर जो इंसानियत की मिसाल पेश की



है। वह कबीले तारीफ है। लेकिन उत्तराखंड पुलिस प्रशासन द्वार दीपक कश्यप पर लगाए गए मुकदमे बुनियाद है। हम शासन प्रशासन से आग्रह करना चाहते है। की इस सारे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर इन मुकदमों को खत्म करने की कृपा करे और जो गुनहगार है। उन उपद्रवों पर कठोरतम कार्यवाही कर जेल में डालने का काम करे। एडवोकेट आकिब चौधरी ने सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा हम बुलबुले है इसकी ये गुलसिता हमारा का पैगाम देते हुए दीपक कुमार उर्फ मुहम्मद दीपक का समर्थन किया।

# मोजीजाबाद नांगल में घूसखोर पंडत के फिल्म टाइटल पर बिखरा ब्राह्मण समाज

**समाज जागरण बड़ौत।**



गांव मोजीजाबाद नांगल में ब्राह्मण समाज में फैला आक्रोश। नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली फिल्म घूसखोर पंडत के नाम को लेकर ब्राह्मण समाज ने भारी आक्रोश है। ब्राह्मण समाज ने फिल्म के निमार्ता और अभिनेता की निंदा करते हुए सरकार से इसे बंद करने और दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। रविवार को तहसील अध्यक्ष मुकेश शर्मा मौजिजाबाद नांगल के निवास स्थान पर बैठक आयोजित की गई। चौधरी चौरासी देशखाप ब्राह्मण समाज सुभाष चन्द शर्मा ने कहा कि फिल्म का नाम ब्राह्मण समाज का अपमान कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस फिल्म के निर्मित से पहले इस को गंभीरता से लेकर इस पर विचार करना चाहिए था। उन्होंने कहा कि उन्हें इस अपमान के लिए शर्म आनी चाहिए। ब्राह्मण समाज ने इस फिल्म और फिल्म निमार्ता का विरोध किया। सर्वखाप चौधरी नरेश शर्मा, थंबा चौधरी ओमकार दत्त शर्मा, चौगामा खाप चौधरी आदेश शर्मा ने एकजुट होकर सरकार से मांग की है की फिल्म को पूरी तरह से बैन किया जाए और इसके निमार्ता तथा कलाकारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए ब्राह्मण समाज ने इस अपमान को बर्दाश्त न करने का संकल्प लिया है। बैठक मे थाबा चौधरी पट्टी रामपुर खेकड़ा पुनीत शर्मा, मास्टर रमेश शर्मा, राममेहर शर्मा बडौली, ब्लाक अध्यक्ष,मनु शर्मा टिकरी, श्याम बिहारी शर्मा, श्रीपाल शर्मा नंगल, बिल्लू शास्त्री, विक्रम शर्मा प्रधान, मनु शर्मा, अजय शर्मा, प्रमोद शर्मा अनिल शर्मा, राजनीश, नरेंद्र शर्मा, सुरेन्द्र, योगेश शर्मा, संजय कौशिक आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# लायंस क्लब बागपत ने लगाया निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर



**समाज जागरण बागपत।** लायंस क्लब बागपत एवं मां तुल्य हॉस्पिटल बागपत के सहयोग से रविवार को आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर बड़ी सफलता के साथ सम्पन्न हुआ। इस शिविर में कुल 125 मरीजों की विभिन्न महत्वपूर्ण स्वास्थ्य जांचें की गईं तथा अनुभवी डॉक्टरों द्वारा उनकी रिपोर्ट्स का मूल्यांकन कर उचित चिकित्सकीय परामर्श एवं सलाह प्रदान की गई। शिविर की शुरूआत सुबह 10 बजे से हुई, जिसमें शहरवासियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। उपलब्ध जांचों में ईसीजी, कोलेस्ट्रॉल, ब्लड शुगर, हीमो ग्लोबिन तथा अन्य आवश्यक टेस्ट शामिल थे।शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों को समय पर स्वास्थ्य जांच करवाकर बीमारियों से पूर्व बचाव को प्रोत्साहित करना था। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने सेवाएं प्रदान की, जिनमें डॉ अखिलेश कुमार (एमएस ऑर्थो) डॉ कशिश पुरी (एमबीबीएस, एमएस गायने कोलॉजिस्ट) डॉ आलोक अग्रवाल (एमबीबीएस ,एमएस जनरल सर्जरी) डॉ प्रशांत शर्मा (डायरेक्टर मां तुल्य हॉस्पिटल) आदि शामिल रहे। लायंस क्लब बागपत के अध्यक्ष अजय शर्मा ने बताया कि यह शिविर समाज में स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने सभी सदस्यों, डॉक्टरों एवं हॉस्पिटल स्टाफ का आभार व्यक्त किया, जो इस शिविर को सफल बनाने में सहयोगी बने। इस अवसर पर लायंस क्लब बागपत के कई प्रतिष्ठित सदस्य एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे, जिनमें डॉ विभाष राजपूत(मुख्य चिकित्सा अधीक्षक), विजयपाल यादव, गजेंद्र सिंह बली, राजपाल शर्मा, विजयपाल तोमर, परमवीर वर्मा, नीरज नैन, डॉ महेश शर्मा, डॉ महेंद्र सिंह धामा, राजेंद्र सिंह, प्रमोद प्रकाश शर्मा जितेंद्र कुमार पदम सिंह चौहान धीरज बंसल महबूब खान आदि प्रमुख थे।

# किसान यूनियन अखंड में नए सदस्यों का जुड़ाव संगठन हुआ मजबूत

## सदस्यता अभियान से किसानों मजदूरों को एकजुट करने की पहल तेज



**समाज जागरण**
बागपत। भारतीय किसान यूनियन अखंड द्वारा मेरठ रोड स्थित पशु पैठ के सामने रविवार को जिला संगठन मंत्री दिलशाद खान की दुकान पर सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला संगठन मंत्री दिलशाद खान और जिला सचिव इस्लाम अल्वी ने किया। इस अवसर पर शेख मसूरी के सदर नईम ने संगठन की नीतियों और किसान हितों से प्रभावित होकर पूरे उत्साह और विश्वास के साथ भारतीय किसान यूनियन अखंड की सदस्यता ग्रहण की। पदाधिकारियों ने उनका स्वागत करते हुए संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन अखंड किसानों, मजदूरों और मेहनतकश वर्ग के अधिकारों और सम्मान की आवाज है। संगठन का लक्ष्य गांव-गांव तक पहुंचकर अधिक से अधिक लोगों को जोड़ना और उनके हितों की मजबूत लड़ाई लड़ना है। कार्यक्रम में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी महेश कसाना और जिला अध्यक्ष धीरेंद्र कसाना के नेतृत्व की सराहना की गई। इस मौके पर अमित पंडित, नदीम राणा, समीर अब्बासी, गफ्फार खान, वाजिद खान, अफजल खान, कमल हसन, सलीम अब्बासी,रऊफ खान, जीशान खान, श्रेयांश ठाकुर, यशपाल, मेहताब, देशपाल, बॉबी जैन, अजय जैन, इलियास और राहुल सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

# रथयात्रा के साथ श्री समोशरण महामंडल विधान शुरू, समोशरण में उमड़ी भीड़

**समाज जागरण बागपत।**



भावलिंगी संत आचार्य श्री 108 विमर्श सागर महाराज के सानिध्य एवं श्री अजितनाथ दिगंबर जैन साधु सेवा समिति बडौत के तत्वावधान में ऋषभ सभागार मानस्तंभ परिसर गांधी रोड पर श्री समोशरण महामंडल विधान का शुभारंभ आदिनाथ भगवान की रथयात्रा एवं चौबीस तीर्थंकर भगवान की पालकी यात्रा से हुआ। चक्रवर्ती नितिन जैन सारथी के रूप में, सोधर्म इंद्र नरेश जैन खवासी के रूप में, कुबेर इंद्र अजय जैन और यज्ञनायक तरुण जैन, कुबेर के रूप में रथ पर सुशोभित हो रहे थे। अन्य चक्रवर्ती वैभव जैन,अनिल जैन, अजय जैन, विक्रम जैन, मुकेश जैन, प्रवीण जैन, अनुज जैन, संजय जैन, संकल्प जैन आदि भगवान की चौबीस प्रतिमाओं को पालकी में उठाये हुए थे। भारत के प्रसिद्ध बैंड धार्मिक धुन बजाते चल रहे थे, वहीं ढोल, ताशे,भजन मंडली की मधुर धुनों पर जैन श्रद्धालु भक्ति कर रहे थे। रथयात्रा श्री अजितनाथ दिगंबर जैन मंदिर मंडी से प्रारंभ होकर भगवान महावीर मार्ग, नेहरू मूर्ति होते हुए ऋषभ सभागार पहुचीं। जहां पर ध्वजारोहण प्रवीण जैन और मनोज जैन द्वारा किया गया। समोशरण उद्घाटन राजेश कुमार निखिल जैन ने किया। प्रथम शांति धारा विजेंद्र जैन द्वारा,चित्र अनावरण अतुल जैन सभासद द्वारा और दीप प्रज्वलन और पाद प्रक्षालन इंजीनियर सतेंद्र जैन द्वारा किया गया। शास्त्र भेंट प्रदीप जैन द्वारा किया गया। अतिथि भोजन व्यवस्था अतुल जैन एवं सुनील जैन द्वारा तथा शोध के भोजन की व्यवस्था जिनेंद्र कुमार रॉबिन जैन द्वारा की गई।सभी अतिथियों को स्वागत अध्यक्ष धनेंद्र जैन द्वारा सम्मानित किया गया। डॉक्टर श्रेयांस जैन एवं ब्रह्मचारी आशीष भैया के निर्देशन में मंडप शुद्धि, सकलीकरण आदि की धार्मिक क्रियाएं संपन्न हुई।विधान के प्रथम दिन प्रवचन देते हुए आचार्य श्री विमर्श सागर महाराज ने कहा कि पुण्य का उदय वही है, जब हमारे भावों में शुद्धता आ जाए।पुण्य का उदय तो आप सभी का तभी हो गया जब आपने शुद्ध भावों से चक्रवर्ती बनने का विधान में सम्मिलित होने का सौभाग्य प्राप्त किया। सभी नगरवासियों के एक साथ पुण्य उदय से ही सभी एक साथ जिनेंद्र भगवान की आराधना कर रहे हैं। जहाँ भगवान की आराधना होती है,वहाँ तीनों लोको के जीव उपस्थित होते है। यदि कोई पुण्य कर्म का संचय करता है तो सभी पाप कर्मों का नाश हो जाता है। प्रभु की आराधना से सभी अज्ञान दूर हो जाते हैं। शाम को गुरुभक्ति, आरती एवं मयूर आर्ट ग्रुप द्वारा धार्मिक नृत्य नाटिका राग से वैराग्य की ओर प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम में श्री अजितनाथ साधु सेवा समिति के अध्यक्ष महेंद्र जैन, कार्यकारी अध्यक्ष मुकेश जैन, मंत्री प्रदीप जैन, मुकेश जैन टेंट वाले, मीडिया प्रभारी वरदान जैन, संजय जैन, नवीन जैन, राकेश जैन, अनिल जैन, विवेक जैन, अनुज जैन, राजकुमार जैन, सुधीर जैन, राजेश जैन, अखिलेश जैन, अमित जैन, अशोक जैन आदि उपस्थित थे।

# खेत पर कमरे की छत उखाड़कर चोरी

**समाज जागरण कैराना।**

खेत पर बने नलकूप के कमरे की छत उखाड़ कर अज्ञात ने सामान चोरी किया। गांव झाडखेड़ी निवासी वीरेंद्र सिंह सैनी ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि पांच फरवरी की रात अज्ञात चोरों ने उसके खेत पर बने कमरे की छत उखाड़ दी। इसके बाद तार और अन्य कृषि यंत्र चोरी कर लिए। जब वह खेत पहुंचा, तो उसे चोरी की घटना की जानकारी हुई। मामले में पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

# सराफा व्यापारी एसोसिएशन की बैठक में उठाई गई कई समस्याएं

**समाज जागरण बागपत।**
बड़ौत नगर के अतिथि भवन में सराफा व्यापारी एसोसिएशन की एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में सराफा व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं पर, विचार विमर्श किया गया। बैठक में बहुत पुरानी हो चुकी गिरवी के संबंध में हो रहे विवादों पर विशेष ध्यान देने और पुलिस से सहयोग की अपेक्षा की। उपस्थित सराफा व्यापारियों ने निर्विरोध आलोक जैन, पन्ना परिवार को अध्यक्ष, अतुल जैन, स्नेह फार्म्स को महामंत्री और योगेश अग्रवाल को कोषाध्यक्ष के पद पर आसीन किया। सभी ने नए अधिकारियों के चयन पर प्रसन्नता प्रकट की और बधाई दी। सन्तोष ज्वैलर्स के प्रभात कुमार जैन ने बताया कि बैठक में सराफा व्यापारियों को प्राथमिकता के आधार पर शस्त्र लाइसेंस देने पर जोर दिया गया। बैठक में चयनित पात्रों के साथ सतीश जैन, नरेंद्र जैन, सुधीर जैन, सचिन जैन, प्रवीण जैन, नवीन जैन, राकेश जैन, विभोर अग्रवाल, सत्यम अग्रवाल, धनकुमार जैन, आकाश जैन, अजय जैन आदि मौजूद रहे।

# 25 वाहनों का चालान कर ढाई लाख रुपये जुमार्ना वसूला

**समाज जागरण**

बागपत। परिवहन विभाग ने यातायात निमयों का उल्लंघन कर 27 वाहनों का चालान कर ढाई लाख रुपये का जुमार्ना वसूल किया। साथ ही चार ओवरलोड वाहनों को सील किया गया। एआरटीओ विपिन कुमार ने बताया कि बागपत, बड़ौत खेकड़ा में वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया गया है। गलत साइड, बिना सीट बेल्ट लगाकर कार चलाने, हेल्मेट नहीं पहनने पर 27 वाहनों के चालान किए गए और उनसे ढाई लाख रुपये का जुमार्ना वसूला गया है। इसके अलावा चार ओवरलोड वाहन सील करने के बाद रमाला थाना में जमा कराए गए। बताया कि यह अभियान वाहन चालकों के खिलाफ जारी रहेगा।

# आईएनएस सुदर्शिनी ने लोकायन 26 के पहले पोर्ट कॉल को पूरा किया, भारत-ओमान समुद्री संबंधों को मजबूत किया

भारतीय नौसेना की सेल ट्रेनिंग शिप आईएनएस सुदर्शिनी ने 05 फरवरी 2026 को सलालाह, ओमान में अपना पहला पोर्ट कॉल सफलतापूर्वक पूरा किया। यह यात्रा जहाज की महत्वाकांक्षी दस महीने की महासागरीय यात्रा लोकायन 26 में एक महत्वपूर्ण पड़ाव साबित हुई। इसका उद्देश्य भारत की समृद्ध समुद्री विरासत और विश्व परिवार (वसुधैव कुटुम्बकम) के सिद्धांत को दुनिया भर में प्रदर्शित करना है। भ्रमण के दौरान आईएनएस सुदर्शनिनी के कमांडिंग ऑफिसर ने ओमान की रॉयल नेवी के साउदर्न नेवल एरिया



कमांडर कैप्टन मोहम्मद अल गैलेनी और रॉयल नेवी ऑफ ओमान के जहाज अल मोजेर के कमांडिंग ऑफिसर कैप्टन मोहम्मद अल महारी के साथ बातचीत की। इन संवादों में भारत और ओमान के बीच ऐतिहासिक समुद्री संबंधों को रेखांकित किया गया और दोनों नौसेनाओं के बीच मित्रता को और मजबूत किया गया। पेशेवर सहयोग को जारी रखते हुए जहाज ने रॉयल नेवी ऑफ ओमान के अधिकारियों के लिए भी एक यात्रा का आयोजन किया। लोगों के बीच संपर्क के प्रदर्शन में सैल ट्रेनिंग जहाज आगंतुकों के लिए खुला था। स्कूल के बच्चो सहित 600 से अधिक आगंतुकों को तीन-मास्टेड बार्क का प्रत्यक्ष अनुभव कराया गया और उन्हें महासागर में नौकायन की बारीकियों से परिचित कराया गया। आईएनएस सुदर्शिनी अब लोकायन 26 के अपने अगले चरण पर आगे बढ़ रही है और भारत की शाश्वत समुद्री विरासत को महासागरों में ले जा रही है। पाल फहराए और उत्साह बनाये रखते हुए, वह समुद्री उत्कृष्टता, मित्रता और सद्भावना का प्रतीक बनकर सेवा जारी रखती है।

# अज्ञात वाहन चालक पर रिपोर्ट दर्ज

**समाज जागरण**
कैराना। टक्कर मारकर घायल करने के मामले में अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया।

गांव बीनड़ा निवासी विशाल कुमार ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई। बताया कि 22 दिसंबर को वह बाइक द्वारा कैराना बाईपास की ओर आ रहा था। इस दौरान तेजी से लापरवाही से चलाए जा रहे वाहन ने गलत दिशा में आकर उसकी बाइक में टक्कर मार दी, जिस कारण वह घायल हो गया। परिवार के लोग उसे सरकारी अस्पताल ले गए, जहां से उसे रेफर कर दिया गया। मामले में पुलिस ने चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार

**समाज जागरण**
कैराना। शनिवार रात पुलिस ने चेकिंग के दौरान खुरगान फ्लाईओवर के पास से एक युवक को रोककर तलाशी ली, जिसके कब्जे से पांच लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी लव कुमार निवासी गांव अकबरपुर सुन्हेटी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके चालान कर दिया।

# प्रधानमंत्री ने मलेशिया के प्रधानमंत्री के साथ आधिकारिक वार्ता की

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का आज मलेशिया के प्रधानमंत्री, महामहिम दातो सेरी अनवर इब्राहिम द्वारा पेरडाना पुत्रा परिसर में स्वागत किया गया और उन्हें औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद, दोनों नेताओं ने प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के आधिकारिक निवास, सेरी पेरडाना में सीमित और प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की।

दोनों नेताओं ने कई मुद्दों पर बातचीत की और 2024 में दोनों देशों के बीच स्थापित व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने पर सहमति व्यक्त की। उन्होंने भारत-मलेशिया के सदियों पुराने संबंधों और प्रगाढ़ जन-संपर्क को याद किया, जो इस साझेदारी की आधारशिला हैं। नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं की विस्तार से समीक्षा की, जिसमें व्यापार, निवेश, रक्षा, सुरक्षा, समुद्री सहयोग, स्वच्छ ऊर्जा, इंफ्रास्ट्रक्चर, स्टार्टअप, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, आयुर्वेद, पर्यटन और सांस्कृतिक संबंधों जैसे प्राथमिकता वाले क्षेत्र शामिल रहे। उन्होंने सेमीकंडक्टर और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे उभरते क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर भी चर्चा की। नेताओं ने द्विपक्षीय डिजिटल काउंसिल के माध्यम से दोनों देशों के बीच डिजिटल सहयोग में हुई निरंतर प्रगति की सराहना की और फिनटेक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए यूपीआई और पे-नेट के बीच हुए समझौते का स्वागत किया।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने संसदीय और यूनिवर्सिटी एक्सचेंज के माध्यम से युवाओं के बीच जुड़ाव को मजबूत करने का आह्वान किया। इस संदर्भ में, उन्होंने भारत के नालंदा विश्व विद्यालय और यूनिवर्सिटी मलाया, तथा IIT मद्रास और मलेशिया की एडवांस्ड सेमीकंडक्टर एकेडमी के बीच चल रहे सहयोग का स्वागत किया। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि मलेशिया में भारत के पहले वाणिज्य दूतावास के खुलने से वाणिज्यिक और जन-संपर्क संबंधों को और मजबूती मिलेगी। दोनों नेताओं ने आपसी हितों के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर अपने दृष्टिकोण साझा किए, जिनमें ग्लोबल गवर्नेंस सुधार, हिंद-प्रशांत क्षेत्र और बढ़ती भारत-आसियान साझेदारी शामिल रही। प्रधानमंत्री ने एआईटीआईजीए की समीक्षा को जल्द से जल्द पूरा करने का आह्वान किया।

प्रधानमंत्री ने 2025 में आसियान की सफल अध्यक्षता के लिए प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम को बधाई भी दी। प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने 2026 में भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता के लिए अपनी शुभकामनाएं और समर्थन व्यक्त किया। प्रधानमंत्री ने पहलगाम आतंकी हमले और लाल किले के विस्फोट की कड़ी निंदा करने के लिए प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम को धन्यवाद दिया और आतंकवाद के विरुद्ध निरंतर घनिष्ठ सहयोग का आह्वान किया।

## 22 फरवरी को श्रीश्याम मित्र मंडल बहल की पैदल निशान यात्रा, 500 से अधिक श्रद्धालु होंगे शा

**दैनिक समाज जागरण, ( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल,8 फरवरी। श्रीश्याम मित्र मंडल, बहल की हर वर्ष की भांति निरंतर श्रीखाटू श्याम फाल्गुन महोत्सव पैदल निशान यात्रा 22 फरवरी को रिंगस से श्रीश्याम मंदिर खाटू तक। बहल से खाटूश्यामजी बस यात्रियों की रिंगस से श्रीश्याम मंदिर खाटू तक पारिवारिक पदयात्रा 22 फरवरी को आयोजित की जाएगी। यह यात्रा राष्ट्रीय अमन-चैन, स्मृद्धि तथा लोकहित को समर्पित रहेगी और इस यात्रा में 500 से अधिक श्रद्धालु शामिल हो निशान यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए यात्रा मंगल के प्रवक्ता अनिमेष केडिया व राहुल शर्मा ने बताया कि इसके लिए 22 फरवरी को बसों में सवार होकर यात्री रिंगस पहुंचेंगे और रिंगस से श्रीखाटू श्याम मंदिर तक निशान यात्रा निकाली जाएगी।

## पूर्व सैनिक समिति सदस्य सज्जन सिंह फौजी के पिता चौ. इंद्र सिंह का निधन

**दैनिक समाज जागरण, ( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल, 8 फरवरी। पूर्व सैनिक कष्ट निवारण समिति व बलिदानी स्मारक निर्माण समिति के सदस्य सज्जन सिंह फौजी के पिता चौ. इंद्रसिंह का विगत दिवस निधन हो गया है। वे 88 वर्ष के थे। उनके निधन पर गांव बिधनोई स्थित आवास पर पहुंच सांत्वना देने वालों का तांता लगा है और शोकाकुल को सांत्वना देते हुए दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि भेंट कर रहे हैं। दिवंगत इंद्र सिंह पर पूर्व सैनिक कष्ट निवारण समिति, मंडल भाजपा के पदाधिकारी, बहल मंडी व मार्केट व विभिन्न सामाजिक संगठनों व प्रबुद्ध नागरिकों ने गहरा शोक जताया है।

## 15 फरवरी से शुरू होगी एपीएल सीजन-7 इनामी क्रिकेट प्रतियोगिता

**दैनिक समाज जागरण, ( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल, 8 फरवरी। एपीएल सैशन-7 (अलख प्रीमियर लीग), बहल की सात दिवसीय इनामी क्रिकेट प्रतियोगिता आगामी 15 फरवरी से प्रारंभ होगी। प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार के तौर पर विजेता टीम को इनाम 1 लाख 51 हजार रुपए व ट्राफी, द्वितीय इनाम 75 हजार व ट्राफी तथा तृतीय पुरस्कार के रूप में 21 वह ट्राफी पुरस्कार स्वरूप भेंट की जाएगी। प्रतियोगिता के मैन आफ दी सीरीज को 21 हजार रुपए का नगद पुरस्कार दिया जाएगा। प्रतियोगिता में पहले इंट्री पाने वाली 48 टीमों को ही प्रतियोगिता में खेलने का अवसर दिया जाएगा तथा प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू किया जा चुका है। यह जानकारी देते हुए प्रतियोगिता के प्रबंधन मंडल के सदस्य योगेश शर्मा बीडीसी व दीपक यादव ने बताया कि प्रतियोगिता में बेस्ट बैटमैन व बेस्ट बालर को भी इनामी राशि से पुरस्कार किया जाएगा। यह प्रतियोगिता तहसील कार्यालय,बहल के सामने श्रीशंकरमल साबू राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के क्रीड़ांगन के क्रिकेट मैदान में खेली जाएगी।

## 16 से 22 फरवरी तक होगा श्रीराम कथा पाठ, फाल्गुन महोत्सव पर होंगे धार्मिक आयोजन

**दैनिक समाज जागरण, ( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल, 8 फरवरी। फाल्गुन महोत्सव व ब्रह्म चैतन्य क्षेत्र के सर्वमान्य योग तपस्वी महंतश्री बाबा रति गिरी महाराज के निर्वाण दिवस के उपलक्ष्य में श्री राम कथा पाठ आगामी 16 से 22 फरवरी तक श्रवण किया जा सकेगा। यह जानकारी देते हुए श्रीअलख आश्रम के महंतश्री बाबा विकास गिरी महाराज ने बताया कि इसी संदर्भ में 16 फरवरी को सुबह सवा 9 बजे महिलाओं द्वारा नगर कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा तथा बाद दोपहर सवा एक बजे से सवा कर बजे तक कथा का श्रवण किया जाएगा। कथा पाठ कथा प्रवक्ता ब्रह्मचारी महंतश्री पारुल संजीवनी, संजीवनी आश्रम सिवानी के मुखारविंद से होगा। 22 फरवरी को कथा समापन पर शांति हवन यज्ञ का आयोजन भी किया जाएगा।

## हरियाणा के राष्ट्रीय खेल पदक विजेताओं का 9 फरवरी को होगा भव्य सम्मान

**दैनिक समाज जागरण**

चंडीगढ़। उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों में शानदार प्रदर्शन करने वाले हरियाणा के खिलाड़ियों के लिए राज्य सरकार द्वारा भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी 9 फरवरी को गुरुग्राम स्थित ताऊ देवीलाल स्टेडियम में राष्ट्रीय खेलों के पदक विजेताओं को सम्मानित करेंगे।

इस समारोह में हरियाणा के खिलाड़ियों ने जिन पदकों से राज्य का नाम रोशन किया, उन्हें विशेष रूप से सम्मान दिया जाएगा। 38वें राष्ट्रीय खेलों में हरियाणा ने कुल 48 स्वर्ण, 47 रजत और 58 कांस्य पदक हासिल किए। इसके साथ ही खेलों में भाग लेने वाले कुल 689 खिलाड़ी और कोच भी इस सम्मान समारोह का हिस्सा होंगे।

राज्य सरकार का यह आयोजन खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने और खेल संस्कृति को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। मुख्यमंत्री खिलाड़ियों से संवाद भी करेंगे और उनके उज्वल भविष्य की कामना करेंगे। कार्यक्रम में खेल विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, जनप्रतिनिधि और खेल प्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे। हरियाणा सरकार लगातार खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने, बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने और खिलाड़ियों को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। यह सम्मान समारोह उसी प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

## सूरजकुंड मेले में हादसे पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जताया शोक, सहायता की घोषणा

**दैनिक समाज जागरण**

चंडीगढ़। फरीदाबाद के सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय हस्तशिल्प मेले में झूला टूटने से हुए दुखद हादसे पर मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने गहरा शोक व्यक्त किया है। इस हादसे में शहीद हुए इंस्पेक्टर के बलिदान को नमन करते हुए मुख्यमंत्री ने उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने घटना को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए शहीद इंस्पेक्टर के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की घोषणा की है। इसके साथ ही हादसे में घायल हुए सभी लोगों को एक-एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि घायलों का इलाज अच्छे और उच्चस्तरीय अस्पतालों में कराया जाएगा, जिसका पूरा खर्च राज्य सरकार वहन करेगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने मेले और अन्य सार्वजनिक आयोजनों में सुरक्षा मानकों की गहन समीक्षा करने और लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। राज्य सरकार की ओर से पीड़ित परिवारों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी स्तर पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## शालीमार बाग की सेवा के एक वर्ष पूर्ण, विधायक रेखा गुप्ता ने जताया जनता का आभार

नई दिल्ली। शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र से विधायक रेखा गुप्ता ने अपने कार्यकाल के एक वर्ष पूर्ण होने पर क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि ठीक एक वर्ष पहले 8 फरवरी को शालीमार बाग की जनता ने उन्हें विधायक चुनकर दिल्ली की सेवा का अवसर दिया और अपना आशीर्वाद प्रदान किया। रेखा गुप्ता ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और विश्वास के साथ दिल्ली की सेवा का जो दायित्व उन्हें सौंपा गया है, उसे वह हमेशा एक कर्तव्य के रूप में पूरी निष्ठा और सेवाभाव के साथ निभा रही हैं। उन्होंने बताया कि बीते एक वर्ष में जनता का स्नेह और भरोसा ही दिल्ली के विकास की सबसे बड़ी ताकत बना है।

## स्व. प्रहलाद राय गर्ग की स्मृति में निशुल्क कैंसर व अन्य मैडीकल जांच शिविर आयोजित

**(रघुनंदन पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**



जैतो, 8 फरवरी : रोटरी क्लब जैतो द्वारा मारवाड़ी सभा जैतो के प्रधान व प्रसिद्ध समाज सेवी राज कुमार गर्ग (राजू भाई) द्वारा अपने भाई स्व. प्रहलाद राय गर्ग की स्मृति में आज चौधरी चिरंजी लाल धर्मशाला जैतो में आम जनता के स्वास्थ्य को समर्पित एक महत्वपूर्ण पहल के तहत कैंसर व अन्य मैडीकल जांच शिविर आयोजित किया गया। इस विशाल शिविर का उद्घाटन कांता देवी गर्ग ने रिबन काटकर किया।यह जानकारी रोटरी क्लब के शिविर चेयरमैन ओमप्रकाश (ओमी) पटवारी ने देते हुए बताया कि इस शिविर का आयोजक मारवाड़ी सभा के प्रधान प्रसिद्ध समाज सेवी राज कुमार गर्ग (राजू भाई) व परिवार द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि इस शिविर में कैंसर चैकअप वैन फरीदकोट के अलावा बच्चों के विशेषज्ञ डा.जिवेश लूना डी.एम. दिल्ली व गायनी विशेषज्ञ डा.नूपर गर्ग डी.एम. दिल्ली,डा.रिधि डेमबल ,डा.परगट सिंह सर्जरी,डा. ज्योति यादव सर्जरी,डा.गुरचंदन दीप सिंह व डा.कशीजीत त्यागी ने मरीजों का चैकअप किया।मरीजों को दवाएं मुफ्त में दी गई। इस अवसर पर अन्य लोगों के अलावा आढ़तियां एसोसिएशन के पूर्व प्रधान राज गर्ग राजू, प्रदमन गर्ग सी.ए.,रोटरी क्लब के अध्यक्ष अनिल गर्ग एडवोकेट, सविंदर कोचर,सोम जिंदल,अमित गर्ग, प्रेमनाथ गर्ग,चतर सिंह मक्कड़, डा.रमेश जैन, जगदीश गर्ग, विकास डोड, तनुज जिंदल,प्रदीप सिंगला,परवीण जिंदल,विक्की गर्ग, वरूण गर्ग, श्यामलाल गोयल, मास्टर कुलबीर सिंह,रूलिया राम सिंगला गीजीवाला,अनिल मित्तल,पूर्व पार्षद प्रेमनाथ प्रेमी, अशोक कुमार गर्ग बठिंडा, सुभाष गर्ग बठिंडा,अशोक जिंदल पत्रकार,करण बांसल, विशाल बांसल,श्रीमती विजय गर्ग, पूजा गर्ग, स्वीटी गर्ग, चंद्र लेखा जिंदल व श्रीमती प्रवीण गर्ग आदि उपस्थित थे।

## नप के वार्ड नंबर 28 में गली के साथ होने वाली रिपेयर में कालोनी के लोगों ने लगाया भेदभाव का आरोप।

### पार्षद ने लोगों के आरोपी को नकारा, कहा रिपेयर में रखा गया है गुणवत्ता का ध्यान।

**समाज जागरण अश्विनी वालिया**



कुरुक्षेत्र शहर में नगर परिषद के वार्ड नंबर 28 के रामचंद्र कॉलोनी में गली के निर्माण को लेकर लोगों ने वार्ड के पार्षद पर आरोप लगाया है कि पार्षद ने अपने चहेते लोगों के सामने गली को ठीक-ठाक बनवा दिया है। जबकि दूसरे अन्य घरों के सामने गली रिपेयर निर्माण में लीपा पोती की गई है। कॉलोनी के लोगों का आरोप है कि गली के साथ-साथ बनने वाली रिपेयर में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया । गली में निर्माण में मानकों के तहत कार्य नहीं किया गया। लोगों का आरोप है कि निर्माण के दौरान केवल लीपापोती की गई है। बता दें कि वार्ड नंबर 28 के रामचंद्र कॉलोनी में पिछले एक महीने से गली के निर्माण को लेकर सड़क उखाड़ी गई थी । लंबे इंतजार के बाद कॉलोनी की सड़क तो बन गई । लेकिन गली की साइड में जो रिपेयर की जानी थी उसे अधर मे छोड़ दिया था। तकरीबन 15 दिन के बाद रविवार को गली की साइड में छोड़े गए कार्य की रिपेयर का काम शुरू किया गया था। कॉलोनी निवासी रिचा , रामदुलारी , राकेश व सीता ने आरोप लगाया कि गली की रिपेयर में भी लीपापोती की गई। उनका आरोप था कि पार्षद के चहेते लोगों के घरों के सामने तो रिपेयर बढ़िया तरीके से की गई । लेकिन कई जगह पर रिपेयर के नाम पर लीपा पोती की गई । लोगों ने आरोप लगाया कि उन्होंने पार्षद को कई बार उनके मोबाइल पर फोन किया, लेकिन उन्होंने मोबाइल रिसीव नहीं किया। कॉलोनी की एक महिला ने आरोप लगाया कि उन्होंने पार्षद को कई बार फोन किया लेकिन पार्षद ने ना तो फोन उठाया और ना ही मौके पर पहुंचा। महिला का आरोप है कि जब पार्षद के चहेते के सामने रिपेयर की गई तो खुद पार्षद ने खड़े होकर वहां पर रिपेयर कराई ।

इस बारे में जब नगर पार्षद नरेंद्र चौहान राजू से उनका पक्ष जाना गया तो उन्होंने लोगों के आरोपी को नकारते हुए बताया कि उन्होंने कोई भेदभाव नहीं किया है। गली बनाने वाले ठेकेदार ने गुणवत्ता का ध्यान रखा है। और मानकों के तहत ही गली की रिपेयर का निर्माण किया गया है। गली का निर्माण करने वाले ठेकेदार को भी निर्माण में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखने के लिए निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि अगर लोगों को गली की रिपेयर में कोई कमी या घटिया सामग्री लगाने की बात है तो वह मौके पर जाकर इसका जायजा लेंगे और लोगों की मांग के अनुसार ही गली की रिपेयर करवाई जाएगी।

## पलवल के आलाहपुर गांव में बनेगा आधुनिक बच्चों का पार्क, 8.68 करोड़ की परियोजना को मिली मंजूरी

पलवल। पलवल जिले के आलाहपुर गांव में दिल्ली-आगरा नेशनल हाईवे के किनारे दिव्य नगर योजना के अंतर्गत प्रस्तावित बच्चों के पार्क को प्रशासनिक मंजूरी प्रदान कर दी गई है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर कुल 8 करोड़ 68 लाख 48 हजार रुपये की लागत आएगी। पार्क के निर्माण से क्षेत्र के बच्चों और युवाओं को एक आधुनिक, सुरक्षित और सुविधायुक्त मनोरंजन स्थल उपलब्ध होगा।

खेल राज्य मंत्री श्री गौरव गौतम ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य बच्चों और युवाओं के लिए बेहतर खेल एवं मनोरंजन सुविधाएं विकसित करना है, ताकि वे स्वस्थ, सक्रिय और सकारात्मक जीवनशैली अपना सकें। उन्होंने कहा कि यह पार्क न केवल बच्चों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा, बल्कि आसपास के क्षेत्रों के परिवारों के लिए भी एक बेहतर सार्वजनिक स्थल के रूप में विकसित होगा।

प्रस्तावित पार्क में बच्चों के खेलने के लिए आधुनिक झूले, ओपन जिम, हरित क्षेत्र, पैदल पथ और बैठने की समुचित व्यवस्था की जाएगी। साथ ही सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखा जाएगा। यह परियोजना क्षेत्र के सौंदर्यीकरण के साथ-साथ सामाजिक विकास में भी अहम भूमिका निभाएगी। राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत यह पार्क योजना दिव्य नगर क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है, जिससे स्थानीय लोगों को बेहतर सुविधाओं का लाभ मिलेगा।

## दिल्ली पुलिस की बड़ी कार्रवाई: साइबर अपराध, नशा तस्करी और मानव तस्करी पर कड़ा प्रहार

**समाज जागरण**

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने अपराध के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए एक ही दिन में कई बड़ी सफलताएं हासिल की हैं। साइबर अपराध पर लगाम कसने के लिए चलाए गए CyHawk 3.0 ऑपरेशन के तहत दो दिनों में 6,500 से अधिक लोगों से पूछताछ की गई, जबकि 955 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इस अभियान का उद्देश्य ऑनलाइन ठगी और साइबर फ्रॉड के मामलों पर प्रभावी नियंत्रण करना है।

इसी क्रम में दिल्ली पुलिस ने एक अंतरराज्यीय ड्रग तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से करीब 48 किलोग्राम साइकोट्रॉपिक पदार्थ बरामद किए हैं, जिनकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 50 करोड़ रुपये आंकी गई है। यह नेटवर्क पांच राज्यों में फैला हुआ बताया जा रहा है।

मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए रानी बाग थाना, आउटर डिस्ट्रिक्ट की पुलिस टीम ने ऑपरेशन मिलाप के तहत मात्र दो घंटे के भीतर तीन लापता बच्चों को खोजकर उनके परिजनों से सुरक्षित मिलवाया। इसके अलावा दिल्ली पुलिस ने एक सेक्स रैकेट का पदार्फाश कर 11 लड़कियों को रेस्क्यू किया, जिनमें पांच नाबालिग भी शामिल हैं। इस कार्रवाई को महिला एवं बाल सुरक्षा की दिशा में एक बड़ी सफलता माना जा रहा है। दिल्ली पुलिस की ये कार्रवाइयां कानून-व्यवस्था बनाए रखने और जनता की सुरक्षा के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दशार्ती हैं।

## दिल्ली में 500 ईवी बसों और दिल्ली-पानीपत इंटर-स्टेट बस सेवा का शुभारंभ, ग्रीन मोबिलिटी की दिशा में बड़ा कदम

**समाज जागरण**



नई दिल्ली। दिल्ली में ग्रीन मोबिलिटी को नई गति देते हुए 500 इलेक्ट्रिक बसों और दिल्लीझपानीपत इंटर-स्टेट बस सेवा का शुभारंभ किया गया है। इस अवसर पर भाजपा ने भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नितिन नवीन का आभार व्यक्त किया। यह पहल दिल्ली को पर्यावरण के अनुकूल और भविष्य के लिए तैयार राजधानी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

भाजपा नेत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि अब देश की सबसे बड़ी ईवी बस फ्लीट के साथ दिल्ली ग्रीन मोबिलिटी में मार्गदर्शक की भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक बसों के संचालन से न केवल प्रदूषण में कमी आएगी, बल्कि आम नागरिकों को आधुनिक, सुलभ और किफायती परिवहन सुविधा भी मिलेगी।

उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में विकास और पर्यावरण एक-दूसरे के पूरक बनकर आगे बढ़ रहे हैं। विकसित भारत के संकल्प के साथ दिल्ली आज एक ग्रीन और फ्यूचर-रेडी राजधानी के रूप में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रही है।

रेखा गुप्ता ने कहा कि यह बदलाव न केवल वर्तमान की आवश्यकता है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए हमारी सामूहिक जिम्मेदारी भी है। यह पहल स्वच्छ, सुरक्षित और टिकाऊ परिवहन व्यवस्था की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।

## अमृतसर रेलवे स्टेशन पर 'रेल वन ऐप' से टिकट खरीदने को लेकर यात्रियों को किया गया जागरूक

**(रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**



जैतो,8 फरवरी : यात्रियों की सुविधा एवं डिजिटल टिकटिंग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अमृतसर रेलवे स्टेशन पर ह्यरेल वन ऐपह्न के माध्यम से टिकट खरीदने को लेकर विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान मंडल रेल प्रबंधक श्री संजीव कुमार के मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री परमदीप सिंह सैनी के दिशा-निदेर्शों में आयोजित किया गया। अभियान के दौरान स्टेशन परिसर में बैनर एवं स्टैंडी लगाकर यात्रियों को ह्यरेल वन ऐपह्न के लाभों से अवगत कराया गया। मौके पर लगभग 200 यात्रियों के मोबाइल फोन में रेल वन ऐप इंस्टॉल कराया गया। इस पहल को यात्रियों, विशेषकर युवाओं, ने सराहा और डिजिटल टिकटिंग को अपनाने में उत्साह दिखाया।यात्रियों को बताया गया कि इस ऐप के माध्यम से टिकट खरीदने पर 3 प्रतिशत बोनस मिलता है, टिकट काउंटर पर लंबी कतार से छुटकारा मिलता है, सभी लेन-देन पूर्णतः ऑनलाइन होते हैं और खुले पैसों की कोई समस्या नहीं रहती। रेलवे स्टाफ द्वारा यात्रियों को ऐप डाउनलोड करने, पंजीकरण एवं टिकट बुकिंग की पूरी प्रक्रिया की जानकारी दी गई। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री परमदीप सिंह सैनी ने यात्रियों से अपील की कि वे रेल वन ऐप का अधिक से अधिक उपयोग कर सुविधाजनक, पारदर्शी एवं सुरक्षित रेल यात्रा सुनिश्चित करें।

## रेलवे स्टेशन पर "फोर्ट्रेस चैक" के तहत विशेष टिकट जांच अभियान दौरान 327 बिना टिकट यात्रियों से 2.77 लाख रुपए जुमार्ना वसूला

**(रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**



जैतो,8 फरवरी : उत्तर रेलवे के फिरोजपुर रेल मंडल द्वारा एतवार को जारी प्रैस विज्ञप्ति में कहा कि बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों पर रोक लगाने के उद्देश्य से उत्तर रेलवे के फिरोजपुर मंडल द्वारा 7 फरवरी 2026 को लुधियाना रेलवे स्टेशन पर एक विशेष टिकट जांच अभियान फोर्ट्रेस चेक चलाया गया। इस विशेष अभियान के दौरान कुल 327 बिना टिकट यात्रियों को पकड़ा गया, जिनसे 2,77,000/- का राजस्व वसूला गया। यह अभियान सुबह 9.00 बजे से शाम 17.00 बजे तक लगातार चलाया गया, जिसमें लगभग 20 टिकट जांच स्टाफ एवं आरपीएफ के जवान शामिल रहे रेलवे में फोर्ट्रेस चेक एक विशेष एवं सघन जांच अभियान होता है, जिसके अंतर्गत किसी स्टेशन, ट्रेन या रेलखंड में बिना पूर्व सूचना सघन टिकट जांच की जाती है। इस दौरान टिकट चैकिंग स्टाफ तथा आरपीएफ की संयुक्त टीम द्वारा यात्रियों के टिकट, पहचान पत्र एवं रेलवे नियमों का कड़ाई से निरीक्षण किया जाता है। इसका उद्देश्य बिना टिकट यात्रा पर रोक लगाना और राजस्व वृद्धि सुनिश्चित करना होता है।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री परमदीप सिंह सैनी ने यात्रियों से अपील की है कि वे वैध टिकट लेकर ही यात्रा करें। यात्रियों की सुविधा एवं राजस्व सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के विशेष टिकट जांच अभियान जारी रहेंगे।

## कुरुक्षेत्र में 41वीं राज्य पशुधन प्रदर्शनी का समापन, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गिनाई सरकार की योजनाएं

**समाज जागरण**

कुरुक्षेत्र। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कुरुक्षेत्र में आयोजित 41वीं राज्य पशुधन प्रदर्शनी के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। तीन दिवसीय यह प्रदर्शनी ग्रामीण संस्कृति, पशुधन परंपरा और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में प्रदेश के मजबूत संकल्प का सशक्त उदाहरण बनी।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि पशुपालन हरियाणा की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और सरकार पशुपालकों के कल्याण के लिए निरंतर योजनाएं चला रही है। उन्होंने बताया कि पशुपालकों को पशुधन क्रेडिट कार्ड की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे उन्हें आर्थिक संबल मिल रहा है। अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत प्रदेश में अब तक 35 हजार से अधिक पशुधन इकाइयां स्थापित की जा चुकी हैं।

मुख्यमंत्री ने बताया कि दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दुग्ध उत्पादन प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत सहकारी दुग्ध उत्पादकों को लगभग 70 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि दी गई है। इसके अलावा 20 से अधिक पशुओं की हाईटेक डेयरी स्थापित करने के लिए पशुपालकों को पांच वर्षों तक ब्याजमुक्त ऋण की सुविधा प्रदान की जा रही है।

उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रदर्शनियां न केवल पशुपालकों को नई तकनीक और नस्ल सुधार की जानकारी देती हैं, बल्कि ग्रामीण संस्कृति को सहेजने का भी कार्य करती हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पशुपालक, अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## सूरजकुंड मेला दुर्घटना: डीजीपी अजय सिंघल ने घायलों का जाना हालचाल, बेहतर उपचार के निर्देश

फरीदाबाद। सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय हस्तशिल्प मेले में हुई दुर्घटना के बाद पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) श्री अजय सिंघल ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना। उन्होंने चिकित्सकों से उपचार की स्थिति की जानकारी ली और स्पष्ट निर्देश दिए कि इलाज में किसी भी प्रकार की कमी न रहने पाए।

डीजीपी ने अस्पताल प्रशासन को घायलों को हर संभव और बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश देते हुए कहा कि पीड़ितों का शीघ्र और प्रभावी उपचार सरकार व पुलिस की प्राथमिकता है। उन्होंने घायलों और उनके परिजनों से बातचीत कर उन्हें हरसंभव सहयोग का आश्वासन भी दिया।

इस अवसर पर डीजीपी अजय सिंघल ने दुर्घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक आयोजनों में नागरिकों की सुरक्षा सर्वोपरि है और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की जा रही है। हरियाणा पुलिस पूरी संवेदनशीलता के साथ स्थिति पर नजर बनाए हुए है। राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन द्वारा पीड़ितों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के निदेर्शों के अनुरूप प्रशासन पूरी तत्परता से राहत एवं उपचार कार्यों में जुटा हुआ है।

## दिल्ली पुलिस की 'PFWS मिशन ओलंपिक्स' खेल प्रतियोगिता 2026 का समापन, खिलाड़ियों ने जीते 82 पदक

**समाज जागरण**




नई दिल्ली। वार्षिक खेल महोत्सव 2026 "PFWS मिशन ओलंपिक्स" का समापन समारोह आज किंग्सवे कैंप स्थित न्यू पुलिस लाइंस स्पोर्ट्स ग्राउंड में आयोजित किया गया। समारोह में दिल्ली पुलिस आयुक्त श्री सतीश गोलछा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं, विशेष अतिथि के तौर पर ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पद्मश्री दत्तात्रेय योगेश्वर (योगेश्वर दत्त) तथा पीएफडब्ल्यूएस की अध्यक्ष श्रीमती रचना गोलछा ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

समारोह में ओएनजीसी, इंडियन ऑयल और दिल्ली ओलंपिक एसोसिएशन के प्रतिनिधियों सहित कई गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। खेल आयोजन का उद्देश्य पुलिस कर्मियों और उनके परिवारों में खेल भावना को बढ़ावा देना और फिटनेस के प्रति जागरूकता पैदा करना रहा।

प्रतियोगिता में पीएफडब्ल्यूएस के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 132 पदकों में से 82 पदक अपने नाम किए। इनमें 32 स्वर्ण, 26 रजत और 24 कांस्य पदक शामिल हैं। इसके साथ ही खिलाड़ियों ने कई टीम ट्रॉफियां भी जीतीं।

खिलाड़ियों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन को उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर प्रशिक्षण का परिणाम बताया गया। समारोह के अंत में विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया और भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए उनका उत्साहवर्धन किया गया।

## परीक्षा पे चर्चा 2026: प्रधानमंत्री मोदी ने छात्रों से किया आत्मीय संवाद, तनाव को बनाया आत्मविश्वास

**समाज जागरण**

नई दिल्ली। परीक्षा पे चर्चा 2026 के दूसरे एपिसोड में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने देशभर के विभिन्न राज्यों से आए छात्रों के साथ एक सार्थक और आत्मीय संवाद किया। यह बातचीत किसी कक्षा के उपदेश जैसी नहीं, बल्कि मार्गदर्शन से भरी एक सहज और दिल से जुड़ी चर्चा रही।

इस एपिसोड में प्रधानमंत्री ने छात्रों की बातों को ध्यान से सुना, उनकी चिंताओं को समझा और परीक्षा से जुड़े तनाव को दूर करने के लिए सरल व संवेदनशील सुझाव दिए। उन्होंने विद्यार्थियों को यह समझाया कि परीक्षा केवल अंकों तक सीमित नहीं होती, बल्कि यह आत्मविश्वास, स्पष्ट सोच और सकारात्मक मानसिकता का भी इम्तिहान होती है। प्रधानमंत्री मोदी ने छात्रों को खुद पर भरोसा रखने, अपनी क्षमताओं को पहचानने और दबाव को अवसर में बदलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सही सोच और संतुलित मन से ही सफलता का रास्ता तय होता है।

# क्रेशर व्यवसायी की सिर कुचल कर निर्शंस हत्या, क्षेत्र में दहशत का माहौल

## खनन क्षेत्र बना खून का मैदान, सीसीटीवी तोड़कर वारदात से हड़कंप

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**

ओबरा/ सोनभद्र। ओबरा थाना क्षेत्र के बघमनवा खनन क्षेत्र में शनिवार रात एक क्रेसर व्यवसायी की सिर कुचलकर नृशंस हत्या कर दी गई। इस दिल दहला देने वाली वारदात से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है,

**वहीं खनन व्यवसायियों में दहशत का माहौल है।**

हत्या बघमनवा के पास स्थित क्रेसर प्लांट के समीप बने ऑफिस में की गई, जहां व्यवसायी रोज की तरह सो रहे थे। मृतक की पहचान 78 वर्षीय विष्णु हरी उपाध्याय पुत्र स्वर्गीय केदारनाथ उपाध्याय के रूप में हुई है। वह गिरधर स्टोन से जुड़े थे और प्रसिद्ध क्रेसर व्यवसायी माधव हरि उपाध्याय के सगे भाई थे। मूल रूप से थाना गोपीगंज, जिला



भदोही के निवासी विष्णु हरी उपाध्याय ओबरा क्षेत्र में व्यवसाय के चलते बाबा धुलाई शिव नगर कॉलोनी में रह रहे थे।

**सिर पर पत्थर से हमला, मौके पर ही मौत**

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि हमलावरों ने भारी पत्थर से सिर पर ताबड़तोड़ वार कर व्यवसायी की हत्या की। शव ऑफिस के अंदर खून से लथपथ हालत में मिला। सुबह घटना की जानकारी मिलते ही पीआरबी, ओबरा पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची।

**सीसीटीवी कैमरे तोड़े गए, चोरी की भी आशंका**

घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों को हमलावरों ने जानबूझकर क्षतिग्रस्त कर दिया, जिससे वारदात पूर्व नियोजित होने की आशंका और गहरा गई है। पुलिस को चोरी की भी आशंका है, क्योंकि ऑफिस के अंदर सामान बिखरा मिला।

**उच्च अधिकारियों ने किया मौके का निरीक्षण**

घटना की गंभीरता को देखते हुए एडिशनल एसपी सोनभद्र अनिल कुमार और क्षेत्राधिकारी ओबरा अमित कुमार स्वयं मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया।

फॉरेंसिक टीम ने भी मौके से वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्र किए हैं।

परिजनों में कोहराम, न्याय की मांग सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजनों का शव देखकर रो-रोकर बुरा हाल हो गया। परिवार ने इस हत्या को लेकर गहरी साजिश की आशंका जताई है।

**पुलिस का बयान**

मौके पर मौजूद एडिशनल एसपी अनिल कुमार ने बताया–

मृतक के सिर पर गंभीर चोट के निशान हैं। प्रथम दृष्टया पत्थर से वार कर हत्या की गई है। परिजनों की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जाएगा। हत्या और चोरी–दोनों बिंदुओं पर जांच चल रही है। आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**खनन क्षेत्र की सुरक्षा पर फिर उठे सवाल**

इस घटना ने एक बार फिर खनन क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है। सवाल उठ रहा है कि आखिर भारी पुलिस मौजूदगी के दावों के बावजूद अपराधी इतने बेखौफ कैसे हैं?

# रांग साइड, तेज गति और नशे में वाहन चलाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

### पीस कमेटी की बैठक में वाहन मालिकों को दी गई कड़ी हिदायत

**आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण**

चोपन/ सोनभद्र। रविवार को थाना चोपन परिसर में प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट मोटर वाहन मालिक, गणमान्य नागरिक एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करना एवं सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना रहा।



बैठक के दौरान प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार मिश्रा ने वाहन मालिकों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि वे अपने-अपने वाहनों के चालकों को स्पष्ट रूप से हिदायत दें कि वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पूर्ण रूप से पालन करें। उन्होंने कहा कि कोई भी चालक वाहन को तेज गति से न चलाए, रांग साइड वाहन न चलाए तथा निर्धारित लेन का पालन अनिवार्य रूप से करे। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही प्रभारी निरीक्षक ने नशे की हालत में वाहन चलाने पर पूर्ण प्रतिबंध की बात कहते हुए कहा कि नशा करके वाहन चलाना गंभीर अपराध है और ऐसे मामलों में जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी। साथ ही वाहन मालिकों को यह भी सख्त हिदायत दी गई कि किसी भी परिस्थिति में नाबालिगों को वाहन चलाने की अनुमति न दी जाए। नाबालिग द्वारा वाहन चलाते पाए जाने पर वाहन स्वामी के विरुद्ध भी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में कस्बा क्षेत्र के प्रीतनगर स्थित वाहन बनाने व मरम्मत करने वाले गैरेज संचालकों को भी निर्देशित किया गया कि वे अपने वाहनों को सड़क पर खड़ा न करें। सड़क पर वाहन खड़े करने से आवागमन बाधित होता है और दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। ऐसे मामलों में संबंधित गैरेज संचालकों के विरुद्ध भी कार्रवाई की जाएगी। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि आमजन की सुरक्षा पुलिस प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। यातायात नियमों का पालन सभी के हित में है। उन्होंने वाहन मालिकों और आम नागरिकों से अपील की कि वे पुलिस का सहयोग करें तथा सुरक्षित एवं सुचारु यातायात व्यवस्था बनाए रखने में योगदान दें।

# करें योग, रहें निरोग, स्वदेशी अपनाएं, देश बचाएं का लें संकल्पः दुर्गेश योगी

### पत्रकार, शिक्षक, डॉक्टर,वकील, व्यवसायी के साथ ही योग साधकों को किया गया सम्मानित पतंजलि योग समिति का 12वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र समाज जागरण**

सोनभद्र। पतंजलि योग परिवार सोनभद्र द्वारा प्रत्येक वर्षों की भांति इस वर्ष भी सोनभद्र बार सभागार नियमित योग कक्षा का 12 वां वार्षिकोत्सव व सोनभद्र बार एसोसिएशन नई कार्यकारिणी सम्मान समारोह रविवार प्रातः कालीन योग कक्षा के पश्चात पतंजलि योग परिवार सोनभद्र के कुशल मार्गदर्शक, संरक्षक, संयोजक के मार्गदर्शन व पदाधिकारियों के नेतृत्व में मनाया गया।



मुख्य अतिथि पतंजलि योग समिति राज्य प्रभारी दुर्गेश योगी जी तथा विशिष्ट अतिथि एल्डर कमेटी चेयरमैन कृपा नारायण मिश्रा व राज्य कार्यकारिणी सदस्य धीरज तथा मुकेश रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष/संरक्षक रमेश राम पाठक द्वारा की गई। सर्वप्रथम सभी अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया। दयानंद मौर्य, बहन पूनम व सावित्री द्वारा सुंदर योग गीत/स्वागत गीत/सूरज चौबे, अनिल चौरसिया, संकट मोचन द्वारा कठिन से कठिन योगाभ्यास किया गया।

मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि का सम्मान बार के अध्यक्ष अशोक प्रसाद श्रीवास्तव व महामंत्री योगेश कुमार द्विवेदी द्वारा किया गया।

मुख्य अतिथि/विशिष्ट अतिथि के द्वारा नव निर्वाचित अध्यक्ष अशोक प्रसाद श्रीवास्तव व महामंत्री योगेश कुमार द्विवेदी तथा वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोविंद मिश्रा व कार्यकारिणी सदस्य तथा वरिष्ठ अधिवक्ता गण को अंगवस्त्र तथा पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया गया। योग को जन-जन तक पहुंचाने में सोनभद्र की मीडिया भाइयों में वरिष्ठ पत्रकार राजेश कुमार पाठक का सम्मान राज्य प्रभारी व सोनभद्र बार एसोसिएशन अध्यक्ष अशोक प्रसाद श्रीवास्तव द्वारा अंगवस्त्र व पुस्तक देकर किया गया।

राज्य प्रभारी दुर्गेश योगी जी द्वारा करें योग, रहें निरोग, स्वदेशी अपनाएं, देश बचाएं का संकल्प दिलाया गया। जिले व तहसील के पदाधिकारी के साथ संगठनात्मक बैठक कर मनोज कुमार सिंह को पतंजलि योग समिति का जिला संरक्षक तथा दिनेश कुमार पाठक को पतंजलि का जिला सह प्रभारी का दायित्व दिया गया। युवा भारत का तहसील प्रभारी वैभव शर्मा, राम पूजन, सूरज चौबे, हेमंत कुमार को बनाया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी रवि प्रकाश त्रिपाठी, युवा भारत जिला प्रभारी मयंक दुबे, किसान सेवा समिति जिला प्रभारी अरुण कुमार यादव, महामंत्री विनोद कुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष जितेंद्र कुमार सिंह, संगठन मंत्री मोहर देव पांडेय, नगर संयोजक दिनेश लाल श्रीवास्तव, नगर संरक्षक शेष मणी तिवारी, शिवपूजन झा, रामकुमार त्रिपाठी, तहसील प्रभारी दिलीप कुमार सिंह, राजाराम, राम नारायण गुप्ता, राज्य सोशल मीडिया प्रभारी बहन पल्लवी, पूर्व अध्यक्ष पूनम सिंह, अमरनाथ मिश्रा, वरिष्ठ अधिवक्ता शेष नारायण दीक्षित, पूर्व महामंत्री राजीव सिंह गौतम, विनोद शुक्ला, पूनम सावित्री, इंदु, नीतू, कार्यकारिणी सदस्य कमलेश कुमार पांडेय, विवेक कुमार पांडेय, गीता गौर, कीर्ति पांडेय, दिव्या सिंह, वर्षा त्रिपाठी, कंचन सहित तहसीलों दुद्धी, ओबरा, घोरावल, रॉबर्ट्सगंज के पदाधिकारी व योग साधक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुनील कुमार श्रीवास्तव व अरुण कुमार यादव द्वारा किया गया।

## 80 सीसीटीवी कैमरों व तकनीकी संसाधनों की मदद से पुलिस ने 24 घंटे में नाबालिग बालिका को सकुशल किया बरामद

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) श्री अनिल कुमार तथा क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा के नेतृत्व में एवं प्रभारी निरीक्षक रामस्वरूप वर्मा, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र के कुशल मार्गदर्शन में पुलिस टीम द्वारा 24 घंटे के भीतर एक नाबालिग बालिका/पीड़िता को सकुशल बरामद किया गया। दिनांक 07.02.2026




को लगभग 15 वर्ष की नाबालिग बालिका निवासिनी थाना रॉबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र अपने घर से स्कूल जाने के लिए निकली थी, जो वापस नहीं लौटी। बालिका के परिजनों द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना रॉबर्ट्सगंज पर तत्काल प्रभाव से मुकदमा पंजीकृत कर पीड़िता की तलाश प्रारंभ की गई।

पुलिस टीम द्वारा तत्परता दिखाते हुए पूरी रात लोढ़ी टोल प्लाजा से पंचमुखी मंदिर तक लगभग 80 सीसीटीवी कैमरों का अवलोकन किया गया तथा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एवं अन्य तकनीकी माध्यमों का प्रभावी उपयोग कर पीड़िता की लोकेशन से संबंधित जानकारी एकत्र की गई।

पुलिस की सतर्कता एवं अथक प्रयासों के परिणामस्वरूप नाबालिग बालिका/पीड़िता को आज दिनांक 08.02.2026 को समय लगभग 12.00 बजे बढ़ौली चौराहे के पास से सकुशल बरामद कर लिया गया। बरामदगी के उपरांत बालिका द्वारा बताया गया कि वह मार्ग भटक जाने के कारण पन्नूगंज की ओर चली गई थी। बालिका/पीड़िता को उसके परिजनों को सकुशल सुपुर्द कर दिया है। सुपुर्दगी के पश्चात परिजनों द्वारा पुलिस की भूरी-भूरी प्रशंसा की गई। बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण- 01. चौकी प्रभारी कस्बा उ0नि0 अमित सिंह थाना रॉबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र।02.टी.एस.आई. हरेराम यादव एवं टी.एस.आई. भरत कुमार राय थाना रॉबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र। 03. महिला का0 पिंकी थाना रॉबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र।

# श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह की सजीव झांकी देख भाव-विभोर हुए श्रद्धालु, जयकारों से गूंजा ओबरा

**आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण**

ओबरा/ सोनभद्र। श्री राम नगर स्थित ॐ श्री सदाशिव महादेव मंदिर प्रांगण में चल रहे श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ महोत्सव के छठवें दिन शनिवार को भक्ति की अविरल धारा बही। कथा व्यास माधवाचार्य पं. महेशदेव पांडेय जी ने भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मिणी के विवाह का ऐसा सजीव और भावपूर्ण चित्रण किया कि पूरा पांडाल "राधे-राधे" और "जय श्री कृष्ण" के जयकारों से गूंज उठा। कथा का रसपान कराते हुए व्यास



जी ने कहा कि रुक्मिणी जी साक्षात लक्ष्मी स्वरूपा हैं और भगवान श्रीकृष्ण नारायण हैं। जीवात्मा का परमात्मा से मिलन ही इस विवाह का मूल उद्देश्य है। उन्होंने महारास, मथुरा गमन और तत्पश्चात रुक्मिणी हरण के प्रसंग को विस्तार से सुनाया। व्यास जी ने समझाया कि जब भक्त भगवान को सच्चे हृदय से पुकारता है, तो भगवान सभी बाधाओं को पार कर उसे अपने शरण में ले लेते हैं। रुक्मिणी जी द्वारा भगवान को लिखे गए सात श्लोकों के प्रेम पत्र का वर्णन सुनकर श्रोता भावुक हो गए।

कथा के दौरान जैसे ही रुक्मिणी-कृष्ण विवाह का प्रसंग आया, पूरा माहौल उत्सव में बदल गया। विवाह की सजीव झांकी सजाई गई। मुख्य यजमान पं. प्रमोद चौबे और उनकी धर्मपत्नी ने कन्यादान की रस्म पूरी की और द्वारकाधीश की पूजा-अर्चना की।

इस मौके पर महिला श्रद्धालुओं ने मंगल गीत गाए और फूलों की वर्षा की। ढोल-नगाड़ों की थाप पर भक्त झूमते नजर आए। अंत में व्यास जी ने बताया कि कल कथा का विश्राम दिवस होगा जिसमें सुदामा चरित्र का वर्णन किया जाएगा। आरती और प्रसाद वितरण के साथ छठवें दिन की कथा पूर्ण हुई। वहीं प्रातः कालीन बेला में ॐ श्री सदाशिव परिवार और श्री राधा रानी ने ओबरा नगर के भ्रमण में श्री गीता मंदिर, श्री माता शीतला मंदिर, श्री हनुमान मंदिर, श्री राम जानकी मंदिर, श्री शिव मंदिर, श्री गायत्री मंदिर, श्री करुणेश्वर मंदिर से होते हुए ॐ श्री सदाशिव महादेव मंदिर पहुंचे। नगर भ्रमण में भगवान ने सभी श्रद्धालुओं को दर्शन दिया। रास्ते भर में माताओं ने भक्ति भाव में नृत्य करती रहीं।

# थाना बीजपुर पुलिस ने एचएस, जिला बदर, टॉप-टेन अपराधी व गुण्डा एक्ट के अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक(मुख्यालय) सोनभद्र अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी दुद्धी राजेश कुमार राय के कुशल पर्यवेक्षण एवं नेतृत्व में थाना बीजपुर



पुलिस द्वारा एक बड़ी सफलता प्राप्त की गई है।

थाना बीजपुर पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्ति/वाहन एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु सेवकामोड़ पर चेकिंग के दौरान मुखबिर खास से सूचना प्राप्त हुई कि एक जिला बदर अभियुक्त बकरहिवा मोड़ पर खड़ा होकर किसी साधन का इंतजार कर रहा है। प्राप्त सूचना पर विश्वास करते हुए थानाध्यक्ष बीजपुर द्वारा मय टीम तत्काल मौके पर पहुँचकर घेराबंदी की गई।

घेराबंदी के दौरान समय करीब 13.30 बजे ग्राम बकरहिवा मोड़ से अभियुक्त रंजीत सिंह पुत्र इन्द्रदीप सिंह, निवासी ग्राम धरतीड़ाड थाना बीजपुर जनपद सोनभद्र को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त वाद संख्या 1111/2024 राज्य बनाम रंजीत सिंह, अन्तर्गत धारा 3(1) उत्तर प्रदेश गुण्डा नियंत्रण अधिनियम, 1970 के तहत जिला बदर किया गया था, जबकि जिला बदर की निर्धारित अवधि अभी पूर्ण नहीं हुई थी। गिरफ्तार अभियुक्त थाना बीजपुर का एचएस (हिस्ट्रीशीटर) एवं टॉप-टेन अपराधी भी है। अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# आरोग्य मेला में पीएचसी खलियारी पर 40 मरीजों को जांच कर दी गई दवा

### रविवार को सीएम आरोग्य मेला आयोजन

**विजय शंकर पांडेय/ समाज जागरण**

खलियारी/ सोनभद्र। नगवां ब्लाक क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खलियारी पर रविवार को सीएम आरोग्य मेला में कुल 40 मरीजों को दवा वितरण किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खलियारी के फार्मासिस्ट अनूप कुमार ने बताया कि मेला में कुल 40 मरीजों को दवा वितरण किया गया है, जिसमें अधिकांश मरीज बुखार, खांशी, सुगर से सम्बंधित मरीजों का इलाज किया गया है।

गर्भवती महिलाओं की जांच कर रही एएनएम सरस्वती देवी ने बताया



कि हमारे यहां कुल 06 महिलाओं का वजन, बीपी, एच बी, एचआईवी का जांच कर उन्हें आईरन, कैल्शियम, फोलिक एसिड दवा दी गई। दो महिला का डिलेवरी भी हुआ है।

मेला में लैब टैक्नीशियन सोनाली मरीजों को जांच कर रही हैं, उन्होंने बताया कि 10 मरीजों का जॉच किया गया। जिसमें, हिमोग्लोबिन, मलेरिया, टाईफाइड, शुगर का जॉच किया गया जिसमें कोई पॉजिटिव नहीं पाया गया है। मेला में सीएचओ सुनीता यादव, फार्मासिस्ट अनूप कुमार मरीजों को दवा वितरण किया गया।

## बिजली विभाग का ओटीएस स्कीम, जनता के जेब पर है डाकाः संदीप मिश्र

**विजय शंकर पाण्डेय/ समाज जागरण**

खलियारी। सोनभद्र। आज किसान नौजवान संघर्ष मोर्चा की जन चौपाल विधानसभा 401 के चतरा ब्लाक के डोमरिया चेरो बस्ती में आयोजित की गयी जिसमें किसान नौजवान संघर्ष मोर्चा के संयोजक संदीप मिश्र ने बताया कि पूरे जनपद में जहां भी जाइये वहाँ के आम लोगो मेरे परिवारिजनो का एक ही कहना है भैया बिजली का बिल हमारा तीन लाख रुपए का आया है जबकि मेरे घर में मात्र पांच बल्ब जलता है एक टेबल फैन, इस तरह की बात हरेक व्यक्ति करता हुआ मिलता है जहां सरकार का दावा सबको फ्री राशन देकर अपनी पीठ थपथपाई जाती है उन्ही रासन कार्ड के लाभार्थी लोगों



के घरो पर ये सोषण पूर्वक बिजली के बिल से आम जन कराह रहा है। और सत्ता में बैठे लोग पूरी तरह से अहंकार में डूबे हुए है उनको जनता के दुख दर्द से कोई सरोकार नहीं है मोर्चा संयोजक ने कहा कि आने वाले दिनों बिजली विभाग के मनमानी बिल के विरुद्ध एक बड़ा प्रदर्शन मुख्यालय पर किया जायेगा क्योंकि हमें अपने परिवारि जनो का शोषण बर्दाश्त नहीं है इस कार्यक्रम में प्रदुम्न बिन्द रामरक्षा बिन्द विनोद चेरो बाबूलाल चेरो वकील प्रजापति विजय जायसवाल बरमतिया चेरो फूलवती आकाश विजय शत्रुधन विवेक धीरज व अजय के साथ सैकड़ों की सख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# NDPS एक्ट में एक अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 10 ग्राम हेरोइन (अनुमानित कीमत ₹ 02 लाख) बरामद

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरी**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के कुशल निर्देशन में थाना अनपरा पुलिस ने महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। दिनांक 08.02.2026, समय करीब 01:57 बजे, मुखबिर खास से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना अनपरा पुलिस ने डिबुलगंज डी-प्लांट पुलिया के पास से अभियुक्त मनोज कुमार पुत्र फूलचन्द, उम्र लगभग 30 वर्ष, निवासी डिबुलगंज, थाना अनपरा,



जनपद सोनभद्र के पास से लगभग 10 ग्राम हेरोइन बरामद कर गिरफ्तार किया गया। जिसकी अनुमानित कीमत ₹2,00,000/- है। उक्त बरामदगी एवं गिरफ्तारी के आधार पर थाना अनपरा पर मु0अ0सं0-26/2026 धारा 8/21 NDPS Act का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही करते हुए मा0 न्यायालय भेजा गया।

पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा बताया गया कि वह पिछले दो वर्षों से हेरोइन की पुड़िया बनाकर बिक्री करता आ रहा है। वह प्रत्येक पुड़िया ₹250 में बेचता है। हेरोइन उसे राहुल उर्फ चिंटू नामक व्यक्ति स्वयं उपलब्ध कराता है। इसके बाद दोनों मिलकर पुड़ियां तैयार करते हैं और बेचते हैं। अभियुक्त ने बताया कि प्रतिदिन लगभग 60 से 70 पुड़ियां बिक जाती हैं, और यही उसकी आजीविका का मुख्य साधन है।

# राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत कोन में विकास खण्ड स्तरीय विज्ञान क्विज सम्पन्न

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**

सोनभद्र। राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अंतर्गत शनिवार को विकास खण्ड कोन में खण्ड स्तरीय विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता खंड शिक्षा अधिकारी कोन के नेतृत्व में प्रातः 10 बजे से प्रारंभ हुई, जिसमें विकास खण्ड के सभी कम्पोजिट विद्यालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के कुल 95 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता दो चरणों में आयोजित की गई। प्रथम चरण की लिखित परीक्षा के आधार पर 25 विद्यार्थियों का चयन किया गया, जबकि द्वितीय चरण में चयनित विद्यार्थियों की पुनः लिखित व मौखिक परीक्षा कराई गई।

अंतिम परिणाम के आधार पर विकास खण्ड कोन से प्रेम कुमार, मनीष कुमार, रामप्रवेश, सत्य प्रकाश एवं नैतिक कुमार का चयन जनपद



स्तरीय विज्ञान क्विज प्रतियोगिता के लिए किया गया। प्रतियोगिता को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने हेतु श्रवण कुमार, प्रधानाध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय कोन एवं दिलीप कुमार चौरसिया (एआरपी) को नोडल नामित किया गया। इस अवसर पर राजेश मौर्य वरिष्ठ प्रवक्ता डायट, रितेश कुमार, रामेश्वर प्रसाद, रोहित पाण्डेय, पुष्पेन्द्र, महेन्द्र यादव, संजीव कुमार, अभिनव, शमशेर अहमद, शिव प्रसाद विश्वकर्मा, प्रदीप कुमार, शिवराज सिंह, संत त्रिपाठी, अरविन्द पांडेय, सत्य प्रकाश सिंह, प्रितेश जौहरी, रविशंकर मौर्य, अविनाश कुमार, योगेश दुबे, सुनील कुमार, अरुण कुमार मौर्य सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# पुलिस द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए, अपहृता को सकुशल बरामद कर 01 वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**समाज जागरण/ विजय शंकर पांडेय**

सोनभद्र। थाना घोरावल पर मु0 अ0सं0 19/2026 अन्तर्गत धारा 137 (2), 87 बीएनएस के अन्तर्गत अभियुक्त शिवम पुत्र स्व0 रामचन्दर कोल, उम्र करीब 19 वर्ष, निवासी ग्राम बीरकलां, थाना घोरावल, जनपद सोनभद्र के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था। उक्त मुकदमे में अपहता की बरामदगी एवं अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा विशेष निर्देश प्रदान किए गए थे।

उक्त निदेशों के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी घोरावल राहुल पाण्डेय के निकट पर्यवेक्षण तथा प्रभारी



निरीक्षक थाना घोरावल बृजेश सिंह के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 08.02.2026 को थाना घोरावल पुलिस द्वारा अपहता को सकुशल बरामद किया गया। साथ ही मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त शिवम पुत्र स्व0 रामचन्दर, उम्र करीब 19 वर्ष, निवासी ग्राम बीरकलां, थाना घोरावल, जनपद सोनभद्र को मुखबिर खास की सूचना पर दिनांक 08.02.2026 को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय रवाना किया गया।गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम -1.उ0नि0 श्री कवीन्द्र सिंह यादव, चौकी प्रभारी शिवद्वार, थाना घोरावल जनपद सोनभद्र। 2. हे 0का0 महेन्द्र कुमार, चौकी शिवद्वार, थाना घोरावल जनपद सोनभद्र। 3.हे 0का0 विपिन कुमार, चौकी शिवद्वार, थाना घोरावल जनपद सोनभद्र। 4.म0का0 दिव्या त्रिपाठी, थाना घोरावल, जनपद सोनभद्र।

# साधना से व्यक्तित्व निर्माण एवं समाज का नैतिक विकास सम्भव है: डॉ0 सुशील मिश्र

## सैकड़ों साधकों ने साधना का किया अभ्यास।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। जीवन में सम्पूर्ण आध्यात्मिक उन्नति और शांति का मार्ग साधना में निहित है।मन की चंचलता एवं नियंत्रण नहीं होने के कारण समाज मे पारिवारिक कलह,नशा बृद्धि ,आत्महत्या, अनिद्रा व मानसिक अशांति जैसी बीमारियां बढ़ रही हैं।



उक्त बातें आज रविवार को हरहुआ ब्लाक सभागार में स्वर्वेद महामंदिर धाम विहंगम उमरहा द्वारा आयोजित 'आओ मन का आसन सीखें' विहंगम योग मानसिक स्वास्थ्य शिविर के आयोजन में प्रमुख वक्ताडॉ0 सुशील मिश्रा ने अपने सम्बोधन में व्यक्त किया।

शिविर का शुभारम्भ सद्गुरु के शक्ति आह्वाहन और मंगलगान से हुआ। विहंगम योग परिवार की ओर से बीडीओ हरहुआ बद्री प्रसाद वर्मा, जेडीसी की धर्मपत्नी श्रीमती रेणु सिंह व सहायक विकास अधिकारी रविप्रकाश सिंह का स्वर्वेद महाग्रन्थ व अंगवस्त्र भेंट किया गया। बीडीओ ने अपने सम्बोधन मे कहा कि जीवन में शान्ति के तलाश में लोग भटक रहे हैं ,तनाव से कलह से मुक्ति का मार्ग सिर्फ योग की साधना में ही है।

विहंगम योग मानसिक स्वास्थ्य शिविर में लगभग 400 लोगों को विहंगम योग की साधना का अभ्यास कराकर जानकारी व मन के शांति के प्रति जागरूक किया गया। साधकों ने कहा कि योग आसन में पहली बार सीखकर शांति का एहसास हुआ प्रतिदिन सुबह-शाम करके मन की चंचलता व शांति को जीवन में अपनाने का कार्य करेंगे।

विहंगम एवं संस्थान स्वर्वेद महामंदिर धाम से पधारे साधको डॉ0खुशबू, प्रचारिका शांति कुमारी व चेतना सिंह ,शिवम मिश्रा ने कहा कि मानसिक साधना पद्धति गांव-गांव , झोपड़ी से महल तक गांव से शहर तक, घर-घर में जन-जन में मन-मन में पहुंचाने के लिए संकल्पित है। इस कार्यक्रम में स्वर्वेद महामंदिर धाम अपना परम कर्तव्य व दायित्व के साथ निरन्तर करता रहेगा।

हरहुआ ब्लाक परिवार की ओर से सभी अतिथियों ,सम्मानित प्रधानों, सचिवों व क्षेत्र के सम्मानित जनों के प्रति बीडीओ ने आभार व्यक्त किया।

# सिंधोरा विद्युत उपकेन्द्र का होगा आधुनिकीकरण, बिजली आपूर्ति होगी बेहतर

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ एवं निर्बाध बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है। 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र सिंधोरा की अतिभारिता दूर करने के उद्देश्य से ह्लमॉडर्नाइजेशन योजनाह्व के अंतर्गत क्षमता विस्तार का कार्य किया जाएगा। दिनांक 09 फरवरी 2026 को प्रातः 10:30 बजे से सायं 18:00 बजे तक विद्युत उपकेन्द्र में स्वीकृत 05 एमवीए की जगह 10 एमवीए का नया पावर परिवर्तक स्थापित किया जाएगा। इस आवश्यक तकनीकी कार्य के दौरान विद्युत उपकेन्द्र से पोषित सभी फीडर बंद रहेंगे,जिससे संबंधित ग्रामों की विद्युत आपूर्ति अस्थायी रूप से बाधित रहेगी। विद्युत विभाग ने इस असुविधा के लिए सम्मानित उपभोक्ताओं से खेद व्यक्त किया है,साथ ही यह भी स्पष्ट किया है कि इस कार्य के पूर्ण होने के बाद उपकेन्द्र की अतिभारिता समाप्त होगी और क्षेत्रवासियों को बेहतर,स्थिर एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी।विभाग ने आमजन से अपील की है कि जनहित एवं विभागीय हित में इस कार्य के दौरान सहयोग प्रदान करें,ताकि भविष्य में निर्बाध विद्युत सेवा का लाभ सभी उपभोक्ताओं को मिल सके। इस आशय की सूचना श्री शैलेन्द्र गौतम अधिशाषी अभियंता विद्युत वितरण खंड चिरईगांव द्वारा दी गई है।

# कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होते हैं जो समाज को दिशा देने का कार्य करते हैं :आशुतोष मिश्रा

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी भाजपा हरहुआ मण्डल अध्यक्ष आशुतोष मिश्रा'अजय'ने कहाकि कार्यकर्ता ही पार्टी के रीढ़ होते है । वे ही पार्टी को जनता के द्वार तक पहुँचाते है और बुनियाद की भूमिका निभाते हैं और समाज को दिशा देते हैं।



उक्त बाते रविवार को सातो महुआ ,सरायकाजी , हरहुआ स्थित कैंप कार्यालय पर कार्यकर्ता सम्मान समारोह के दौरान कही।

उन्होंने जोर देकर कहा कि कार्यकताओं की कड़ी मेहनत, निष्ठा और जनता के भरोसे का साथी बनना होगा जिससे देश के पीएम व सीएम के जन कल्याणकारी योजनाएं धरातल पर दिखे और कार्यकताओं की पहचान बढ़े।

कार्यक्रम में हरहुआ मण्डल सहित क्षेत्र के वरिष्ठ नेताओं और विभिन्न संगठनात्मक इकाइयों के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया।

सम्मान समारोह में प्रमुख रूप से भाजपा वरिष्ठ नेता कपिलनारायन पांडेय, जिला पंचायत सदस्य गौतम सिंह, भाजपा नेता हिटलर सिंह, मनोज पटेल, गौरव चौबे, अनिल पाण्डेय, उपाध्यक्षअरुणेंद्र सिंह,अपरबल सिंह,व्यापार मंडल महामंत्री वीरेंद्र गुप्ता,सर्वजीत यादव, जयकुशवाहा, चंद्रशेखर सिंह लक्ष्मण पटेल, अखिलेश पटेल, शिवबालक पटेल, विनोद पटेल, धर्मेंद्र सिंह, विजय प्रताप सिंह,उत्सव सिंह,राजीव त्रिपाठी, आशुतोष सिंह अनूप जायसवाल,बिहारी पटेल,सुरेंद्र पटेल,मंगला पांडेय,धनन्जय भारद्वाज, दिलीप राजभर सहित सैकडों युवा कार्यकर्ता शामिल रहे।

# मोबाइल फोन बच्चों के लिए आत्मघाती साबित हो रहा है: वीरेंद्र गुप्ता

## भारतीय संस्कृति व संस्कार से बच्चों को दीक्षा का कार्य कराएं।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। जीवन के लिए अपरिहार्य बन चुका मोबाइल फोन बाल मन के लिए आत्मघाती हो चला है।इसकी लत के शिकार बच्चे रोकने पर आत्महत्या तक कर रहे हैं। इस लत से बच्चों की नींद ,याददाश्त और एकाग्रता का भी क्षरण हो रहा है। सबसे बड़ा खतरा है वर्जनाओं का टूटना। बच्चों के हाथ मे असमय गलत भाषा,अश्लील सामग्री,हिंसक दृश्य इसके जरिये मिल रहा है।गाजियाबाद में तीन सगी बहनों के आत्महत्या के पीछे मोबाइल फोन की लत ही थी।अब विद्यालयों को बालमन की चिंता करनी होगी कि स्कूल के गृहकार्य मोबाइल फोन पर न दें पहले की तरह डायरी अपनाने में रुचि दिखाएं। अन्यथा बच्चों का बचपन बड़े खतरों से बर्बाद हो जाएंगे।



अभिभावक भी पश्चिमी सभ्यता के पीछे दौड़ न लगाएं बल्कि बच्चों को भारतीय शिक्षा संस्कृति व संस्कार का बोध कराएं।

उक्त बातें आज रविवार को हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित 'भारत का भविष्य और बच्चों का बचपन, डिजिटल सिस्टम के प्रयोग'विषयक परिचर्चा में जय श्री राम सेवा समिति संस्थान हरहुआ के अध्यक्ष व व्यापार मंडल के महामंत्री वीरेंद्र गुप्ता ने अपने सम्बोधन में व्यक्त किया।

अन्य वक्ताओं में प्रमुख रूप से अभय मौर्य, विशाल पटेल,सचिन दुबे व राकेश गुप्ता ने बचपन बचाने और संस्कार सहित महाकाव्य रामायण से जुड़ी प्रेरक प्रसंग से बच्चों को जोड़ने पर बल दिया।

# बलरामपुर में 100 दिवसीय 'बाल विवाह मुक्त भारत' जागरूकता रथ का शुभारंभ

**समाज जागरण**
**ओंकार नाथ चौधरी**

जनपद बलरामपुर में सौ दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जागरूकता रथ का भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर माननीय विशाल पाण्डेय अपर पुलिस अधीक्षक बलरामपुर माननीय डॉ एस के श्रीवास्तव मुख्य चिकित्सा अधिकारी, राजस्व विभाग ' एस एन सिंह ने अपने कर-कमलों द्वारा हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को रिजर्व पुलिस लाइन बलरामपुर से रवाना किया। कार्यक्रम में श्री प्रदीप गुप्ता (अध्यक्ष, बाल कल्याण समिति), श्री राकेश कुमार श्रीवास्तव (सदस्य, बाल कल्याण समिति, देवतादीन पाण्डेय (संस्था प्रमुख, भारतीय जन कल्याण सेवा संस्थान), योगीराज (परियोजना समन्वयक), नीलोफर, ए एच टी यू , श्री राहुल रंजन निरीक्षक एस एस बी 9th



बटालियन बलरामपुर, आरपीएफ बलरामपुर से, निरीक्षक विजय कुमार यादव, संरक्षण अधिकारी श्रीअमरकांत, समस्त थानो के बाल संरक्षण अधिकारी, वीरेन्द्र कुमार, पंकज कुमार, भोलानाथ सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।यह जागरूकता रथ जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन एवं भारतीय जन कल्याण सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य जनपद के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में बाल विवाह के दुष्परिणामों के प्रति समाज को जागरूक करना तथा बाल विवाह मुक्त भारत के संकल्प को सशक्त बनाना है। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि बाल विवाह समाज के विकास में एक बड़ी बाधा है और इसे समाप्त करने के लिए सामूहिक प्रयास एवं जनजागरूकता अत्यंत आवश्यक है। यह अभियान जिले में सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

# जिला विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया

## लघु जागरूकता शिविर में विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं मेगा शिविर की दी जानकारी

**समाज जागरण ओंकार नाथ चौधरी**

श्रावस्ती जनपद जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रावस्ती के तत्वावधान में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रावस्ती राकेश धर दुबे के आदेशानुसार एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रद्युम्न कुमार मिश्र के मार्गदर्शन में आज दिनांक 07 फरवरी 2026 को शाहपुर कठौतिया बाजार, ब्लॉक गिलौला, तहसील जमुनहा में विधिक जागरूकता लघु शिविर का आयोजन किया गया।शिविर के दौरान आगामी 22 फरवरी 2026 को आयोजित होने वाले मेगा विधिक सेवा शिविर की जानकारी आमजन को दी गई तथा जिले में संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लोगों को अवगत कराया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रद्युम्न कुमार मिश्र ने मध्यस्थता अभियान, पीड़ित प्रतिकर योजना, लीगल एड डिफेंस, महिलाओं के अधिकारों एवं उनके साथ होने वाले अन्याय के विरुद्ध विधिक साक्षरता पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा संचालित योजनाओं की भी जानकारी दी गई। एडीएम (न्यायिक)ने प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। वहीं रेड क्रॉस/आपदा विशेक्त अरुण कुमार मिश्र ने बाल श्रम के प्रति लोगों को जागरूक किया। शिविर में समाज कल्याण विभाग द्वारा दो नागरिकों को व्हीलचेयर, एक को वॉकर के लिए चिन्हित किया गया, दो ग्रामीणों को सामूहिक विवाह योजना तथा 12 ग्रामीणों को पेंशन योजना हेतु चयनित किया गया। राजस्व विभाग द्वारा मौके पर दो ग्रामीणों का अंश निर्धारण तथा चार ग्रामीणों के आय प्रमाण पत्र के लिए ऑनलाइन आवेदन कराए गए।



इसके अतिरिक्त श्रम विभाग व आपदा विभाग द्वारा लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। सीएचसी गिलौला के डॉ. हनुमंत शरण सिंह द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाओं का वितरण किया गया तथा मरीजों के अधिकार, उपचार से पूर्व सहमति, गोपनीयता एवं मेडिको-लीगल मामलों से संबंधित कानूनी जानकारी भी दी गई।कार्यक्रम में गोविंद नाथ सिंह (रा.नि. भिनगा), प्रदीप कुमार शर्मा (जिला विधिक सेवा प्राधिकरण), विजय कुमार (जिला समाज कल्याण अधिकारी), नरेश कुमार (राजस्व लेखपाल), आरती प्रजापति, नेकराम पांडेय, पवन कुमार वर्मा, अनूप कुमार, अशोक कुमार वर्मा, पीएलवी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# अजय कुमार सिंह उर्फ छोटू पटेल के द्वाराक्रिकेट प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि के रूप मे उपविजेता टीम को 51हजार रुपये का पुरस्कार देकर हौसला बढ़ाया

**समाज जागरण**

राजगढ़ मीरजापुर/ शकतेशगढ़ क्षेत्र के सबसे युवा चर्चित चेहरा समाजसेवी मैनेजिंग डायरेक्टर अजय कुमार सिंह छोटू पटेल के द्वारा प्रतियोगिता के समापन में मुख्य अतिथिबतौर शामिल हुए।

शिवकुमार फाउंडेशन मिजार्पुर के तत्वाधान में बी. एल. जे ग्राउंड महुरिया में कैनवस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अजय कुमार सिंह उर्फ छोटू पटेल मैनेजिंग डायरेक्टर शहनाई ग्रुप रामपुर सक्तेसगढ़ का आगमन हुआ। कमेटी द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनका भव्य स्वागत किया गया। जहां उनके द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीम को पुरस्कार वितरण किया गया। विजेता टीम को ट्रॉफी एवं एक लाख रुपये कमेटी द्वारा तथा उपविजेता को पचास हजार रुपए शहनाई कंस्ट्रक्शन के द्वारा दिया गया। मुख्य अतिथि अजय कुमार सिंह उर्फ छोटू पटेल



ने कहा कि खेल को खेल भावना से खेले।खेल ही एक ऐसा माध्यम है जहां पर छोटा बड़ा कोई नहीं होता है। हर कोई को अपना हुनर दिखाने को मौका मिलता है। खेल खेलने से शारीरिक क्षमता और मानसिक विकास होता है। खेल कोई भी हो हर जगह शरीर का विकास और युवाओं को अपनी ओर आकर्षित करता है सबसे ज्यादा खेल खेलने वाला क्रिकेट है जहां पर गांव से लेकर शहर से लेकर गली मोहल्ले तक क्रिकेट खेला जाता है। अजय कुमार सिंह उर्फ छोटू पटेल के द्वारा समय-समय पर मीरजापुर जिले के कोई भी गांव या मोहल्ला हो इनको समस्या के बारे में अवगत कराने पर तुरंत शहनाई परिवार को मौके भेज कर कार्य को पूरा कराया जाता है और क्षेत्र के सबसे चर्चित युवा चेहरे के रूप में और समाज सेवा के रूप में आगे बढ़ रहे हैं।पुरस्कार वितरण समारोह में पंकज यादव, परवेज खान, अजय कुमार सिंह शहनाई परिवार, अरविंद यादव हजारों लोग उपस्थित रहे।

# मंत्री नरेंद्र कश्यप ने स्पेशल ओलंपिक विजेता दिव्यांग खिलाड़ी वासु तिवारी को किया सम्मानित

**समाज जागरण**
**08 फरवरी 2026 लखनऊ।**

लखनऊ, स्पेशल ओलंपिक में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश और प्रदेश का नाम रोशन करने वाले 32 वर्षीय खिलाड़ी वासु तिवारी को रविवार को पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री ( स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने अपने लखनऊ स्थित आवास पर मेडल पहनाकर सम्मानित किया। मंत्री कश्यप ने वासु की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया और भविष्य में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। मंत्री नरेंद्र कश्यप ने बताया कि वासु तिवारी ने मार्च 2025 में इटली के ट्यूरिन शहर में आयोजित स्पेशल ओलंपिक स्नोशूइंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए 50 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक तथा 25 मीटर दौड़ में रजत पदक हासिल किया। इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में लगभग 150 देशों के खिलाड़ियों ने भाग लिया था। वासु की इस उपलब्धि पर इटली से लौटने के बाद संसद भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भी उन्हें सम्मानित किया जा चुका है। इसके अलावा दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता भी वासु को सम्मान प्रदान कर चुकी हैं। मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि कम उम्र में वासु ने असाधारण साहस, अनुशासन और मेहनत के बल पर यह मुकाम हासिल किया है, जो दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने आश्वस्त किया कि वासु को शीघ्र ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी मुलाकात कराई जाएगी।

# स्किल लीडर्स कॉन्क्लेव-2026 का भव्य आयोजन

## श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय, विकसित भारत की मानव पूंजी गाथा कौशल चेतना का महापुंज साबित होगा

भारत केवल भूगोल का भू-खंड मात्र नहीं, बल्कि सतत परिवर्तनशील चेतना है।सभ्यता की इस भूमि ने ऋषियों के आश्रमों से लेकर आधुनिक प्रयोगशालाओं तक ज्ञान की यात्रा तय की है।वर्तमान में विश्व चौथी औद्योगिक क्रांति, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल अर्थव्यवस्था के युग में प्रवेश कर चुका है। ऐसे में भारत के सामने सबसे बड़ा प्रश्न यह नहीं है कि कितनी सड़कें, कितने पुल और कितनी फैक्ट्रियाँ बनेंगी,बल्कि यह है कि भारत के युवा कितने कुशल, कितने नवाचारी और कितने उद्यमशील होंगे।इस ज्वलंत प्रश्न के उत्तर की खोज करते हुए मुझे दिल्ली के ऐतिहासिक राजघाट स्थित गांधी सत्याग्रह सभागार में आयोजित स्किल लीडर्स कॉन्क्लेव एवं कौशल मेला-2026 का साक्षी बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।यह आयोजन भारत की मानव पूंजी नीति का वैचारिक घोषणा-पत्र बनकर कौशल चेतना के महासूर्य की महापुंज के रूप में दृष्टिगोचर हुआ।

सर्वविदित है कि यह आयोजन ऐसे समय हुआ, जब भारत विकसित भारत 2047 के संकल्प को सरकारी नीतियों, बजट और समाज के स्तर पर साकार करने के प्रयास में जुटा है। यह कार्यक्रम भारत के प्रथम राजकीय कौशल विश्वविद्यालय श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय, पलवल द्वारा दिल्ली कौशल एवं उद्यमिता विश्वविद्यालय तथा असम स्किल यूनिवर्सिटी के सहयोग से आयोजित किया गया था।इस महाकुंभ में देश के दस से अधिक कौशल विश्वविद्यालयों, दिल्ली के सौ से अधिक कॉलेजों और स्कूलों के विद्यार्थियों, उद्योग जगत के विशेषज्ञों और नीति निमार्ताओं की सहभागिता ने इसे राष्ट्रीय कौशल विमर्श का केंद्र बना दिया।इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल ने उद्घाटन सत्र में कहा कि कौशल और नवाचार ही भारत को विकसित राष्ट्र बनाएंगे। उनका यह वक्तव्य केवल भाषण नहीं था, बल्कि भारत के विकास दर्शन की पुनर्परिभाषा थी।उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कौशल विकास को राष्ट्रीय प्राथमिकता देने की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को महात्मा गांधी के संघर्षशील जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। राजघाट के समीप गांधी सत्याग्रह सभागार में कौशल विमर्श का आयोजन प्रतीकात्मक रूप से भी अत्यंत अर्थपूर्ण था, क्योंकि गांधीजी का स्वदेशी,श्रम और आत्मनिर्भरता का विचार आज आधुनिक संदर्भ में कौशल- आधारित आत्मनिर्भर भारत के रूप में पुनर्जीवित हो रहा है।हरियाणा के पलवल में स्थापित श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय भारतीय उच्च शिक्षा व्यवस्था में एक मौन क्रांति का प्रतीक है। इसकी स्थापना केवल एक विश्वविद्यालय खोलने की प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं थी,बल्कि औपनिवेशिक अकादमिक मॉडल से हटकर उद्योग-समन्वित, रोजगार-उन्मुख और उद्यमिता- प्रेरित शिक्षा मॉडल की नींव रखने का ऐतिहासिक प्रयास था। जहाँ परंपरागत भारतीय विश्वविद्यालयों में शिक्षा कक्षा-कक्ष और परीक्षा-केंद्रित रही है, वहीं इस विश्वविद्यालय ने लर्निंग बाय डूइंग और वर्क-इंटीग्रेटेड लर्निंग की अवधारणा को संस्थागत रूप दिया। यहाँ विद्यार्थी केवल पुस्तकों में नहीं, बल्कि उद्योगों,फैक्ट्रियों, कार्यशालाओं और स्टार्टअप इकोसिस्टम में सीखते हैं।

वर्तमान में विश्वविद्यालय में इंजीनियरिंग, मैन्युफैक्चरिंग, ऑटोमोबाइल,इलेक्ट्रॉनिक्स, सूचना प्रौद्योगिकी,हॉस्पिटैलिटी, कृषि,डिजाइन,डिजिटल मीडिया, लॉजिस्टिक्स और उद्यमिता सहित तीस से अधिक स्नातक, स्नातकोत्तर,डिप्लोमा और प्रमाणपत्र कार्यक्रम संचालित हैं। ये पाठ्यक्रम उद्योग की वास्तविक आवश्यकताओं से जुड़े हैं, जिससे विद्यार्थियों की रोजगार-योग्यता में गुणात्मक सुधार हुआ है। विश्वविद्यालय के आँकड़ों के अनुसार अब तक दस हजार से अधिक विद्यार्थी विभिन्न कौशल- आधारित कार्यक्रमों में नामांकित हो चुके हैं, जिनमें लगभग 35 से 40 प्रतिशत छात्र ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर पृष्ठभूमि से आते हैं।

कौशल विश्वविद्यालय की सफलता का सबसे बड़ा मापदंड उसका परिणाम होता है - विद्यार्थियों का रोजगार, उनकी आय और उनकी उद्यमशीलता। विश्वविद्यालय के करियर एवं प्रशिक्षण प्रकोष्ठ के अनुसार कौशल-आधारित स्नातकों का औसत प्लेसमेंट प्रतिशत 65 से 70 प्रतिशत के बीच रहा है, जबकि तकनीकी क्षेत्रों में यह 75 प्रतिशत से अधिक दर्ज किया गया है। औसत प्रारंभिक वेतन पैकेज तीन से छह लाख रुपये प्रतिवर्ष रहा है, जो कौशल-आधारित स्नातकों के लिए राष्ट्रीय औसत से बेहतर माना जाता है।

उद्यमिता के क्षेत्र में भी विश्वविद्यालय ने उल्लेखनीय परिणाम दिए हैं।अब तक डेढ़ सौ से अधिक छात्र और पूर्व छात्र स्टार्टअप या स्वरोजगार उद्यम स्थापित कर चुके हैं। विश्वविद्यालय के इनक्यूबेशन केंद्र और उद्योग नेटवर्क से जुड़े इन उद्यमों ने स्थानीय और क्षेत्रीय स्तर पर हजारों प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार अवसर सृजित किए हैं।

भारतीय शिक्षा व्यवस्था की सबसे बड़ी आलोचना यह रही है कि विश्वविद्यालयों से निकलने वाले स्नातक उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार नहीं होते।इस कौशल विश्वविद्यालय ने इस ऐतिहासिक खाई को पाटने का प्रयास किया है। सौ से अधिक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के साथ साझेदारी के माध्यम से विद्यार्थियों को औद्योगिक अप्रेंटिसशिप अवसर उपलब्ध कराए गए हैं,जो शिक्षा और रोजगार के बीच सेतु बनते हैं।

श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय केवल प्रशिक्षण संस्थान नहीं, बल्कि कौशल नवाचार केंद्र के रूप में भी विकसित हो रहा है। विश्वविद्यालय में बीस से अधिक कौशल नवाचार प्रयोगशालाएँ और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किए गए हैं। फैकल्टी और छात्रों द्वारा तीन सौ से अधिक शोध एवं उद्योग समाधान परियोजनाएँ संचालित की गई हैं।पेटेंट,प्रोटोटाइप और उद्योग- समर्थित शोध में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है।भारत की सबसे बड़ी ताकत उसकी पारंपरिक कौशल परंपरा है - कारीगर,शिल्पकार, तकनीशियन,कृषि श्रमिक और हस्तशिल्प कलाकार।विश्वविद्यालय ने रिकॉग्निशन ऑफ प्रायर लर्निंग कार्यक्रम के तहत पाँच हजार से अधिक पारंपरिक कौशल धारकों को औपचारिक प्रमाणन प्रदान किया है, जिससे उनकी आय, सामाजिक स्थिति और रोजगार अवसरों में वृद्धि हुई है।

हरियाणा मुख्यमंत्री के विशेष कर्तव्य अधिकारी डॉ. राज नेहरू ने जॉब मार्केट में हो रहे बदलाव और एआई के प्रभाव पर प्रकाश डाला। विश्वविद्यालय ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस,डेटा एनालिटिक्स, साइबर सुरक्षा,रोबोटिक्स और ग्रीन टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में दस से अधिक फ्यूचर-स्किल आधारित पाठ्यक्रम शुरू किए हैं और लक्ष्य रखा है कि 2030 तक कम से कम पचास प्रतिशत पाठ्यक्रमों को उभरती तकनीकों से जोड़ा जाए।

दिल्ली कौशल एवं उद्यमिता विश्वविद्यालय, कौशल्या स्किल यूनिवर्सिटी,एनआईओएस और एनसीवीईटी के विशेषज्ञों ने कौशल शिक्षा को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के साथ समन्वित करने और उद्योग सहयोग बढ़ाने पर बल दिया। कुलगुरु प्रो. दिनेश कुमार का कथन कि वर्ष 2027 तक 44 प्रतिशत कौशल बदल जाएंगे, भारतीय शिक्षा नीति के लिए चेतावनी और अवसर दोनों है।सेमिनार के साथ आयोजित कौशल मेले में विद्यार्थियों ने तकनीकी नवाचार,सामाजिक समाधान मॉडल,डिजाइन प्रोटोटाइप और स्टार्टअप अवधारणाएँ प्रदर्शित कीं। लगभग दो सौ से अधिक छात्र परियोजनाएँ प्रदर्शित की गईं, जिन्हें विशेषज्ञों ने सराहा। यह मेला युवा भारत की कल्पनाशीलता और तकनीकी क्षमता का जीवंत प्रमाण था।भारत की जनसांख्यिकीय लाभांश तभी आर्थिक शक्ति में बदलेगा जब युवाओं के पास वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी कौशल होंगे।श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय जैसे संस्थान भारत की मानव पूंजी नीति के प्रयोगशाला मॉडल हैं। यदि इन मॉडलों को राष्ट्रीय स्तर पर विस्तारित किया जाए,तो भारत वैश्विक उत्पादन, सेवा और डिजिटल अर्थव्यवस्था में निर्णायक भूमिका निभा सकता है।अंततः राजघाट के गांधी सत्याग्रह सभागार में आयोजित स्किल लीडर्स कॉन्क्लेव एवं कौशल मेला-2026 भारत के कौशल सत्याग्रह का प्रतीक है।इस कौशल विश्वविद्यालय ने यह सिद्ध किया है कि यदि शिक्षा उद्योग,नीति और समाज के साथ समन्वित हो, तो बेरोजगारी, कौशल अंतर और सामाजिक असमानता जैसी समस्याओं का संरचनात्मक समाधान संभव है।कौशल-आधारित शिक्षा केवल रोजगार नीति नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की नीति है।यदि भारत अपने युवाओं को सही कौशल, नवाचार संस्कृति और उद्यमिता समर्थन दे सका,तो 2047 का विकसित भारत केवल सपना नहीं,बल्कि वास्तविकता होगा - एक ऐसा भारत, जहाँ श्रम ज्ञान में बदलेगा, ज्ञान नवाचार बनेगा और नवाचार राष्ट्र की शक्ति बनेगा - श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय, विकसित भारत की मानव पूंजी गाथा कौशल चेतना का महापुंज साबित होगा

**विनोद कुमार सिंह**
**स्वतंत्र पत्रकार एवं स्तम्भकार**

# सीएम के दौरे के बीच शहडोल में 'रक्त रंजित' हुई रेत: बेकाबू ट्रक ने शिक्षक को कुचला, मौके पर ही मौत

**समाज जागरण**

शहडोल/ब्यौहारी। एक ओर जहां प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आगमन को लेकर पूरा जिला प्रशासन पलक-पावड़े बिछाए खड़ा है, वहीं दूसरी ओर रेत के अवैध कारोबार ने जिले की धरती को एक बार फिर निर्दोष के खून से लाल कर दिया है। शनिवार रात ब्यौहारी थाना क्षेत्र के ग्राम कोठिया के पास रेत से लदे एक तेज रफ्तार ट्रक ने एक शासकीय शिक्षक को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

छुट्टी के बाद घर लौट रहे थे शिक्षक मृतक की पहचान अजय सिंह (52 वर्ष), निवासी रामनगर के रूप में हुई है। वे माध्यमिक विद्यालय बसही में शिक्षक के पद पर पदस्थ थे। मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार रात करीब 8 बजे जब वे ग्राम कोठिया के पास सड़क पार कर रहे थे, तभी मानपुर की ओर से आ रहे रेत से लदे ट्रक ने उन्हें बेरहमी से कुचल दिया। हादसा इतना भीषण था कि शिक्षक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद चालक फरार, ट्रक जब्त घटना को अंजाम देने के बाद चालक ट्रक लेकर भागने की फिराक में था, लेकिन कुछ दूरी पर ट्रक छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गया। ब्यौहारी पुलिस ने ट्रक



को जब्त कर लिया है। थाना प्रभारी जिया उल हक के अनुसार, मर्ग कायम कर चालक की तलाश की जा रही है और यह भी जांच की जा रही है कि ट्रक में लदी रेत वैध थी या अवैध।

**बड़ा सवाल: जब खदानें बंद, तो कहाँ से आ रही रेत?**

इस घटना ने जिले में चल रहे रेत के खेल पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय सूत्रों और समाजसेवी संगठनों का आरोप है कि शहडोल जिले में वर्तमान में कोई भी रेत खदान अधिकृत रूप से संचालित नहीं है, फिर भी रात के अंधेरे में सैकड़ों ट्रक रेत लेकर सड़कों पर मौत बनकर दौड़ रहे हैं। मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान इस तरह की घटना प्रशासन की चौकसी और अवैध उत्खनन पर दावों की पोल खोलती नजर आ रही है।

**शिक्षा जगत में शोक की लहर**

एक समर्पित शिक्षक की इस तरह अचानक मौत से शिक्षा विभाग और स्थानीय ग्रामीणों में भारी आक्रोश और शोक व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि अवैध परिवहन और तेज रफ्तार पर लगाम नहीं कसी गई, तो ऐसी घटनाएं रुकने वाली नहीं हैं। पत्रकार की कलम से: "मुख्यमंत्री जी के आगमन की तैयारियों के बीच एक शिक्षक की अर्थी उठना व्यवस्था पर करारा तमाचा है। क्या प्रशासन उन रसूखदारों पर कार्यवाही करेगा जिनकी शह पर ये 'यमराज' रूपी ट्रक सड़कों पर दौड़ रहे हैं?"

# सिद्ध बाबा डूगरिया, एकादश मुखी संकट मोचन मंदिर में महाशिवरात्रि पर लगेगा दिव्य मेला

## भक्ति आस्था और श्रद्धा के संग महापर्व की भव्य तैयारी

**समाज जागरण**

अमलाई। देवों के देव महादेव को समर्पित सिद्ध बाबा धाम (अमलाई डूंगरिया टोला) एक बार फिर महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर आस्था श्रद्धा और भक्ति का महा संगम बनने जा रहा है। यह दिव्य धाम अब केवल एक मंदिर नहीं बल्कि श्रद्धालुओं के लिए आस्था विश्वास और चमत्कारों का जीवंत केंद्र बन चुका है।इस पवित्र धाम में पूज्य एकादशमुखी संकटमोचन हनुमान एवं भगवान भोलेनाथ अलग अलग मंदिरों में विराजमान हैं जो भक्तों को संपूर्ण तीर्थ का अनुभव एक ही परिसर में प्रदान करते हैं। पुण्य परंपरा को सनातन धर्म सत्संग समाज एवं मारुति नंदन सेवा समिति आगे बढ़ा रहे हैं। धीरे धीरे यह धाम अपनी अद्भुत आध्यात्मिक ऊर्जा और चमत्कारिक अनुभूतियों के लिए दूर दूर तक प्रसिद्ध हो चुका है। प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु यहाँ दर्शन हेतु पहुंचते हैं और अपनी मनोकामनाओं के पूर्ण होने की अनुभूति करते हैं। भगवान भोलेनाथ के दरबार में महाशिवरात्रि के दिन यहां श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ता है। एक दिवसीय आयोजन में धार्मिक अनुष्ठान भजन कीर्तन पूजन उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन होता है,

जिसमें न केवल क्षेत्र बल्कि अन्य जिलों से आए श्रद्धालु भी प्रसाद ग्रहण करते हैं। धाम में दर्जनों विद्वान पंडित 24 घंटे भगवान की सेवा में निरंतर लगे रहते हैं।स्थानीय महिलाएं और पुरुष प्रतिदिन यहां भजन-कीर्तन कर वातावरण को भक्तिमय बनाए रखते हैं। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि सिद्ध बाबा धाम एवं एकादशी हनुमान मंदिर में मांगी गई सच्चे मन से हर मुराद पूरी होती है।आज यह धाम केवल पूजा स्थल नहीं बल्कि भक्त और भगवान के बीच अटूट प्रेम का जीवंत प्रमाण बन चुका है।

# शहडोल के जैतपुर नगर को नगर परिषद का दर्जा देने की सीएम ने की घोषणा, धनपुरी वाटर पार्क का किया शुभारंभ

**समाज जागरण**

शहडोल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज शहडोल में धनपुरी वाटर पार्क का फीता काटकर शुभारंभ किया। सीएम ने कहा कि इससे क्षेत्र के पर्यटन को रफ्तार मिलेगी। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने जैतपुर नगर को नगर परिषद का दर्जा देने की घोषणा की। सीएम ने कहा- बहनों को आगे बढाना है। विधायक जी ने कुछ मांगा है तो हम मना कैसे कर सकते हैं। 2300 करोड़ की सिंचाई योजना देने की घोषणा करता हूं। जैतपुर में महाविद्यालय का भवन बनेगा। शहडोल में नए महाविद्यालय की शुरूआत किया जाएगा। अब अगली बार भी आना है शेष बात हम बाद में करेंगे। सीएम ने लोगों की मांग पर जैतपुर को नगर पंचायत देने की घोषणा करता हूं।

**हम श्रीराम का जयकारा लगाने वाले लोग:**





मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि मुझे धनपुरी के अंदर इतना बढिया स्विमिंग पुल देखकर इंदौर, उज्जैन जैसे बड़े नगर की याद आ गई। जब मैं जय जय कार कराता हूं तो कांग्रेस वालों की पार्टी पर सांप लोट जाते हैं। हम भगवान श्रीराम की जयकार करने वाले लोग हैं। माता शबरी ने वर्षों तक राम का इंतजार किया। भगवान राम प्रेम के वशीभूत होकर शबरी माता के पास पहुंचे। श्रीराम ने शबरी के झूठे बेर खाए। मनुष्य से मनुष्य का प्रेम यह है सनातन संस्कृति की विशेषता। हम जब पूरे शहडोल की तरफ देखते हैं तो देखते हैं यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में कितना काम यहां हुआ है। किसानों के हित का पूरा ध्यान रखा। मोदी जी का पूरा जीवन देश के विकास के लिए ही है। भारत का मान सम्मान बढाने के लिए सशक्त बनाने के लिए हम देश के प्रधानमंत्री का जोरदार अभिनंदन करें।

**धनपुरी धन्य हो गई:**

आज धनपुरी में जो सौगात मिली है वह जंगल में मंगल हो गया है। धनपुरी धन्य हो गई। नगर पालिका अध्यक्ष को बधाई इतनी अच्छी सौगात इस क्षेत्र को मिली है। सभी क्षेत्र में काम करते हुए आज मप्र सबसे आगे बढ रहा है। हम लगातार काम कर रहे हैं। महिला सशक्तिकरण का काम किया गया है। बहुत जल्दी युवाओं को सभी तरह के कल कारखाने की सौगात मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार ने प्रदेश की ओर ध्यान नहीं दिया। हमारी सरकारों के काम करने का तरीका ही अलग है।

**सांसद बोलीं, मुख्यमंत्री जी छोटी बहन को निराश नहीं करेंगे:**

शहडोल में हुए कार्यक्रम मंच से नगर पालिका धनपुरी की अध्यक्ष रविंद्र कौर छाबड़ा ने विकास कार्य का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। क्षेत्रीय विधायक जयसिंह मरावी ने मुख्यमंत्री के समक्ष अपने क्षेत्र की समस्याओं को लेकर मांग पत्र पढ़कर सुनाया। सांसद हिमाद्रि सिंह ने अपनी बात रखते हुए कहा कि मंच भरा पूरा है और समय की सीमा है। आप सबको राम राम करती हूं। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में देश व प्रदेश विकास कर रहा है। सांसद ने कहा कि मुख्यमंत्री जी आपके समक्ष जो मांगें विधायक जयसिंह मरावी ने रखी हैं, उनको पूरा करेंगे और छोटी बहन को निराश नहीं करेंगे।

**माता शबरी की प्रतिमा का अनावरण:**

इसके बाद मुख्यमंत्री गंधिया जनपद पंचायत जयसिंह नगर के लिए प्रस्थान कर स्थानीय कार्यक्रम में सहभागिता निभाएंगे। वह यहां पर सीतामढ़ी धाम में स्थापित की गई माता शबरी की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। प्रवास के दौरान शहडोल जिले के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण, भूमि पूजन एवं योजनाओं के लाभांवित हितग्राहियों को हित लाभ का वितरण करेंगे।

# युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष का अमलाई में होगा भव्य स्वागत

**समाज जागरण**

अमलाई।भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर का अनूपपुर जिले में प्रथम आगमन आगामी 9 फरवरी को हो रहा है। यह जानकारी देते हुए युवा मोर्चा के जिला महामंत्री मनीष तिवारी एवं मंडल अध्यक्ष रवि दुबे ने बताया कि बस स्टैंड के आगे मुख्य मार्ग स्थित पुलिया तिराह पर भव्य स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम एवं भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष रवि राठौर विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। मनीष तिवारी एवं रवि दुबे ने संयुक्त रूप से बताया कि भव्य स्वागत समारोह 9 फरवरी को अपराह्न 3:00 बजे आयोजित किया जाएगा। उन्होंने भारतीय जनता युवा मोर्चा के समस्त कार्यकताओं, मंडल के सभी पदाधिकारियों एवं भाजपा कार्यकताओं से आग्रह है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करते हुए अपनी सहभागिता प्रदान करें।

# मिथलेश पयासी बने पं दीनदयाल प्रशिक्षण महा अभियान के संभाग प्रभारी,कार्यकताओं में हर्ष

**समाज जागरण**

उमरिया।। भारतीय जनता पार्टी जिला उमरिया के पूर्व जिलाध्यक्ष और संगठन के वरिष्ठतम नेता मिथलेश पयासी को पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान का शहडोल संभाग प्रभारी बनाया गया है। निश्चित ही श्री मिथलेश पयासी जी के नेतृत्व में शहडोल संभाग में संगठन प्रशिक्षण का काम प्रदेश और भाजपा केंद्रीय नेतृत्व की मंशा अनुरूप संपन्न होगा। श्री पयासी को पंडित दीनदयाल उपाध्याय परीक्षण महाअभियान का शहडोल संभाग प्रभारी बनाए जाने पर भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र तिवारी सुमित गौतम, धनुषधारी सिंह, अमित सिंह, महामंत्री दीपक छतवानी, हरीश विश्वकर्मा, राधेलाल कोल, पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा, मनीष सिंह, पूर्व उपाध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह गहरवार, दिनेश पांडे, नगर पंचायत नगर पालिका अध्यक्ष पाली शकुंतला प्रधान मंडल अध्यक्ष नीतू सिंह, राधा तिवारी, पुष्पेंद्र सिंह रघुवंशी, शैलेंद्र कुमार द्विवेदी, कार्यालय मंत्री विनय मिश्रा, नीरज चांदनी, पंकज तिवारी, नम्रता यादव, पूजा बैगा मनीष सिंह सहित भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की है।

# शिक्षा विभाग के लघु निर्माण में 4.37 करोड़ का घोटाला , 7 और सरकारी स्कूलों के प्राचार्यों सहित 14 लोगों पर गिरी गाज

**समाज जागरण**

मैहर। जिले के रामनगर विकासखंड में सामने आए 4 करोड़ 37 लाख रुपये के लघु निर्माण घोटाले ने शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जांच में बिना निर्माण कार्य कराए ही करोड़ों रुपये के भुगतान की पुष्टि होने के बाद प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। इसी कड़ी में रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने एक साथ 7 प्राचार्यों को निलंबित कर दिया। इसके साथ ही अब तक इस घोटाले में कुल 14 अधिकारी-कर्मचारियों पर कार्रवाई हो चुकी है, जबकि तीनों निर्माण फर्मों पर एफआईआर दर्ज होने की प्रक्रिया अंतिम चरण में बताई जा रही है।

**एक आदेश, सात निलंबन, रामनगर लगभग प्राचार्य विहीन:**

शनिवार को जारी आदेश में जिन प्राचार्यों को निलंबित किया गया है, उन्होंने नियमों को ताक पर रखकर




बिना कार्य पूर्ण कराए लाखों रुपये का भुगतान कर दिया। निलंबित प्राचार्यों में 7 नाम शामिल हैं। लगातार हो रही कार्रवाई से रामनगर विकासखंड के कई स्कूलों में प्रशासनिक व्यवस्था चरमरा गई है।

**हाई स्कूल गोविंदपुर: 22,60,303 रुपये (प्राचार्य मथुरा प्रसाद वर्मा)**

हायर सेकेंडरी गोरसरी: 24,10,448 रुपये (प्राचार्य गुलजार सिंह टेकाम) हायर सेकेंडरी देवराजनगर: 24,10,376 रुपये (प्राचार्य राम लखन रावत) गुलबार गुजारा: 22,79,991 रुपये (प्राचार्य शिवलाल बैस) हायर सेकेंडरी हर्रई: 21,53,950 रुपये (प्राचार्य सियंबर सिंह) हायर सेकेंडरी देवदहा: 24,10,367 रुपये (प्राचार्य लक्ष्मण शुक्ला)

**कलेक्टर के प्रस्ताव पर हुई बड़ी कार्रवाई:**

मैहर कलेक्टर ने 2 फरवरी को लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल को विस्तृत जांच प्रतिवेदन भेजते हुए कार्रवाई का प्रस्ताव रखा था। उल्लेखनीय है कि 1 सितंबर 2025 को विभिन्न विद्यालयों में लघु निर्माण, पार्किंग शेड और अन्य संरचनात्मक कार्यों के लिए राशि स्वीकृत की गई थी। यह राशि विद्यालयों की एमएमडीसी को इस शर्त पर दी गई थी कि सभी शासकीय नियमों का पालन होगा लेकिन जमीनी हकीकत में काम शून्य, भुगतान पूरा रहा।

**सुलखमा से शुरू हुआ निलंबन का सिलसिला:**

घोटाले पर कार्रवाई की शुरूआत शासकीय हाई स्कूल सुलखमा से हुई, जहां प्रभारी प्राचार्य रामलाल साकेत को निलंबित किया गया। इसके बाद सांदीपनि विद्यालय रामनगर के चपरासी विनोद पटेल, बीईओ और प्राचार्य मिरगौती संतोष कुमार सिंह, मनकहरी, छिरहाई और मझटोलवा के प्राचार्य, बड़वार, सागौनी और मड़वार के प्राचार्य पर एक के बाद एक गाज गिरती चली गई।

**किस स्कूल से किस फर्म को कितनी रकम, पूरी लिस्ट उजागर:**

जांच में सामने आया कि अधिकतर भुगतान वाणी इंफ्रास्ट्रक्चर, भोपाल, श्री महाकाल ट्रेडर्स, सतना और श्री रुद्र इंटरप्राइजेज, मैहर को किए गए। कई विद्यालयों से 23 से 24 लाख रुपये तक की राशि एक ही पैटर्न में जारी की गई, जिससे पूर्व नियोजित घोटाले की आशंका और गहरी हो गई है।

**केंद्राध्यक्ष पद से भी हटाए गए आरोपी प्राचार्य:**

घोटाले में लिप्त प्राचार्यों को केंद्राध्यक्ष और सहायक केंद्राध्यक्ष के दायित्व से भी हटा दिया गया है। वहीं, देवरा मोलहाई की प्रभारी प्राचार्य रजनी पुरवार को जांच के दौरान बिना सूचना अनुपस्थित पाए जाने पर जिला पंचायत सीईओ ने निलंबित कर दिया।

# मध्यप्रदेश में नागौद के बाद सीधी जिले में भाजपा नेता ने महिला को सरेआम पीटा

**समाज जागरण विजय तिवारी**

सीधी।सीधी जिले के ग्राम-बहरी में मानवता को शर्मसार करने वाली एक घटना सामने आई है। यहाँ सिहावल विधानसभा क्षेत्र के ग्राम-बहरी में भाजपा नेता संतोष द्वारा एक महिला के साथ सरेआम बेरहमी से मारपीट का मामला उजागर हुआ है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिससे विपक्षी दलों और स्थानीय लोगों में गहरा आक्रोश है।

इस मामले में प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग की जा रही है। यह घटना महिला सुरक्षा और कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाती है।

# मैकेनिकल इंजीनियर बना सफल 'मत्स्य उद्यमी'

**समाज जागरण**

कटनी ।विकासखंड कटनी के ग्राम खिरेहनी (झलवारा) के रहने वाले सुधीर चंद्राकर ने मैकेनिकल इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री प्राप्त करने के बाद नौकरी के पीछे भागने के बजाय मछली पालन कर सफलता की नई इबारत लिख दी है।

37 वर्षीय सुधीर चंद्राकर हमेशा से कृषि क्षेत्र में कुछ नया और विशेष करना चाहते थे। उन्होंने मछली पालन को एक आधुनिक व्यवसाय के रूप में देखा और मत्स्योद्योग विभाग, कटनी से संपर्क किया। विभाग के मार्गदर्शन में उन्हें प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना की जानकारी मिली, जो उनके लिए टर्निंग पॉइंट साबित हुई।

सुधीर ने योजनांतर्गत वर्ष 2023-24 में अपनी 0.10 हेक्टेयर भूमि पर बायोफ्लोक तकनीक से तालाब का निर्माण किया और 'पंगेशियस' मछली का पालन शुरू किया। पहली यूनिट से ही उन्होंने लगभग 2500 किलोग्राम मछली का उत्पादन किया। इससे उन्हें 2.50 लाख रुपये की कुल आय हुई, जिसमें से 1.50 लाख रुपये का शुद्ध मुनाफा सीधे उनके हाथ में आया। पहली यूनिट की सफलता से उत्साहित होकर सुधीर ने वर्ष 2024-25 में एक और यूनिट की शुरूआत की। अब उनके पास कुल 2 यूनिट हैं। इससे वे सालाना लगभग 10 मीट्रिक टन मछली उत्पादन कर रहे हैं, जिससे उन्हें लगभग 8.40 लाख रुपये की शुद्ध वार्षिक आय हो रही है। सुधीर बताते हैं कि परंपरागत खेती की तुलना में मछली पालन व्यवसाय में कम जोखिम और अधिक आय है। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना ने मुझे आत्मनिर्भर बनाया। आज मैं अपनी जमीन पर न केवल खुद अच्छी आय कमा रहा हूँ, बल्कि स्थानीय मछुआरों को तालाब से ही मछली विक्रय और लेबर के रूप में रोजगार के नए अवसर भी दे रहा हूँ।

# एसईसीएल जमुना-कोतमा में तानाशाही का आरोप, क्वार्टर सर्वे की आड़ में अवैध वसूली और डराने-धमकाने का गंभीर मामला उजागर

**समाज जागरण जमुना–कोतमा**

दक्षिण पूर्व कोलफील्ड्स लिमिटेड एसईसीएल के जमुना-कोतमा क्षेत्र में प्रबंधन की कार्यप्रणाली एक बार फिर कठघरे में है माइनर्स कॉलोनी, जमुना टाउनशिप निवासी वरिष्ठ पूर्व कर्मचारी जगन्नाथ प्रसाद गर्ग द्वारा लगाए गए गंभीर आरोपों के बाद अब मामला और व्यापक रूप लेता जा रहा है आरोप है कि संपदा अधिकारी एवं जी.एम. ऑपरेशन अजय कुमार सिंह के निर्देशों पर क्वार्टर सर्वे के नाम पर लोगों से आधार कार्ड और मोबाइल नंबर लिए जा रहे हैं और फिर उनके अधीनस्थ कर्मचारियों द्वारा फोन कर क्वार्टर खाली कराने की धमकी देते हुए मनमानी वसूली की जा रही है

स्थानीय लोगों का कहना है कि मोबाइल नंबर लेकर कर्मचारियों द्वारा यह कहा जाता है कि जिस दिन से क्वार्टर में रह रहे हो, उस दिन से आज तक का चार्ज देना पड़ेगा, नहीं तो क्वार्टर खाली करा लिया जाएगा डर और दबाव में जो लोग पैसा दे देते हैं, उन्हें एक तरह का आवेदन या राहत दी जाती है, जबकि पैसा न देने वालों को बार-बार नोटिस, सिक्योरिटी भेज कर और अन्य कानूनी डर दिखाकर क्वार्टर खाली कराने का दबाव बनाया जा रहा है यह पूरा मामला निष्पक्ष जांच का विषय बताया जा रहा है

**नगर पालिका उपाध्यक्ष की चेतावनी, 15 दिन में वसूली नहीं रुकी तो बृहद आंदोलन**

इस पूरे मामले पर नगर पालिका परिषद पसान के उपाध्यक्ष अजय ताराचंद यादव ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि यदि 15 दिवस के भीतर क्वार्टर खाली कराने के नाम पर चल रही वसूली बंद नहीं की गई, तो जमुनाझकोतमा क्षेत्र के समस्त कोयलांचलवासी बृहद आंदोलन और धरना-प्रदर्शन करेंगे उन्होंने स्पष्ट कहा कि इसकी समस्त जवाबदारी कलारी प्रबंधन की होगी

यादव ने संपदा अधिकारी और उनके अधीन कर्मचारियों पर अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए सवाल उठाया कि जब वसूली का कोई प्रावधान नहीं है, तो लोगों के आधार कार्ड और मोबाइल नंबर किस आदेश के तहत लिए जा रहे हैं? उन्होंने कहा कि किसी भी नियम या आदेश में यह नहीं लिखा है कि कथित अवैध रूप से रह रहे व्यक्ति का आधार और मोबाइल अनिवार्य रूप से लिया जाए उन्होंने इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग लोकप्रिय महाप्रबंधक प्रभाकर राम त्रिपाठी, विजिलेंस बिलासपुर, कोल इंडिया लिमिटेड तथा कंपनी के शीर्ष स्तर तक भेजी है माइनर्स कॉलोनी निवासी वरिष्ठ पूर्व कर्मचारी जगन्नाथ प्रसाद गर्ग ने आरोप लगाया है कि उनका मामला वर्ष 2014 से मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय में लंबित है। कंपनी के नियम 25.3 के अनुसार न्यायालयीन प्रकरण लंबित रहने तक आवास सुरक्षा का प्रावधान है, इसके बावजूद बिना पूर्व सूचना के उनके क्वार्टर का बिजली और पानी कनेक्शन काट दिया गया पीड़ित के अनुसार, 30 जनवरी 2026 को वे अपने पुत्र के साथ बिजली-पानी की समस्या और नोटिस के संबंध में संपदा अधिकारी के कार्यालय पहुंचे, जहां न तो उनकी बात सुनी गई और न ही कोई वैधानिक समाधान दिया गया आरोप है कि अधिकारी द्वारा ऊंची आवाज में डांटते हुए पिता-पुत्र का अपमान किया गया और उन्हें कार्यालय से बाहर कर दिया गया एक वरिष्ठ नागरिक का अपने पुत्र के सामने इस प्रकार अपमान किया जाना निंदनीय और अमानवीय बताया जा रहा है गर्ग का कहना है कि बिजलीझपानी काटना न केवल मानवीय संवेदनाओं के विरुद्ध है, बल्कि यह न्यायालय की अवमानना की श्रेणी में भी आता है उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि मानसिक तनाव या मूलभूत सुविधाओं के अभाव में परिवार को किसी प्रकार की क्षति होती है, तो इसकी जिम्मेदारी एसईसीएल प्रबंधन और संबंधित अधिकारियों की होगी

**सूचना के अधिकार में भी अनियमितता का आरोप**

पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया है कि सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत मांगी गई जानकारी में सही तथ्य नहीं दिए गए और रिकॉर्ड में छेड़छाड़ की शिकायत उच्च अधिकारियों से की गई है। उनका दावा है कि इसी जांच से बचने के लिए उन पर दबाव बनाने के हथकंडे अपनाए जा रहे हैं

**यूनियनों में रोष, आंदोलन की चेतावनी**

मामले के उजागर होने के बाद ट्रेड यूनियनों में भारी रोष है यूनियन नेताओं का कहना है कि यदि शीघ्र ही बिजलीझपानी बहाल नहीं किया गया और अवैध वसूली व धमकी देने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलनात्मक कदम उठाए जाएंगे जमुना-कोतमा क्षेत्र में यह पूरा मामला अब केवल एक व्यक्ति तक सीमित न रहकर सैकड़ों क्वार्टरधारकों की समस्या के रूप में सामने आ रहा है, जिस पर प्रशासन और कंपनी प्रबंधन की त्वरित व पारदर्शी कार्रवाई की मांग तेज होती जा रही है

# हिन्दू स्वयंसेवक संघ थाईलैंड के लगातार छठे वर्ष प्रचार प्रमुख बने ज़िम्मी मिश्रा

**समाज जागरण अमलाई**

हिन्दू स्वयंसेवक संघ थाईलैंड ने आज वर्ष प्रतिपदा उत्सव जिसमें कार्यकर्ता दायित्व एवं विभागीय विस्तार हेतु नई नियुक्तिया संघ चालक नवीन शर्मा द्वारा की गयी जिसमें फिर से थाईलैंड कार्यकारिणी में जिम्मी मिश्रा को प्रचार प्रमुख का दायित्व दिया गया प्रचार प्रमुख



कदायित्व पाने के बाद कई मित्रों द्वारा दूरभाष पर और कई मित्रों द्वारा भेंट करते हुए बधाई दी गई जिसमे शरद मिश्रा , रिंकु सिंह , धन्नजय सिंह सत्येंद्र सिंह रमेश यादव, कपिल राय , मोहन पांडेय , बबलू तिवारी , मनोज यादव , रवि यादव , विनोद यादव पंकज पांडेय आदि के नाम शामिल है।

# प्रधानमंत्री ने मलेशिया में प्रवासी भारतीयों के प्रमुख सदस्यों के साथ संवाद किया

प्रधानमंत्री ने आज मलेशिया में भारतीय प्रवासियों के प्रमुख सदस्यों और नेताओं के साथ संवाद किया। इन गणमान्य व्यक्तियों में मंत्री, सीनेटर, सांसद और आजाद हिंद फौज (इंडियन नेशनल आर्मी-आईएनए) के वेटरन शामिल थे। इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख व्यक्तियों में शामिल थे: मिनिस्टर ऑफ डिजिटल तुआन गोबिंद सिंह देव, मानव संसाधन मंत्री दातो श्री रमणन रामकृष्णन, डिप्टी मिनिस्टर इन प्राइम मिनिस्टर डिपार्टमेंट एम. कुलसेगरन, डिप्टी मिनिस्टर ऑफ नेशनल यूनिटी आर. युनेस्वरन एवं अन्य। प्रधानमंत्री ने मलेशिया की प्रगति और विकास में तथा भारत-मलेशिया संबंधों को सुदृढ़ करने में भारतीय प्रवासियों के महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डाला। भारतीय मूल के नेताओं ने दोनों देशों के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी के निर्माण में प्रधानमंत्री के नेतृत्व और भारत-मलेशिया संबंधों को आगे बढ़ाने की दिशा में की गई पहलों के प्रति अपनी गहरी प्रशंसा व्यक्त की। उन्होंने भारत के परिवर्तनकारी बदलाव के लिए प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण और विभिन्न योजनाओं की भी सराहना की।

भारतीय मूल के नेताओं ने मलेशिया में भारतीय समुदाय के कल्याण के लिए उठाए गए कदमों हेतु प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया, जिनमें शामिल हैं: (i) मलेशिया में भारत का पहला वाणिज्य दूतावास खोलने का निर्णय; (ii) यूनिवर्सिटी मलाया में तिरुवल्लुवर सेंटर स्थापित करने की घोषणा; (iii) तिरुवल्लुवर स्कॉलरशिप की शुरूआत; (iv) मलेशिया में रहने वाले छठी (6वीं) पीढ़ी के भारतीय मूल के लोगों के लिए ओसीआई कार्ड का विस्तार; और (v) मलेशियाई भारतीय छात्रों के लाभ के लिए इंडियन स्कॉलरशिप ट्रस्ट फंड (आईएसटीएफ) में 3 मिलियनमलेशियाई रिंगिट (आरएम) की अतिरिक्त सहायता राशि प्रदान करना।

प्रधानमंत्री ने आजाद हिंद फौज (इंडियन नेशनल आर्मी-आईएनए) की बालक सेना के वयोवृद्ध सदस्य दातो जयराज राजा राव और नेताजी वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष श्री राधाकृष्णन से भी मुलाकात की। उन्होंने आईएनए और उसके सैनिकों के अविस्मरणीय साहस और बलिदान की गहरी सराहना की। उन्होंने एक सशक्त और आधुनिक भारत के निर्माण के नेताजी के विजन के प्रति भारत सरकार की प्रतिबद्धता को भी दोहराया।

# भारत का क्वांटम भविष्य अमरावती से शुरू हो रहा है क्योंकि नेशनल क्वांटम मिशन राज्य को एक रणनीतिक स्प्रिंगबोर्ड के रूप में स्थापित कर रहा है: डॉ. जितेंद्र सिंह

अमरावती क्वांटम सेंटर की आधारशिला रखी गई; भारत 6,000 करोड़ रुपये के राष्ट्रीय क्वांटम मिशन के साथ चुनिंदा देशों में शामिल; अमरावती प्रक्षेपण ने भारत की विश्व स्तरीय क्वांटम आकांक्षा को सुदृढ़ किया: डॉ. जितेंद्र सिंह भारत का लक्ष्य 1,000 क्यूबिट और 2,000 किमी का क्वांटम संचार नेटवर्क स्थापित करना है; क्वांटम तकनीक रक्षा, साइबर सुरक्षा और स्वास्थ्य सेवा में क्रांति लाएगी: डॉ. जितेंद्र सिंह 17 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों के 43 संस्थानों में फैला राष्ट्रीय क्वांटम मिशन, सरकार और राष्ट्र के समग्र ढांचे के अंतर्गत अमरावती क्वांटम वैली को शक्ति प्रदान करता है विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पृथ्वी विज्ञान और प्रधानमंत्री कार्यालय, कार्मिक, लोक शिकायत, पेंशन, परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने आज आंध्र प्रदेश के अमरावती में अमरावती क्वांटम वैली के शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए घोषणा की कि यह केवल एक इमारत की आधारशिला नहीं है, बल्कि भारत के क्वांटम भविष्य की आधारशिला है। क्वांटम प्रौद्योगिकी को एक विकल्प के बजाय एक रणनीतिक आवश्यकता बताते हुए, मंत्री महोदय ने कहा कि यदि भारत आने वाले दशकों में अपनी संचार प्रणालियों, रक्षा वास्तुकला, स्वास्थ्य सेवा नवाचार और वैश्विक तकनीकी स्थिति को सुरक्षित करना चाहता है तो उसके पास इस क्षेत्र में नेतृत्व करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। अमरावती क्वांटम वैली के शिलान्यास समारोह में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री एन. चंद्रबाबू नायडू, सूचना प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रॉनिक्स और शिक्षा राज्य मंत्री श्री नारा लोकेश, भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार प्रो. अजय कुमार सूद, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव प्रो. अभय करंदीकर, आईआईटी मद्रास के निदेशक प्रो. वी. कामाकोटी, डॉ. अमित सिंघी (आईबीएम रिसर्च इंडिया), डॉ. हैरिक विन (टीसीएस), श्री एम.वी. सतीश (एल एंड टी) सहित वरिष्ठ उद्योग जगत के नेता, वरिष्ठ राज्य अधिकारी, संकाय सदस्य और छात्र उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में शिलान्यास पट्टिका का अनावरण, अमरावती क्वांटम वैली लोगो का अनावरण, आईबीएम और टीसीएस क्वांटम क्लाउड सेवाओं का शुभारंभ, आईबीएम-टीसीएस क्वांटम इनोवेशन सेंटर की स्थापना, क्वांटम टैलेंट हब की घोषणा, एसआरएम विश्वविद्यालय द्वारा क्वांटम रेफरेंस फैसिलिटी, क्वांटम-सेफ एप्लीकेशन्स पहल और नौ उद्योग भागीदारों के साथ कई समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान शामिल था

# देश भर में सरपट दौड़ेगी भारत टैक्सी, क्या ओला, उबर और रैपिडो को दे पाएगी कड़ी टक्कर

## सहकार टैक्सी कोऑपरेटिव को दुनिया की ऐसी पहली राष्ट्रीय मोबिलिटी सेवा कहा जा रहा है जहां स्वामित्व ड्राइवरों के पास है

**समाज जागरण**

सहकारिता मंत्रालय ने आज राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और गुजरात के कुछ हिस्सों में ऐप आधारित टैक्सी सेवा ह्यभारत टैक्सीह्ल की औपचारिक शुरूआत की। यह शून्य कमीशन वाली सेवा ओला, उबर और रैपिडो जैसी राइड-हेलिंग कंपनियों से मुकाबले के लिए पूरी तरह तैयार है। केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि इस प्लेटफॉर्म को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है। इसने दिल्ली एनसीआर में ही कार, ऑटो रिक्शा एवं बाइक के लिए 2.5 लाख से अधिक ड्राइवरों और 8.5 लाख से अधिक ग्राहकों को जोड़ा है।

सहकार टैक्सी कोऑपरेटिव को दुनिया की ऐसी पहली राष्ट्रीय मोबिलिटी सेवा कहा जा रहा है जहां स्वामित्व ड्राइवरों के पास है। इसकी शुरूआत पिछले साल दिसंबर में की गई थी।

शाह ने कहा कि तीन साल के भीतर देश के विभिन्न हिस्सों में इसका विस्तार किया जाएगा। उन्होंने कहा, ह्यअगले तीन वर्षों में भारत टैक्सी सेवा का विस्तार कश्मीर से कन्याकुमारी और द्वारका से कामाख्या तक पूरे देश में किया जाएगा।ह्ल उन्होंने कहा कि यहां प्लेटफॉर्म शुल्क, सर्ज शुल्क या अन्य छिपा हुआ शुल्क जैसा कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं होगा।

मंत्री ने कहा, ह्यइस सहकारी टैक्सी सेवा की शुरूआत करते हुए मैंने कहा था कि हमें नहीं मालूम कि यह कितनी बड़ी होगी। मगर आने वाले वर्षों में इसका विस्तार पूरे देश में किया जाएगा जिससे टैक्सी ड्राइवरों को फायदा होगा। मैंने स्पष्ट किया था कि सरकार टैक्सी क्षेत्र में उतर नहीं रही है बल्कि यह एक सहकारी पहल है जहां खुद टैक्सी ड्राइवर मालिक हैं। इस सहकारी टैक्सी से जुड़े हर ड्राइवर का इसमें स्वामित्व होगा और यह उनके कल्याण के लिए काम करेगा।

मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, अब तक लगभग 10 करोड़ रुपये सीधे तौर पर ड्राइवरों को वितरित किए गए हैं और इस प्लेटफॉर्म पर रोजाना 10,000 से अधिक राइड पूरी की जा रही हैं। दूसरी ओर राइड-हेलिंग प्लेटफॉर्म रैपिडो ने पिछले साल कहा था कि वह अपनी मोटरबाइक, ऑटो रिक्शा और कार सेवाओं के लिए रोजाना 43 लाख राइड दर्ज कर रही है जो ओला के मुकाबले तिगुना और उबर के मुकाबले करीब 40 फीसदी अधिक है। गूगल प्ले स्टोर पर ओला, उबर और रैपिडो में हरेक 10 करोड़ से अधिक डाउनलोड थे, जबकि भारत टैक्सी के अब तक 5 लाख से अधिक डाउनलोड हो चुके हैं।




ओला, उबर, रैपिडो और भारत टैक्सी के किराये की तुलना करने से पता चला कि कई जगहों (जैसे दिल्ली में आईटीओ से द्वारका और आईटीओ से सेक्टर 52) के लिए दोपहिया और तिपहिया वाहनों के मामले में भारत टैक्सी के किराये अधिक थे।

उदाहरण के लिए, आईटीओ से द्वारका के बीच, ओला पर बाइक का किराया 289 रुपये, रैपिडो पर 235 रुपये, उबर पर 231 रुपये और भारत टैक्सी पर 266 रुपये था। इसके लिए ऑटो का किराया भारत टैक्सी पर 425 रुपये, ओला पर 367 रुपये, उबर पर 334 रुपये और रैपिडो पर 401 रुपये था।

आईटीओ और नोएडा सेक्टर 52 के मेट्रो स्टेशन के बीच कैब सेवा बुक करते समय किराया अन्य प्लेटफॉर्म के मुकाबले न तो बहुत अधिक और न ही कम था। ओला पर किराया 462 से 481 रुपये, रैपिडो पर 466 से 538 रुपये, उबर पर 537 रुपये और भारत टैक्सी पर 501 रुपये किराया दिखा।

भारत टैक्सी का मोबाइल ऐप्लिकेशन ड्राइवरों और ग्राहकों के लिए अन्य प्लेटफॉर्म की ही तरह इनऐप ग्राहक सपोर्ट सुविधा प्रदान करेगा। साथ ही मुनाफा सीधे तौर पर ड्राइवरों को हस्तांतरित किया जाएगा। इससे मूल्य निर्धारण को पारदर्शी बनाए रखने में मदद मिलेगी और दोनों पक्षों यानी ड्राइवरों और ग्राहकों की चिंताओं को सुने बिना कोई खाता बंद नहीं किया जाएगा।

इस बीच, भारत टैक्सी के ड्राइवरों को सारथी कहा जाता है। वे सहकारी समिति के सदस्य और सह-मालिक भी हैं। हर ड्राइवर के पास शेयर हैं और वे नेतृत्व का चुनाव करते हैं। यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए भारत टैक्सी के पास ह्यसारथी दीदीह्ल भी हैं जहां पहले से ही 150 महिला ड्राइवर मौजूद हैं।

इस कार्यक्रम के तहत महिला ग्राहकों के पास महिला ड्राइवरों द्वारा संचालित राइड चुनने का विकल्प होगा। इसके अलावा ड्राइवर गिग कर्मियों के लिए उपलब्ध सरकारी योजनाओं का भी लाभ उठा सकेंगे। इसमें 5 लाख रुपये का व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा कवर और 5 लाख रुपये का पारिवारिक स्वास्थ्य बीमा कवर शामिल हैं। इस बीच, कैब एग्रीगेटर यूनियनों ने इस पहल का स्वागत किया है।

इंडियन फेडरेशन ऑफ ऐप-बेस्ड ट्रांसपोर्ट वर्कर्स (आईएफएटी) और तेलंगाना गिग ऐंड प्लेटफॉर्म वर्कर्स यूनियन (टीजीपीडब्ल्यूयू) के शेख सलाउद्दीन ने कहा, ह्यहम भारत टैक्सी का राइड-हेलिंग सेवाओं में शोषण वाले कमीशन आधारित मॉडल को समाप्त करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम के तौर पर पुरजोर स्वागत करते हैं। पहली बार ड्राइवरों को गिग श्रमिकों के तौर पर नहीं बल्कि मालिक के रूप में पहचान मिल रही है। इस सहकारी मॉडल में सम्मान बहाल करने, उचित आय सुनिश्चित करने और परिवहन श्रमिकों को लंबे समय से प्रतीक्षित सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने की क्षमता है।

भारत टैक्सी मल्टीस्टेट कोऑपरेटिव सोसाइटीज ऐक्ट, 2002 के तहत पंजीकृत देश का पहला सहकारी राइड-हेलिंग प्लेटफॉर्म है। इसकी स्थापना 6 जून 2025 को हुई थी। भारत टैक्सी एक सहकारी मॉडल है और इसलिए ड्राइवर प्रति राइड कमीशन के बजाय एक निश्चित ऐक्सेस शुल्क का भुगतान करते हैं। इसमें सर्ज प्राइसिंग ढांचा नहीं होगा।

मोबिलिटी प्लेटफॉर्मों ने भी इस पहल का स्वागत किया है। रैपिडो के एक बयान में भारत टैक्सी का स्वागत किया गया है और इसे जनता के लिए उपलब्ध मोबिलिटी विकल्पों में अन्य के तौर पर बताया गया है। एक व्यक्ति ने बताया उबर कई प्रकार की सेवाएं प्रदान करती है। वह अपनी प्रौद्योगिकी से लैस सपोर्ट सिस्टम, ग्राहक सेवा और शिकायक निपटान के साथ खुद को दूसरों से अलग करती है।

भारत टैक्सी ऐप तत्काल राइड बुकिंग सेवाओं के अलावा उपयोगकताओं को मेट्रो टिकट और रेंटल और इंटरसिटी राइड बुक करने की भी अनुमति दे रहा है।

# जमीन से आमदनी बढ़ाने की कवायद में LIC, मुनाफा 17% बढ़कर 12,958 करोड़ रहा

**समाज जागरण**

देश के कई महंगे इलाकों में एलआईसी की जमीनें हैं। बहरहाल कंपनी इन संपत्तियों को बेचकर धन जुटाने पर विचार नहीं कर रही है

सरकारी जीवन बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) अपनी रियल एस्टेट संपत्तियों से कमाई करने की कवायद में है, जिससे कंपनी के पॉलिसीधारकों को बेहतर रिटर्न दिया जा सके। देश के कई महंगे इलाकों में एलआईसी की जमीनें हैं। बहरहाल कंपनी इन संपत्तियों को बेचकर धन जुटाने पर विचार नहीं कर रही है।




कंपनी के एमडी और सीईओ आर दोराईस्वामी ने गुरुवार को कहा, ह्यहम अपनी रियल एस्टेट पोर्टफोलियो से लाभ उठाना चाहते हैं, जिनसे हमें बेहतरीन मुनाफा मिल सके।ह्ल एलआईसी की जमीनों का बाजार भाव 45,000 करोड़ रुपये से अधिक है। प्रबंधन ने कहा कि संपत्ति के इस्तेमाल और कार्यप्रणाली से इस भूमि का बाजार मूल्य बदलता रहता है।

उन्होंने आगे कहा, हमारे पास प्रबंधन के लिए बड़ा रियल एस्टेट पोर्टफोलियो है। हम इन संपत्तियों के इस तरह से प्रबंधन करने पर विचार कर रहे हैं, जिससे हमारा मुनाफा बढ़ सके और उनसे बेहतर कमाई हो सके, ताकि पॉलिसीधारकों को बेहतर मुनाफा मिल सके।

बहरहाल एलआईसी प्रबंधन ने यह साफ नहीं किया है कि वह इन संपत्तियों से मुनाफा कैसे कमाएंगे और उनकी योजना क्या है, लेकिन कहा कि रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (आरईआईटी) एक विकल्प है, जिस पर वह विचार करेंगे।

दोराईस्वामी ने कहा, हम अपनी संपत्तियों के बेहतर प्रबंधन पर विचार कर रहे हैं ताकि हमें उनसे सर्वोत्तम रिटर्न मिल सके। इसमें अतिरिक्त स्थान की पहचान करना या बनाना, बेहतर किराये वाले स्थानों को किराये पर देना शामिल है। भूमि धारिता के साथ संपत्तियों से बेहतर मुनाफा सुनिश्चित करने पर विचार किया जा रहा है, जिससे ग्राहकों को इसका सर्वोत्तम लाभ मिल सके।

**एलआईसी का लाभ बढ़ा**

एलआईसी का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 17 प्रतिशत बढ़कर 12,958 करोड़ रुपये रहा। एलआईसी ने पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की इसी तिमाही में 11,056 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।

एलआईसी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि इस तिमाही के दौरान बीमा कंपनी की शुद्ध प्रीमियम आय बढ़कर 1,25,613 करोड़ रुपये हो गई जो एक साल पहले 2024-25 की इसी तिमाही में 1,06,891 करोड़ रुपये थी।

कुल आय भी दिसंबर तिमाही में बढ़कर 2,33,984 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले इसी तिमाही में 2,01,994 करोड़ रुपये थी। एलआईसी का नए कारोबार से प्रीमियम चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 10,605 करोड़ रुपये रहा जो एक साल पहले इसी तिमाही में 7,285 करोड़ रुपये था।

# EPFO इक्विटी निवेश में लाएगा डायवर्सिफिकेशन, नए सेक्टर और स्टाइल इंडेक्स में भी कदम रखने का विचार

**समाज जागरण**

ईपीएफओ की निवेश समिति (आईसी) 31 लाख करोड़ रुपये का प्रबंधन करती है। उम्मीद की जा रही है कि 10 फरवरी को होने जा रही बैठक में उपलब्ध विकल्पों पर विचार किया जाएगा

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने इक्विटी निवेश पोर्टफोलियो में विविधता लाने की कवायद कर रहा है। संगठन अब बेंचमार्क एनएसई निफ्टी और बीएसई सेंसेक्स इंडेक्स से जुड़े एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) से इतर सेक्टर और स्टाइल आधारित इंडेक्स में कदम रख सकता है।




ईपीएफओ की निवेश समिति (आईसी) 31 लाख करोड़ रुपये का प्रबंधन करती है। उम्मीद की जा रही है कि 10 फरवरी को होने जा रही बैठक में उपलब्ध विकल्पों पर विचार किया जाएगा। इस मामले से जुड़े सूत्रों का कहना है कि समिति उभरते हुए क्षेत्रों जैसे रेयर अर्थ, रेलवे, और रक्षा क्षेत्र में निवेश करने की व्यावहारिकता पर भी विचार करेगी।

समिति की दिसंबर 2025 में हुई पिछली बैठक में क्रिसिल को ईएसजी (पर्यावरण, सामाजिक और प्रशासन) का इस्तेमाल कर निवेश की संभावनाओं का विश्लेषण प्रस्तुत करने को कहा गया था। 31 दिसंबर, 2025 तक ईपीएफओ के कुल पोर्टफोलियो का 10.57 प्रतिशत इक्विटी में निवेश किया गया हैं।

यह पहली बार नहीं हो रहा है, जब औपचारिक क्षेत्र में नौकरी करने वाले लोगों की सेवानिवृत्ति बचत के प्रबंधक शेयर बाजार के दो सूचकांकों से इतर निवेश करने पर विचार करने जा रहे हैं। इस तरह की कवायद 2016 में भी की गई थी, लेकिन वह मूर्त रूप नहीं ले सकी। उस समय ईपीएफओ द्वारा गठित विशेषज्ञों की समिति ने बीएसई और एनएसई नेक्स्ट 50 सूचकांकों के साथ बीएसई मिडकैप सेलेक्ट इंडेक्स में निवेश का सुझाव दिया था।

समिति में एलआईसी व नैशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सिक्योरिटीज मार्केट के प्रतिनिधि भी शामिल थे। ताजा पहल नवंबर 2024 में शुरू हुई, जब समिति ने ईपीएफओ के सलाहकार क्रिसिल से विविधीकरण के विकल्पों का नए सिरे से अध्ययन करने को कहा था। सलाहकार को विभिन्न सूचकांकों के बाजार आकार और उनके उतार-चढ़ाव के स्तर के साथ जोखिम समायोजित रिटर्न प्रोफाइल का विश्लेषण करने को कहा गया है।

क्रिसिल ने ईपीएफओ के इक्विटी में निवेश के विविधीकरण के लिए संभावित सेक्टरल और फैक्टरल इंडेक्स की एक सूची प्रस्तुत की है। उल्लिखित कुछ सेक्टरल इंडेक्स में बैंकिंग और वित्तीय सेवाएं, सूचना प्रौद्योगिकी, वैश्विक इंडेक्स और एफएमसीजी जैसे क्षेत्र हैं जबकि फैक्टरल इंडेक्स में रक्षा, आईपीओ, रेलवे और सेवाएं शामिल हैं।

क्रिसिल ने अध्ययन में निफ्टी ईवी व न्यू एज ऑटोमोटिव टीआरआई, निफ्टी इंडिया डिफेंस टीआरआई और निफ्टी 100 ईएसजी सेक्टर लीडर्स टीआरआई को शामिल किया। क्रिसिल ने पांच सूचकांक की भी पहचान की है।

# कृषि के लिए नहीं खोला गया बाजार, बोले कृषि मंत्री चौहान किसानों के हित सुरक्षित

**समाज जागरण**

उन्होंने कहा कि बाजरा सहित मुख्य अनाजों, मुख्य फलों, डेरी उत्पाद सहित सभी सुरक्षित है और समझौते के तहत कोई प्रमुख कृषि उत्पाद भारत नहीं आएगा केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के तहत किसी भी प्रमुख फसल के लिए बाजार नहीं खोला गया है। उन्होंने कहा कि बाजरा सहित मुख्य अनाजों, मुख्य फलों, डेरी उत्पाद सहित सभी सुरक्षित है और समझौते के तहत कोई प्रमुख कृषि उत्पाद भारत नहीं आएगा।



चौहान ने मीडिया के कुछ चुनिंदा लोगों के साथ बातचीत में कहा, किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए यह समझौता राष्ट्र हित में किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार के लिए किसानों के हित सर्वोपरि हैं, जिन्हें पूरी तरह सुरक्षित किया गया है। विपक्षी दल कांग्रेस ने आरोप लगाए हैं कि भारत-अमेरिका समझौते में किसानों के हितों से समझौता किया गया है, इस पर चौहान का कहना है कि विपक्ष हताश और मानसिक रूप से परेशान है।

चौहान ने कहा, वे जमीनी स्तर पर मुकाबला नहीं कर सकते। एक के बाद एक हार की वजह से नाउम्मीदी, निराशा और हताशा से भरे हुए हैं। इसकी वजह से वे अंधे होकर विरोध कर रहे हैं। वे झूठ बोलने की मशीन और अफवाह फैलाने के बाजार बन चुके हैं। वे अफवाहें फैलाकर अराजकता का माहौल बनाना चाहते हैं।

चौहान ने कहा कि यह समझौता चावल आदि जैसी फसलों के लिए नए अवसर पैदा करेगा। उन्होंने कहा, ह्यशुल्क में कमी से हमारे निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। चावल, मसाले, टेक्सटाइल का निर्यात बढ़ेगा। जब टेक्सटाइल का निर्यात बढ़ेगा, तो कपास किसानों को फायदा होगा। यह समझौता पूरी तरह से भारत के किसानों के हित में है।

अमेरिकी वित्त मंत्री के ट्वीट से उठी आशंकाओं पर कि अब अधिक अमेरिकी कृषि उत्पाद भारत भेजे जाएंगे, चौहान ने कहा कि वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने संसद में अपने बयान में स्थिति स्पष्ट कर दी है।

उन्होंने कहा, ह्यदेश के कृषि मंत्री के रूप में मैं एक बार फिर दोहराता हूं कि भारतीय किसानों के हित पूरी तरह से सुरक्षित हैं। चाहे हमारे छोटे किसान हों या बड़े किसान, हमारे सभी प्राथमिक कृषि उत्पाद सुरक्षित रहेंगे। इस तरह की किसी भी चीज के लिए बाजार नहीं खोला गया है।

# सरकारी बैंकों का मुनाफा बढ़ा, मजबूत ट्रेजरी यील्ड ने नेट इंटरेस्ट इनकम की कमी पूरी की

**समाज जागरण**

बैंकों ने आईपीओ में भागीदारी, करेंसी स्वैप की खरीद/बिक्री में कमीशन और ओपन मार्केट ऑपरेशंस में बोलियां खरीदने के अलावा अन्य से यह लाभ दर्ज किया

सरकारी बैंकों की लाभप्रदता को मौजूदा वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में मजबूत कोषागार आय से समर्थन मिला है। इससे शुद्ध ब्याज आय की वृद्धि की सुस्ती की भरपाई करने में मदद मिली है। सरकारी बॉन्ड की यील्ड बढ़ने के बावजूद बैंक कोषागार लाभ दर्ज करने में सक्षम थे। बैंकों ने आईपीओ में भागीदारी, करेंसी स्वैप की खरीद/बिक्री में कमीशन और ओपन मार्केट ऑपरेशंस में बोलियां खरीदने के अलावा अन्य से यह लाभ दर्ज किया।




इस तिमाही में ऋण वृद्धि का विस्तार हुआ, लेकिन जमा में धीमी वृद्धि ने एनआईआई वृद्धि को सीमित कर दिया। नीतिगत रीपो दर में 125 आधार अंक की संचयी कटौती के बावजूद शुद्ध ब्याज मार्जिन दबाव में रहा था।

इक्रा के सेक्टर हेड-फाइनैंशियल सेक्टर रेटिंग्स वाइस प्रेसिडेंट सचिन सचदेवा ने कहा, वित्त वर्ष 26 की दूसरी तिमाही - वित्त वर्ष 26 की तीसरी तिमाही में बॉन्ड यील्ड में वृद्धि को देखते हुए सीमित ट्रेडिंग अवसर या मार्क-टू-मार्केट लाभ देखने को मिले। कुछ सरकारी बैंकों में विभिन्न कारणों से ट्रेडिंग लाभ देखने को मिला। जैसे केनरा बैंक को केनरा रोबेको और केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस के आईपीओ के दौरान हिस्सेदारी की बिक्री के कारण उच्च ट्रेडिंग आय हुई।

केनरा बैंक की कोषागार आय में सालाना आधार पर लगभग 150 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 3,056 करोड़ रुपये हो गई। इसके तहत निवेश की बिक्री पर लाभ 174 प्रतिशत बढ़कर 2,590 करोड़ रुपये हो गया।

उन्होंने कहा, कुछ बैंकों ने आरबीआई के ओपन मार्केट ऑपरेशन (ओएमओ) खरीद नीलामी के तहत अपने हेल्ड-टू-मैच्योरिटी (एचटीएम) पोर्टफोलियो में रखी प्रतिभूतियों को बेचकर मामूली लाभ भी दर्ज किया।

भारतीय रिजर्व बैंक के नीतिगत दरों में 25 आधार अंक की कटौती और नकदी को आसान बनाने के उद्देश्य से बड़े ओपन मार्केट ऑपरेशंस (ओएमओ) की घोषणा के बावजूद दिसंबर में सरकारी बॉन्ड की यील्ड में मजबूती आई। इस तिमाही में 10 वर्षीय सरकारी बॉन्ड की बेंचमार्क यील्ड मामूली रूप से 2 आधार अंक बढ़ गई थी।

# भारत-जीसीसी मुक्त व्यापार समझौते की दिशा में बड़ी प्रगति, FTA वार्ता के लिए शर्तों पर हुआ करार

**समाज जागरण**

यह समझौता वार्ता को फिर से शुरू करने की घोषणा के तीन साल के बाद हुआ है। टीओआर एफटीए के दायरे और तौर-तरीकों को परिभाषित करता है

भारत और खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के देशों ने प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की संदर्भ की शर्तों (टीओआर) पर गुरुवार को हस्ताक्षर किए। यह समझौता वार्ता को फिर से शुरू करने की घोषणा के तीन साल के बाद हुआ है। टीओआर एफटीए के दायरे और तौर-तरीकों को परिभाषित करता है।



जीसीसी क्षेत्रीय, अंतर सरकारी राजनीतिक आर्थिक संघ है। इस संघ में छह देश बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) शामिल हैं। यदि यह सौदा अपना अंतिम रूप प्राप्त कर लेता है तो पश्चिम एशिया के साथ भारत के आर्थिक व रणनीतिक संबंधों को मजबूत होंगे।

भारत और जीसीसी ने 21 साल से भी पहले एफटीए की संभावना तलाशने के लिए आर्थिक सहयोग पर समझौता किया था।

इसके बाद वर्ष 2006 और वर्ष 2008 में दो दौर की बातचीत हुई थी। दो दौर की वार्ता के बाद आर्थिक संघ ने सभी देशों और समूहों समूहों के साथ अपनी बातचीत स्थगित कर दी थी। फिर नवंबर 2022 में भारत और जीसीसी देशों ने एफटीए वार्ता को फिर से शुरू करने के इरादे की घोषणा की थी। हालांकि, संदर्भ की शर्तों पर असहमति के कारण वार्ता शुरू होने में देरी हुई।

वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि प्रस्तावित व्यापार समझौता वैश्विक भलाई के लिए बड़ा मददगार होगा और दोनों पक्षों के लिए पूर्वानुमान व स्थिरता लाएगा। एफटीए वस्तुओं और सेवाओं के निर्बाध प्रवाह को भी सक्षम करेगा। यह नौकरी के अवसरों का विस्तार करेगा और क्षेत्र के लिए भोजन व ऊर्जा सुरक्षा को बढ़ावा देते हुए निवेश आकर्षित करेगा।

गोयल ने कहा, ह्यप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 6 राष्ट्र जीसीसी (बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात) के साथ हमारे संबंध रणनीतिक साझेदारी में बदल गए हैं और वे नई व बड़ी ऊंचाइयों की ओर हैं।

# किशनगंज पहुंचे राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, दीक्षांत समारोह में छात्रों को दिया प्रेरणादायी संदेश

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान रविवार को किशनगंज के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने तौहीद एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा संचालित इमाम बुखारी यूनिवर्सिटी के 31वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया और छात्र-छात्राओं को जीवन में सफलता, अनुशासन एवं सामाजिक दायित्वों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया।

राज्यपाल शनिवार की संध्या अररिया होते हुए किशनगंज पहुंचे थे, जहां उन्होंने बीएसएफ गेस्ट हाउस में रात्रि विश्राम किया। रविवार सुबह कड़े सुरक्षा प्रबंधों के बीच वे माता गुजरी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज (एमजीएम) पहुंचे, जहां उद्योग सह पथ निर्माण मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया।

इसके पश्चात राज्यपाल इमाम बुखारी यूनिवर्सिटी परिसर पहुंचे। वहां आयोजित दीक्षांत समारोह को




संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा समाज को सशक्त बनाने का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति राष्ट्र की रीढ़ होती है और विद्यार्थियों को ज्ञान के साथ-साथ नैतिक मूल्यों एवं अनुशासन को भी अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए।

राज्यपाल ने कहा कि आज के विद्यार्थी ही भविष्य के नेतृत्वकर्ता हैं, इसलिए उन्हें समाज और देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से निरंतर सीखने, सकारात्मक सोच अपनाने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।

इस अवसर पर बिहार सरकार के मंत्री अशोक चौधरी, उद्योग सह पथ निर्माण मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल, किशनगंज विधायक कमरुल हूदा सहित कई जनप्रतिनिधि, शिक्षाविद एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। राज्यपाल के आगमन को लेकर जिले में सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। प्रशासन की सतर्कता के बीच कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।

राज्यपाल का यह दौरा सीमांचल क्षेत्र में उच्च शिक्षा को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है।

# विधायक कमरुल हूदा ने सड़क निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

किशनगंज विधानसभा क्षेत्र के विधायक कमरुल हूदा द्वारा एमएमजीएसवाई अवशेष योजना के अंतर्गत बेलवा पोठिया प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना मार्ग से रमजानी अली की दुकान होते हुए हारूपोखर मुस्लिम टोला प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना मार्ग तक सड़क निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया गया।



शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक कमरुल हूदा ने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए सुदृढ़ और सुचारु सड़क व्यवस्था अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस सड़क के निर्माण से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी, साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य एवं व्यापार से जुड़ी गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। विधायक ने संवेदक को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सड़क निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सड़क केवल बनाने से उद्देश्य पूरा नहीं होता, बल्कि उसका टिकाऊ और मानकों के अनुरूप होना जरूरी है, ताकि वह कई वर्षों तक उपयोगी रहे। उन्होंने स्थानीय लोगों से भी अपील की कि वे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर निगरानी रखें, जिससे सरकारी राशि का दुरुपयोग न हो। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, कांग्रेस पार्टी के कार्यकताओं एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने सड़क निर्माण कार्य के शुभारंभ पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

ग्रामीणों ने कहा कि लंबे समय से इस सड़क की आवश्यकता महसू

# नबीनगर में जिला पदाधिकारी ने फार्मर रजिस्ट्री अभियान का किया निरीक्षण

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) औरंगाबाद के जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने नबीनगर प्रखंड के पंचायत सरकार भवन, चंद्रगढ़ में चल रहे फार्मर आईडी कार्ड निर्माण एवं रजिस्ट्री कार्य का स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने शिविर में उपलब्ध तकनीकी व्यवस्था, रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया और किसानों की सहभागिता की जानकारी प्राप्त की।जिला पदाधिकारी ने उपस्थित कर्मियों को निर्देश दिया कि किसानों का पंजीकरण कार्य तेजी और गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए, ताकि किसी भी पात्र किसान की फार्मर रजिस्ट्री लंबित न रहे। उन्होंने अंचल अधिकारी, नबीनगर को निर्देशित किया कि निर्धारित लक्ष्य की शत-प्रतिशत प्राप्ति के लिए मिशन मोड में कार्य करते हुए




समयबद्ध रूप से फार्मर रजिस्ट्री का कार्य पूरा कराया जाए। गौरतलब है कि फॉर्मर रजिस्ट्री किसान की डिजिटल पहचान अभियान के तहत जिले के सभी प्रखंड के पंचायत स्तरीय सरकारी भवनों में शिविर का नियमित आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार और राजस्व कर्मियों की उपस्थिति में किसानों का फॉर्मर रजिस्ट्री की प्रक्रिया किया जा रहा है। मौके पर एसडीओ संतन कुमार सिंह, जिला जन संपर्क पदाधिकारी रितेश कुमार यादव, डीआरडीए निदेशक अनुपम कुमार, जिला आपदा पदाधिकारी अंतरा कुमारी सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

# पटना के पालीगंज में बिधायक ने किया तीन सड़को का शिलान्यास

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के पालीगंज प्रखण्ड सह अनुमंडल क्षेत्र में तीन प्रमुख नई सड़कों के निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास स्थानीय बिधायक डॉ. संदीप सौरभ द्वारा किया गया। जिससे वर्षों से उपेक्षित ग्रामीण इलाकों में आवागमन की समस्या के समाधान की ठोस शुरूआत हुई है। इस पहल को क्षेत्रीय विकास के लिए एक अहम कदम माना जा रहा है। जिन सड़कों के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया, उनमें नदहरी से बेलवन तक, चंढोस मठिया से रेगनियाडीह तक तथा कुरकुरी नहर से लखन टोला तक की सड़कें शामिल हैं। इन सड़कों के निर्माण से गांवों का आपसी संपर्क सुदृढ़ होगा और लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि तथा रोजमर्रा के कार्यों में आवागमन की बेहतर सुविधा मिलेगी। सड़क



निर्माण कार्य शुरू होने से क्षेत्र के ग्रामीणों में खासा उत्साह और उम्मीद देखने को मिल रही है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क केवल ईंट-गिट्टी का ढांचा नहीं होती, बल्कि यह गांवों को विकास से जोड़ने वाली जीवनरेखा होती है। उनके अनुसार अब बच्चों का स्कूल पहुँचना आसान होगा, मरीजों को समय पर इलाज मिलेगा और किसानों को अपनी उपज बाजार तक ले जाने में सहूलियत होगी। पालीगंज विधानसभा क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और हर गांव तक विकास पहुँचाने की प्रतिबद्धता के तहत यह पहल की गई है। आने वाले समय में ये सड़कें क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास को नई गति देंगी और ग्रामीण जीवन में ठोस बदलाव का आधार बनेंगी।

# कुटुंबा थाना क्षेत्र में आर्म्स एक्ट के मामले में एक अभियुक्त गिरफ्तार भेजा गया जेल

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

कुटुंबा ( बिहार) औरंगाबाद जिले के कुटुंबा थाना क्षेत्र में थाना कांड




संख्या 26/26 के तहत एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।गिरफ्तार अभियुक्त राजेन्द्र राम ग्राम संडा बाला टोला निवासी थाना कुटुंबा जिला औरंगाबाद है। मामले में थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि उक्त अभियुक्त पर कुटुंबा थाना में मामला दर्ज था जिसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# नबीनगर थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई, कार से 302 लीटर देशी शराब जब्त

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार)नवीनगर थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के शंकरपुर नहर के पास से एक कार में लदे 302 लीटर देशी शराब को जब्त किया है। पुलिस



ने गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की।थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि शराब की एक बड़ी खेप आने वाली है जिसपर पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाया।इस दौरान पुलिस को देख शराब तस्कर गाड़ी छोड़कर भाग निकले।वही गाड़ी की तलाशी के दौरान 302 लीटर देशी शराब बरामद किया गया।थानाध्यक्ष ने बताया कि शराब और गाड़ी को जप्त कर थाना लाया गया है और मामले में अग्रतर कारवाई की जा रही है।उन्होंने बताया कि अवैध शराब का सेवन ,भंडारण,निर्माण एवं परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए नबीनगर थाना पुलिस सदैव तत्पर है।

# डॉक्टर एवं स्टाफ की अभद्र टिप्पणी पर भड़के विकास कुमार, अस्पताल प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोला

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**

जमशेदपुर (झारखंड) 08 फरवरी 2026: जमशेदपुर एमजीएम अस्पताल में उस समय हंगामा खड़ा हो गया जब एनेस्थीसिया विभाग के एक डॉक्टर द्वारा मरीज के परिजनों के प्रति अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया गया। आरोप है कि डॉक्टर ने प्रखर समाजसेवी विकास कुमार के साथ बातचीत के दौरान अमर्यादित व्यवहार किया जिससे आहत होकर विकास कुमार ने डॉक्टर के इस दुर्व्यवहार के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराया।

**क्या है पूरा मामला:**

विकास कुमार ने बताया कि वे कपाली निवासी राजा खान जिसकी सड़क दुर्घटना में बाएं पैर की हड्डी तीन टुकड़े में टूट गई आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण परिजनों ने जदयू नेता एवं प्रखर समाजसेवी से मदद की गुहार लगाई स्टील रॉड एवं अन्य सामग्री का भुगतान विकास ने अपने निजी खर्चों से वहन कर उपचार के संबंध में डॉक्टर से परामर्श ले रहे थे। इसी दौरान एनेस्थीसिया डॉक्टर ने संवेदनशीलता की सभी हदें पार करते हुए अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया। विकास कुमार ने इस व्यवहार को केवल अपना अपमान नहीं, बल्कि पूरे समाज और मरीजों के सम्मान के खिलाफ बताया।

**विकास कुमार का कड़ा रुख:**

डॉक्टर की इस हरकत पर चुप बैठने के बजाय विकास कुमार ने





अस्पताल परिसर में ही इसका कड़ा विरोध किया और अस्पताल प्रशासन से लिखित माफी व कार्रवाई की मांग की। उन्होंने स्पष्ट किया कि चिकित्सा जैसा पवित्र पेशा गाली-गलौज या अपमान के लिए नहीं है। विकास कुमार ने चेतावनी दी है कि यदि डॉक्टर के खिलाफ सख्त विभागीय कार्रवाई नहीं की गई, तो वे इस मामले को स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों तक ले जाएंगे।

**अस्पताल प्रशासन की चुप्पी:**

इस घटना के बाद अस्पताल परिसर में काफी देर तक तनाव का माहौल बना रहा। हालांकि अस्पताल प्रशासन ने मामले को शांत कराने की कोशिश की, लेकिन विकास कुमार अपनी मांगों पर अड़े रहे। स्थानीय नागरिकों ने भी विकास कुमार के इस साहसी कदम का समर्थन किया है। मामला सामने आने के बाद अस्पताल अधीक्षक डॉ. नकुल प्रसाद चौधरी ने ऑपरेशन करने वाले डॉक्टर वी. चंद्रा से फोन पर बात कर जल्द ऑपरेशन कराने का निर्देश दिया। अधीक्षक ने यह भी स्वीकार किया कि अस्पताल के पास पर्याप्त फंड नहीं है, इसी कारण मरीजों से कुछ सामग्री मंगाई जा रही है। हालांकि, इसके बावजूद अवैध वसूली के आरोपों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

अधीक्षक के निर्देश के बाद जब परिजन और पत्रकार ऑपरेशन थिएटर पहुंचे तो वहां होम गार्ड द्वारा उन्हें हटाने की कोशिश की गई। आरोप है कि इसके बाद अस्पताल कर्मचारियों और नर्सों ने खुलेआम धमकाना शुरू कर दिया और कहा कि अस्पताल में पानी, ब्लड और अन्य संसाधनों की कमी है, इसलिए ऑपरेशन संभव नहीं है। पहले ब्लड लाने के लिए कहा गया, फिर ऑपरेशन की तारीख आगे बढ़ा दी गई।

परिजनों का आरोप है कि पहले शुक्रवार को ऑपरेशन की बात कही गई थी फिर तारीख बढ़ाकर बुधवार को कर दिया गया इससे साफ होता है कि मरीज को जानबूझकर मानसिक और शारीरिक रूप से परेशान किया जा रहा है।

यह पूरा मामला सरकारी अस्पतालों में मुफ्त इलाज के नाम पर मरीजों से अवैध वसूली और उन्हें परेशान करने की गंभीर तस्वीर पेश करता है। सवाल यह उठता है कि जब गरीब और असहाय मरीज इलाज के लिए सरकारी अस्पतालों पर निर्भर हैं, तब ऐसी संवेदनहीनता और भ्रष्टाचार पर आखिर कब कार्रवाई होगी।

# पप्पू यादव के समर्थको पर सरकारी कार्य में बाधा डालने को लेकर प्राथमिकी

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ पुलिस ने सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने व अन्य आरोपों में सांसद पप्पू यादव के समर्थकों के खिलाफ केस दर्ज किया है। इससे ऐसा लगता है की सांसद पप्पू यादव को कुछ और दिन न्यायिक हिरासत में रहना पड़ेगा ।

एक जमाने में पप्पू यादव की दबंगता सिर चढ़कर बोलता था। क्या मजाल की कोई विरोध में बोले या विरोध में खड़ा हो। कुछ ऐसे ही संबंधित मामला पटना के बुद्धाकोलनी में दर्ज था। कोर्ट से वारंट निर्गत होने के बाद भी सांसद पप्पू यादव को गिरफ्तार करना चुनौती बना हुआ था। न्यायालय ने सांसद पप्पू यादव के खिलाफ कुर्की वारंट जारी किया था। पप्पू यादव के गिरफ़्तारी के पूर्व कुर्की जब्ती को लेकर अखबार में खबरें प्रकाशित हुई थी। कुर्की जब्ती को लेकर सांसद पप्पू यादव को न्यायालय में आत्मसमर्पण करना चाहिए था या फिर अग्रिम जमानत याचिका दाखिल करना चाहिए था। परंतु ऐसा नहीं कर पटना स्थित निजी आवास पहुंचे और समर्थकों के साथ बैठक कर रहें थे।

सांसद पप्पू यादव का शुक्रवार को पटना में होने की जानकारी को लेकर न्यायालय के आदेश पर जारी कुर्की- वारंट पर पटना पुलिस गिरफ्तार करने पहुंची। वायरल वीडियो में स्पष्ट दिखाई दे रहा है की इंस्पेक्टर दीपक कुमार सांसद पप्पू यादव से आग्रह कर रहे हैं की कोर्ट का आदेश है साथ चलना होगा। लेकिन पप्पू यादव यह कहते हुए सुने जा रहे हैं की रात्रि में मैं किसी हालत में पुलिस के साथ नहीं जाउंगा चाहे जो हो जाएं। सांसद पप्पू यादव के समर्थक पुलिस से उलझ गये, कार्रवाई में बाधा उत्पन्न का वीडियो पुलिस के वरीय अधिकारियों तक पहुंचा। सिटी एसपी पश्चिमी भानू प्रताप सिंह देर रात भारी पुलिस बल के साथ पप्पू यादव को गिरफ्तार करने पहुंचे। सांसद पप्पू यादव के समर्थकों व मौजूद मीडियाकर्मियों को आरोप के बारे में बताया गया। इसके बावजूद धक्का मुक्की की स्थिति बन गयी आखिरकार पुलिस ने सांसद पप्पू यादव को देर रात गिरफ्तार कर लिया। जो पप्पू यादव मीडिया में दहाड़ रहे थे अचानक पुलिस कार्रवाई के बाद बीमार पड़ गये और पीएमसीएच पहुंच गए। पटना पुलिस ने सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने को लेकर सांसद पप्पू यादव के समर्थकों के खिलाफ बुद्धाकोलनी में केस दर्ज किया है। वायरल वीडियो में दिख रहे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।

# मधुप मनोहर बने पुनः संयोजन हुआ जे पी एस एस का चुनाव संपन्न।

**समाज जागरण । मिंटू कुमार हजारीबाग।**

झारखंड प्राइवेट स्कूल संगठन का सांगठनिक विस्तार करते हुए संगठन के जिला अध्यक्ष मधुसूदन प्रसाद मेहता और जिला सचिव आमिर अल्ताफ ने बताया कि आज- 8 फरवरी 2026 को हजारीबाग के जी एम इंटर कालेज में संगठन के विस्तार के लिए बैठक में हजारीबाग जिला के



सदस्यों की सहमति पर संगठन के विस्तार करते हुए मधुप मनोहर को पुनः संयोजक बनाया गया । मनोज कुमार राय एवं परवेज आलम को सह संयोजक,सोहेलअहमद नूर को कोषाध्यक्ष प्रेम कुमार गुप्ता को जिला उपाध्यक्ष सर्व सम्मति से बनाया गया । इस मौके पर संगठन के कोर कमिटि सदस्य प्रभु दयाल कुशवाहा, मकसीर आलम , छोटेलाल साव , चेतलाल प्रजापति,बालेश्वर साव ,अभिषेक मेहता सहित कई सदस्य और पदाधिकारी मौजूद थे। संगठन के अध्यक्ष मधुसूदन मेहता ने कहा संगठन का दूसरा विस्तार शीघ्र किया जाएगा।

# विधायक सविता महतो समेत पांच विधायक बने कोल्हान विश्वविद्यालय सीनेट के सदस्य

**समाज जागरण, संवाददाता, बिकाश**

झारखंड विधानसभा सचिवालय के पत्र संख्या 01/स्था-44/2020-91/वि0स्था दिनांक 20 जनवरी 2026 के आलोक में कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा की सीनेट में झारखंड विधानसभा के माननीय सदस्यों का नामांकन अधिसूचित किया गया है। जारी अधिसूचना के अनुसार कोल्हान विश्वविद्यालय की सीनेट के लिए छह विधायकों मंझगांव विधायक निरल पूर्ति (एसटी), ईचागढ़ विधायक सविता



महतो (ओबीसी), जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी (एससी), चक्रधरपुर विधायक सुखराम उरांव, जगन्नाथपुर विधायक सोनाराम सिंकु, घाटशिला विधायक सोमेश चंद्र सोरेन को नामित किया गया है।अधिसूचना में कहा गया है कि नामित सदस्यों का कार्यकाल झारखंड राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 2000 (अनुकूलित) में निहित प्रावधानों के अनुसार तथा समय-समय पर किए गए संशोधनों के अनुरूप होगा। विश्वविद्यालय प्रशासन एवं शिक्षा जगत से जुड़े लोगों ने इस नामांकन को कोल्हान विश्वविद्यालय के शैक्षणिक एवं प्रशासनिक विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया है।

# श्री श्री नवाह्न परायण महायज्ञ के शुभारंभ कलश स्थापना कर किया गया

**समाज जागरण, संवाददाता, बिकाश**

ईचागढ़: चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के कुकड़ू प्रखंड अंतर्गत पारगामा में प्राचीनकालीन शिव मन्दिर प्रागंण में कलश स्थापना कर नो दिवसीय श्री श्री नवाह्न परायण महायज्ञ का शुभारंभ किया गया।

इस महायज्ञ का आयोजन प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी शिव रात्री के उपलक्ष्य में महायज्ञ आयोजन स्थल से कलश यात्रा निकाल कर दूधी जुड़िया से पवित्र जल लेकर कलश स्थापित किया गया।

कलश यात्रा के दौरान पूरा क्षेत्र वैदिक मंत्रोच्चारण एवं धार्मिक नारों से गुंजायमान हुआ

श्री श्री नवाह्न परायण महायज्ञ शुभारंभ कलश स्थापना के साथ किया गया,यह महायज्ञ का आयोजन पिछले पांच दशक से किया जा रहा है।

सोमवार को नवाह्न परायण महायज के जागरण रात्रि एवं मंगलवार को नवाह्न परायण महायज पूर्णाहुति एवं कलस बिसर्जन किया जाएगा।

यज्ञ में घृतढाली एवं व्यास आसान पर अरून पाण्डे एवं विजय पाण्डे



द्वारा किया जाएगा

प्रवचनकर्ता के रूप में संजय पाण्डे,हेमन्त दुवे ,सुधीर दास, दयाल दास,अतित मुखार्जी , भबानन्द दास एवं गायक , गायिका रूप में शिला देवी, दिनबन्धु दास, तरनी दास शामिल हे

इस दौरान सोलोआना कमिटी के राकेश रंजन महतो ने बताया महायज्ञ का आयोजन प्रत्येक वर्ष धूमधाम एवं से श्रद्धापूर्वक मनाते आए हे,ग्रामीणों के सफल सहयोग से तकरीबन पांच दशक से अधिक समय से सफल आयोजन हो रहा हे।

मौके पर पारगामा पंचायत के मुखिया लालू माझी,पंचायत समिति सदस्य बुधनी सिंह मुंडा,उप मुखिया महेंद्रनाथ महतो, ग्राम प्रधान भरत चंद्र महतो, पूर्व पंचायत समिति सदस्य मनोरंजन सिंह,राकेश रंजन महतो, अनादि कुमार महतो, साहेबराम महतो, राजाराम महतो, परीक्षित महतो, शंशाकर महतो, युधिष्ठिर महतो सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

# चकला पंचायत में धान खरीद में अनियमितता, पैक्स अध्यक्ष पर किसानों के शोषण का आरोप

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

किशनगंज प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत चकला में पैक्स (प्राथमिक कृषि साख समिति) के माध्यम से हो रही धान खरीद में गंभीर अनियमितताओं का मामला सामने आया है। किसानों का आरोप है कि पैक्स द्वारा सरकार के तय न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की खुलेआम अनदेखी की जा रही है और किसानों की मजबूरी का फायदा उठाकर धान की खरीद कम दर पर की जा रही है।

ग्राम पंचायत चकला के किसान सफी आलम ने बताया कि उन्होंने पैक्स में 6 क्विंटल 48 किलोग्राम धान बेचा था, जिसके बदले उन्हें मात्र 12,000 का भुगतान किया गया। जबकि सरकार द्वारा धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2369 प्रति क्विंटल निर्धारित है, उन्हें केवल 1875 प्रति क्विंटल की दर से भुगतान किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि पैक्स



में धान बेचने के बाद भुगतान समय पर नहीं किया जाता, जिससे किसानों को गंभीर आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

वहीं चकला पंचायत के वार्ड संख्या-07 के किसान मोहम्मद कलाम ने बताया कि पैक्स अध्यक्ष द्वारा उनसे 2100 प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदने की बात कही गई थी और पैक्स में धान भी लिया गया, लेकिन इसके बावजूद अब तक उन्हें केवल आधा भुगतान ही किया गया है। कई महीने बीत जाने के बाद भी शेष राशि नहीं मिल पाने से उनकी आर्थिक स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। किसानों का कहना है कि पैक्स में कभी कम दर बताई जाती है तो कभी अधिक, लेकिन वास्तविक भुगतान हमेशा तय दर से कम ही किया जाता है। सरकार द्वारा घोषित 2369 प्रति क्विंटल की दर किसी भी किसान को नहीं दी जा रही है और न ही भुगतान की कोई निश्चित समय-सीमा का पालन हो रहा है। इससे निराश होकर कई किसान बिचौलियों और खुले बाजार में धान बेचने को मजबूर हो रहे हैं।

किसानों ने बताया कि इस तरह की अनियमितताओं के कारण वे आर्थिक रूप से कमजोर होते जा रहे हैं और उन्हें सरकारी योजनाओं का वास्तविक लाभ नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन एवं सहकारिता विभाग से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि किसानों को उनका हक मिल सके।

# काम किया है काम करेंगे, सबका हम सम्मान करेंगे: मालती देवी

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 08 फरवरी 2026: दिनांक 8 फरवरी 2026 दिन रविवार पार्षद पद की प्रत्याशी वार्ड संख्या 32 से आदित्यपुर नगर निगम चुनाव 2026 के लिए मालती देवी ने चुनाव निशान बेबी वॉकर के साथ जनसंपर्क अभियान की शुरूआत की। अपने समर्थकों के साथ घर-घर जाकर लोगों से



अपने पक्ष में वोट मांगी। अपने किए गए कार्य के बारे में लोगों को बताया और सभी से आग्रह किया कि काम किया है काम करेंगे, सबका हम सम्मान करेंगे। लोगों ने भी उन्हें सराहा और भारी मतों से विजयी बनाने के लिए आम जनता ने आश्वासन दिया।

# नगर निगम चुनाव को लेकर डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान हुआ तेज

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 08 फरवरी 2026: आदित्यपुर नगर निगम चुनाव के प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित होते ही वार्डों में डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान तेज हो चुका है। वार्ड संख्या 29 से पार्षद पद की प्रत्याशी अर्चना सिंह अपने पति संघ मनमोहन सिंह राजपूत और समर्थकों के साथ घर-घर पहुंच कर जनसंपर्क अभियान चलाया।

इस दौरान उन्होंने अपनी पक्ष में मतदान करने की भावुक अपील की। अर्चना सिंह ने कहा कि दिवंगत सास राजमणि देवी के अधूरे सपनों को



पूरा करने के लिए वह चुनाव मैदान में उतरी हैं। वार्ड के विकास के लिए जो रोड मैप तैयार किया गया था, उसे आगे बढ़ाना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्हें पूरा विश्वास है कि जनता दिवंगत सास राजमणि देवी के पिछले कार्यों को देखते हुए इस बार भी अपना पूर्ण आशीर्वाद देगी। अर्चना सिंह ने मतदाताओं से संवाद करते हुए कहा कि वह वार्ड के विकास के लिए हमेशा तत्पर रहेंगी।

# राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान पहुंचे एमजीएम, अल्पाहार कार्यक्रम में हुए शामिल

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज**

किशनगंज में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान का आगमन हुआ। वे जिले के प्रतिष्ठित माता गुजरी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज (एमजीएम) पहुंचे, जहां कॉलेज प्रबंधन की ओर से आयोजित अल्पाहार कार्यक्रम में उन्होंने शिरकत की। राज्यपाल के आगमन से मेडिकल कॉलेज परिसर में उत्साह और गरिमामय वातावरण देखने को मिला।

इस अवसर पर उद्योग सह पथ निर्माण मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल एवं रजिस्ट्रार इच्छित भारत ने राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल



ने जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं कॉलेज प्रबंधन के सदस्यों से मुलाकात कर उनसे बातचीत की और कॉलेज की गतिविधियों की जानकारी ली।राज्यपाल के आगमन को लेकर जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। मेडिकल कॉलेज परिसर सहित आसपास के क्षेत्रों में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।

राज्यपाल के इस दौरे को जिले के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। उनके आगमन से न केवल मेडिकल कॉलेज, बल्कि पूरे क्षेत्र में सकारात्मक संदेश गया है।